सूर्योदय : 6:02
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 34.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-278 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026
11 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम ने किया भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद

**असम चुनाव**

- कांग्रेस पर किया तीखा हमला, लगाया गंभीर आरोप



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि असम ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उन्होंने असम में 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत संवाद' कार्यक्रम के तहत भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ सरकार ने 12 शांति समझौते किए हैं। यह पहल चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीधे संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों को याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस 'सिर्फ कागजों पर और सुर्खियां बनाने व लोगों को गुमराह करने के लिए समझौते करती थी।' उन्होंने कहा, 'हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था। असम ने लंबे समय तक अस्थिरता झेली, लेकिन पिछले दशक में चीजें बदली हैं। आज हम एक नया आत्मविश्वास देख सकते हैं क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने शांति के लिए हरसंभव प्रयास किया है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को परेशानी झेलनी पड़ी, जिससे वे अशांति की ओर बढ़े। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस शासन के दौरान असम में उग्रवादी और छात्र संगठनों के साथ कोई भी समझौता सफल नहीं हुआ। कांग्रेस ने बोडो मुद्दे के साथ विश्वासघात किया।' उन्होंने कहा कि भाजपा ने शांति स्थापित करने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए काम किया है और शांति समझौतों को वास्तविक तौर पर ईमानदारी से लागू किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि असम में भाजपा-राजग की जीत की हैट्रिक के लिए वे सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं असम भाजपा के कार्यकर्ताओं का स्वागत करता हूं। मैं भी आप की तरह एक कार्यकर्ता हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, मैं उसे निभाता हूं। आज मुझे बूथ स्तर पर आपसे बात करने का अवसर मिला है। मैं जानता हूं कि आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के संकल्प से भरे हुए हैं।' उन्होंने कहा कि पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को कांग्रेस सरकारों के 'कुशासन' के बारे में याद दिलाने और उन्हें सतर्क करने की जरूरत है कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। उन्होंने कहा, 'किसी राज्य के विकास के लिए शांति सबसे जरूरी है।' प्रधानमंत्री ने असम भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राज्य में प्रसारित किए जा रहे एआई से बने वीडियो से लोगों को सावधान करें। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा। असम में 2016 से भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की सरकार है।

## कांग्रेस-द्रमुक परिवारवादी पार्टियां

- रैली में पीएम मोदी बोले- पुदुचेरी के लोग इनको सत्ता में नहीं आने देंगे

**नई दिल्ली।** पुदुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल तेज हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और द्रमुक पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये दोनों पार्टियां जनहित नहीं, बल्कि परिवारवाद की राजनीति करती हैं। उन्होंने दावा किया कि पुदुचेरी की जनता अब ऐसी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी और भाजपा-राजग को ही मौका देगी।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य 'पहले पुदुचेरी, पहले भारत' है, जबकि कांग्रेस-द्रमुक 'पहले परिवार' की सोच पर चलते हैं। उन्होंने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद में कहा कि जनता का गुस्सा इन पार्टियों के खिलाफ साफ दिख रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को यह संदेश देने को कहा।

पीएम मोदी ने साफ कहा कि भाजपा-राजग का एजेंडा विकास और जनहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे हर घर तक पहुंचें और युवाओं को समझाएं कि भाजपा 'पुदुचेरी पहले' की सोच के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का फोकस साफ है। स्थिर सरकार, तेज विकास और बेहतर अवसर। पीएम मोदी ने महिला मतदाताओं पर खास जोर देने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे महिलाओं को आंकड़ों के साथ समझाएं कि पुदुचेरी में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हर मामले की पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच की जाती है। पीएम ने पुदुचेरी के विकास के लिए 'बीईएसटी' मंत्र का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इसका मतलब है–बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म।

### कांग्रेस-द्रमुक पर पीएम का आरोप

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक के बीच आपसी लड़ाई सिर्फ सत्ता और हिस्सेदारी को लेकर है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियां जनता की सेवा नहीं, बल्कि अपने परिवार के हितों को आगे बढ़ाने में लगी रहती हैं। पीएम ने कहा कि पुदुचेरी की जनता इस सच्चाई को समझ चुकी है और उन्हें दोबारा मौका नहीं देगी।

## 69794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनीं सहायिका

- घोषणा के साथ सीएम ने वितरित किया स्मार्ट फोन



**लखनऊ।** प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को स्मार्ट बनाने की दिशा में कदम उठाया है। सोमवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। योजना के तहत सोमवार को प्रदेशभर के 69,794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को स्मार्टफोन दिया गया है। इसके जरिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कामकाज को डिजिटली मजबूत किया जा सकेगा। सीएम योगी ने कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मिशन रोजगार के तहत नियुक्ति पत्र भी सौंपे। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की बेहतरी के लिए कार्य की भी घोषणा की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े कार्यक्रमों की रीढ़ बताया। सीएम ने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से उन्हें डेटा अपडेट करने, योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस पहल के जरिए आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है। इससे बच्चों के पोषण, टीकाकरण और विकास से जुड़ी जानकारी समय पर दर्ज हो सके।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास, नई सुविधाओं और रोजगार से जुड़े अन्य योजनाओं का भी जिक्र किया गया। इस तरह की पहल से महिला सशक्तिकरण और बाल विकास योजनाओं को और गति मिलने की बात कही गई। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ बच्चों को सरकार ने कुपोषित से सुपोषित की श्रेणी में लाने में सफलता पाई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में 69 हजार से अधिक स्मार्टफोन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज वितरित किए गए हैं। इससे कामकाज में अब रियल टाइम अपडेट मिल सकेगा।

### कुर्सी से एक दिन तो जाना ही है : योगी

सीएम योगी ने आरएमएल संस्थान में नवनियुक्त नर्सिंग अफसरों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अंधविश्वास और आस्था को लेकर बड़ी बात कही।सीएम ने कहा कि मेरे कपड़े को देखकर लोग मानते होंगे कि मैं अंधविश्वास को मानता होऊंगा। सीएम योगी ने आगे कहा कि मैं आस्था में विश्वास करता हूं। सबकी आस्था का भी सम्मान करता हूं, लेकिन अंधविश्वास को कतई नहीं मानता। नोएडा का उदाहरण देते हुए सीएम ने कहा कि मुझे बोला गया था कि नोएडा नहीं जाना है। मैंने कहा क्यों? क्या वहां सीएम नहीं जाते? सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैंने सवाल किया, क्या नोएडा यूपी से बाहर है? इसके बाद मुझे बताया गया कि यह मान्यता है, वहां जाएंगे तो सीएम कुर्सी से उतर जाएंगे। हमने कहा कि कुर्सी से एक न एक दिन जाना ही है, तो कुर्सी के मोह में हम क्यों पड़ें? मैं वहां जरूर जाऊंगा और गया भी था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि उस दौरान अंधविश्वास को मानने वाले लोग कौन थे, जो भारत की आस्था पर उंगली उठाते हैं? हमारे लिए संडे हो या मंडे, सब एक जैसे दिन होते हैं।

## टिकट न मिलने पर विद्रोह करने वालों को कड़ी चेतावनी

- ममता बनर्जी ने कहा कि अनुशासन पार्टी का मुख्य स्तंभ



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर चल रही आंतरिक कलह के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विद्रोहियों को कड़ा संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को नारायणगढ़ में एक चुनावी रैली के दौरान कहा, 'पार्टी टिकट न मिलने का मतलब विद्रोह नहीं होना चाहिए। टिकट न मिलने का यह अर्थ नहीं है कि किसी को पार्टी का विरोध करना चाहिए।' ममता बनर्जी ने कहा कि अनुशासन पार्टी का मुख्य स्तंभ है और इससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता। नेताओं को एकजुट रहना चाहिए और जनसेवा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जो लोग जनता से जुड़े रहते हैं और उनके लिए काम करते हैं, उन्हीं के नाम पर टिकट के लिए विचार किया जाएगा। यदि उनका चयन नहीं होता है, तो नाराजगी का कोई कारण नहीं है।

मुख्यमंत्री की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब तृणमूल कांग्रेस द्वारा उम्मीदवारों की सूची घोषित किए जाने के कुछ हफ्तों बाद भी आंतरिक कलह सामने आ रही है। कई निवर्तमान विधायकों ने सार्वजनिक रूप से असंतोष व्यक्त किया है, जिससे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की चिंता बढ़ गई है। इससे पहले कुछ दिन पहले ही पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने विद्रोहियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी थी कि जो लोग आधिकारिक उम्मीदवारों को नुकसान पहुँचायेंगे या पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें 'रेड कार्ड' दिखाकर स्थायी रूप से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने जोर दिया था कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जो हथियार उठाएगा, उसका हिसाब चुकता होगा

- लोकसभा में बोले अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों पर चल रही चर्चा के दौरान सदन को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले मैं रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले पूरे क्षेत्र, जिसमें 12 राज्य और 70 प्रतिशत का भूभाग शामिल थे, उसमें रह रही जनसंख्या की तरफ से सदन को धन्यवाद देना चाहता हूं।

**बस्तर से नक्सलवाद लगभग-लगभग समाप्त :** गृह मंत्री ने कहा कि आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग-लगभग समाप्त हो चुका है। बस्तर के अंदर हर गांव में स्कूल बनाने की मुहिम चली। बस्तर के अंदर हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली। मैं इतना ही पूछना चाहता हूं कि जो लोग कह रहे हैं कि अब तक आदिवासियों का विकास क्यों नहीं हुआ? तो, वो खुद बताएं कि 70 सालों से उन्होंने क्या किया?

अमित शाह ने कहा कि मैं इसलिए कह रहा हूं कि सत्य को झुठलाया जा रहा है। ये बस्तर वाले इसलिए छूट गए थे, क्योंकि वहां लाल आतंक की परछाई थी, इसलिए वहां विकास नहीं पहुंचा। मोदी सरकार में आज वो परछाई हट गई है, और इसलिए आज बस्तर विकास कर रहा है। ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो हथियार उठाएगा, उसका हिसाब चुकता होगा।

**भोले भाले आदिवासियों को दिखा रहे थे स्वप्न :** अमित शाह ने कहा कि इनका (आदिवासी) दर्द, इनकी वेदना, इनकी परेशानी और उनके भविष्य को अंधेरे में घेरने वाली ये व्यवस्था हमारी संसद में उजागर हो और पूरी दुनिया उसको जाने। लेकिन लंबे समय तक उसको मौका नहीं मिला। मुझे इस बात की खुशी है कि देश और हम सबके लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बारे में आज संसद में चर्चा हो रही है। इस थ्योरी का जो प्रचार कर रहे थे वे गलत प्रकार का स्वप्न भोले भाले आदिवासियों को दिखा रहे थे कि हम आपके अधिकार के लिए लड़ रहे हैं।

**नक्सलवाद की वजह विकास का न होना नहीं :** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 60 सालों से देश पर कांग्रेस का शासन रहा, लेकिन इसके बाद भी आदिवासी अब तक विकास से बचे रहे, आखिर ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का मुख्य कारण विकास का न होना नहीं है। वह एक विचारधारा के कारण है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पूरे देश के सामने स्वीकारा था कि देश की सबसे बड़ी समस्या हथियारों से लैस माओवादी हैं। 2014 में शासन परिवर्तन हुआ और पीएम मोदी के शासन काल में कई विकास कार्य हुए।

### 31 मार्च की डेडलाइन थी, मैं घोषणा करता हूं हम नक्सल मुक्त हो गए

**नई दिल्ली।** देश नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में खुद इस बात का ऐलान किया है। सोमवार को नक्सलवाद पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं घोषणा करता हूं कि हम नक्सल मुक्त हो गए हैं। इसके लिए 31 मार्च की डेडलाइन तय की थी। उन्होंने आगे कहा कि नक्सलवाद इस वजह से नहीं था कि कहीं पर विकास नहीं हो पाया, बल्कि यह तो विचारधारा से जुड़ी चीज थी।

## संविधान बचाने के लिए होगा अगला विधानसभा चुनाव

- अखिलेश यादव बोले- भाजपा ने प्रदेश को लूटा



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव देश को बचाने का चुनाव है। यह लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को लूट लिया है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और लूट के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पूरब से पश्चिम तक हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी और लूट है। बजट का पैसा विकास के बजाय भाजपा नेताओं की जेबों में जा रहा है।

अखिलेश सोमवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को 2024 के लोकसभा चुनाव से भी बड़े अंतर से जीतना है। इसके लिए बूथ स्तर पर पूरी ताकत से काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव में भ्रष्ट तरीकों से लोकतंत्र की पवित्रता नष्ट करने की साजिश करती है।

### सिखों ने सुनाई व्यथा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर सोमवार को सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा राज में हो रहे उत्पीड़न की शिकायत की। सिख नेता कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि हरिद्वार स्थित ऐतिहासिक श्री ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा को वर्ष 1984 में हटा दिया गया था। उसे अभी तक बनाने की अनुमति और जगह नहीं दी गई है। प्रतिनिधिमंडल में बाबा जसवीर सिंह, बाबा काला सिंह, कश्मीर सिंह, निर्मलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह आदि शामिल रहे। उधर, अखिलेश यादव से नौजवान चंदन यादव ने भेंट की। चंदन यादव कुशीनगर के निवासी है, जो 23 मार्च से दौड़ते हुए 30 मार्च 2026 को लखनऊ पहुंचे।

## पाक के विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने की पुष्टि

# अमरीका-ईरान के मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान तैयार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमरीका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेज़बानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है। ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को ज़मीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं।

इशाक डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहाँ होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी।

राजनयिकों से मुलाक़ात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुँचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा, 'हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं।' पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं।

डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालाँकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बातचीत करने में बहुत ज़्यादा इच्छा दिखाई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं। जहां एक ओर उन्होंने इस्लामिक गणराज्य के नेतृत्व के साथ बातचीत करने की सक्रिय रूप से अपील की है, वहीं साथ ही उन्होंने अमेरिकी सेना की तरफ से बड़े पैमाने पर बमबारी अभियान की तैयारियों को लेकर चेतावनी भी दी है। यहाँ तक कि उन्होंने ज़मीन पर पूरी तरह से हमला करने की धमकी भी दी है। सैन्य शक्ति प्रदर्शन को और बढ़ाते हुए, अमेरिका ने इस क्षेत्र में हज़ारों अतिरिक्त सैनिक और एक पूरा नया नौसैनिक हमला समूह भेजा है।

### मिडिल ईस्ट युद्ध में आठ भारतीयों की गई जान

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र में 'विभिन्न घटनाओं' में आठ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है, जबकि एक अभी भी लापता है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (खाड़ी), असीम आर महाजन ने यह भी कहा, 'कल कुवैत में एक हमले में दुर्भाग्यवश एक भारतीय नागरिक की जान चली गई।' हालांकि, उन्होंने इस मौत के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

## 13 जिलों के एसपी के साथ 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सोमवार को 13 जिलों के पुलिस कप्तान समेत 27 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त शशांक सिंह को महोबा का एसपी, विश्वजीत श्रीवास्तव को बहराइच का एसपी और निपुण अग्रवाल को मुरादाबाद की नौवीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। बहराइच के एसपी रामनयन सिंह को नोएडा स्थित 49वीं वाहिनी भेजा गया है। इसके अलावा आईजी ट्रेनिंग चंद्र प्रकाश को सुरक्षा शाखा भेजा गया है।

इसके अलावा शाहजहांपुर के एसपी राजेश द्विवेदी को अलीगढ़ स्थित 38वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। एटा के एसपी श्याम नारायण सिंह को एसडीआरएफ भेजा गया है। महोबा के एसपी प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस मुख्यालय में एसपी अपराध बनाया गया है। रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्रा को सीतापुर स्थित 11वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। कौशांबी के एसपी राजेश कुमार द्वितीय को मेरठ की 44वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। चंदौली के एसपी आदित्य लांग्हे को फिरोजाबाद का एसपी बनाया गया है।

## लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित

- विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किये गये



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोक सभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिये गये हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किये गये हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किये गये हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जायेगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।

### डूबा पैसा निकालने के प्रतिशत में हुई बढ़ोतरी

निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2016 में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता कानून लाये जाने के बाद से जो संकटग्रस्त कंपनियों का समाधान प्रक्रिया से गुजरी हैं, वे बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बीमार कंपनियों से बैंकों का डूबा पैसा निकालने के प्रतिशत में बहुत बढ़ोतरी हो गयी है और अब यह 52 प्रतिशत तक पहुंच गया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1105 केसों की जांच की, जिसमें 64920 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर 150 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी है।

# स्मार्टफोन, फर्नीचर-प्री-स्कूल किट से सुसज्जित केंद्र, बच्चो, महिलाओं के पोषण में मिलेगी नई जान



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कई अहम पहल की गईं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ भारत प्रसाद ने किया जनपदीय कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं 345 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 613 केंद्रों को फर्नीचर व प्री-स्कूल किट प्रदान की गई। इसके साथ ही 16 परियोजना कार्यालयों को आधार कार्ड पंजीकरण मशीन भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से जिले में नवनिर्मित 66 आंगनबाड़ी भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि, डीपीओ भारत प्रसाद व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े कार्यक्रमों की रीढ़ हैं। स्मार्टफोन मिलने से उन्हें डेटा अपडेट करने, योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाने में आसानी होगी। सरकार का उद्देश्य इस पहल के जरिए आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है, ताकि बच्चों के पोषण, टीकाकरण और विकास से जुड़ी जानकारी समय पर दर्ज हो सके डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नव चयनित सभी आंगनवाड़ी सहायिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके कंधों पर बच्चों और महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाई जाए।डीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता न केवल बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की रीढ़ हैं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक सेवाएं पहुँचाने में उनकी भूमिका अहम है।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं को समय पर लागू करने में आपकी सक्रिय भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निर्णायक साबित होगी।

## अब अधिक टोल चुकाना पड़ेगा दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-30 पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-30 पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को अब अधिक टोल चुकाना पड़ेगा। 1 अप्रैल से टोल शुल्क में करीब 5 से 10 रुपए तक की बढ़ोतरी लागू की जा रही है। इस फैसले से रोजाना सफर करने वाले लोगों की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। नई दरों के तहत सभी प्रकार के वाहनों के टोल शुल्क में वृद्धि की जाएगी। वहीं, स्थानीय वाहन चालकों के लिए जारी मासिक पास भी महंगा कर दिया गया है। पहले 350 रुपये में मिलने वाला मासिक पास अब 360 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह बढ़ोतरी हर वर्ष होने वाले टोल संशोधन के तहत की जा रही है।टोल दरों में वृद्धि का असर खासतौर पर उन लोगों पर पड़ेगा जो रोजाना इस मार्ग से आवागमन करते हैं।बढ़ती महंगाई के बीच टोल दरों में इजाफे को लेकर वाहन चालकों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यह वृद्धि निर्धारित नियमों के अनुसार की गई है।बाक्सबाक्स= अब टोल पर कैश से नहीं होगा पेमेंट-टोल प्लाजा पर कैश पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध कर दिया गया है। यह आदेश 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। जहां टोल प्लाजा पर बगैर फास्ट टैग वाले वाहनों को अब यूपीआई के माध्यम से दो गुना फास्टैग जमा करना होगा। जानकारी देते हुए बृजेश सिंह ने बताया टोल प्लाजा को बिल्कुल कैशलेस किया जा रहा है। जिसको लेकर वाहन चालकों को लगातार सूचना भी दी जा रही है। टोल प्लाजा में प्रवेश करने से पहले सभी वाहन चालक फास्ट टैग सक्रिय और रिचार्ज अवश्य चेक कर लें। जिससे कोई परेशानी न हो।

### लखीमपुर कलेक्ट्रेट सभागार में नाराज हुए सदर विधायक योगेश वर्मा

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** लखीमपुर कलेक्ट्रेट सभागार में नाराज हुए सदर विधायक योगेश वर्मा डीपीओ नहीं उठा रहे थे विधायक का फोन यही थी नाराजगी की वजह अधिकरियों ने नहीं किया विधायक का इंतजार, शुरू कर दिया था कार्यक्रम सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नियुक्ति पत्र बांटने का था कार्यक्रम विधायक के चले जाने के बाद डीएम और सीडीओ ने बांटे नियुक्ति पत्र कन्नौज के बाद अब खीरी में माननीय के अपमान का मामला।

## डीसीएम से सामान उतारने आए एक चालक की पलिया सीएचसी में संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया क्षेत्र के नगर पलिया में डीसीएम से सामान उतारने आए एक चालक की पलिया सीएचसी में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरदोई जिले के थाना टंडीआवा क्षेत्र के गांव लोक पुरवा निवासी 48 वर्षीय अवधेश डीसीएम से भाड़ा ढुलाई का काम करता था। रविवार को पलिया नगर में सामान उतारने आया था। बताते हैं कि पलिया सीएचसी में उसकी संदिग्ध हालात में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध हालात में हुई एक युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के गांव सरेली निवासी एक युवक की संदिग्ध हालात में रविवार की शाम घर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना खीरी क्षेत्र के गांव सरेली निवासी 25 वर्षीय छोटे लाल की रविवार को घर पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के भाई सहज राम ने बताया कि चार मार्च को गांव का ही एक युवक छोटेलाल को बुलाकर ले गया था। इसके बाद संदिग्ध हालात में उसको घर छोड़ गया। इसके बाद छोटेलाल की हालत में सुधार नहीं हुआ, इलाज जिला अस्पताल से लेकर लखनउ तक कराया गया, कोई फायदा न होते देख 27 मार्च को छोटेलाल को घर पर लाया गया वहीं रविवार की शाम उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शादी से पहले एक युवती के लापता होने का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र में शादी से पहले एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार युवती की शादी 30 मार्च को तय थी। 27 मार्च को वह अपने माता-पिता के साथ विवाह की खरीदारी के लिए गोला के मेला मैदान आई थी। शाम करीब 5 बजे वह अपनी एक सहेली के घर जाने की बात कहकर वहां से चली गई, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी।परिजनों ने बताया कि युवती के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन बंद जा रहा है घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान हैं और अपने स्तर से तलाश भी कर चुके हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है।

## एनटीपीसी रिहंद में आनंद मेला एकता के रंग, उत्सव के संग का भव्य आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में 28-29 मार्च 2026 तक आनंद मेला एकता के रंग, उत्सव के संग का भव्य आयोजन सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। दो दिवसीय मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय असाटी, परियोजना प्रमुख (रिहंद) नें परंपरागत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा सोनशक्ति स्टेडियम में निर्मित मंदिर में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया। मेले के प्रथम दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी, केंद्रीय विद्यालय, सेंट जोसफ, बाल भवन, वेलफेयर के छात्र-छात्राओं एवं एनटीपीसी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया, और सभी नें उनकी जमकर सराहना की। साथ ही नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आईटीआई नक्टू की छात्राओं को साइकिल भी वितरित किया गया। मेले के दूसरे दिन कठपुतली नृत्य, तंबोला और लकी ड्रॉ जैसे मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने उत्सव के माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, आकर्षक स्टॉल एवं सेल्फी पॉइंट भी लगाए गए, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण के केंद्र रहे।

## विस्थापित कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण विंध्याचल की प्राथमिकताः साहा

### ऊर्जा उत्पादन मे नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा एनटीपीसी विंध्याचल

*अवधनामा संवाददाता*

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी की विंध्याचल परियोजना एशिया की सबसे बड़ी एवं विश्व की आठवीं सर्वाधिक विद्युत उत्पादन वाली परियोजना है जिसकी वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता 4783 मेगावाट है, जो कोयला, सोलर एवं हाइड्रो से उत्पादित होती है। विंध्याचल परियोजना विस्थापित कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित है। यह बातें विंध्याचल परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने कहीं। परियोजना प्रमुख आज उमंग भवन मे मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। श्री साहा ने कहा कि विंध्याचल परियोजना विद्युत उत्पादन के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होनें बताया कि विंध्याचल की उपलब्धियों के वजह से ही विंध्याचल को हर क्षेत्र में पुरस्कार हासिल हुये है। श्री साहा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तभ है और मीडिया को परियोजना के विकास को लेकर अपना सहयोग देना चाहिए। मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा वर्तमान




परिदृश्य मे आने वाली समस्याओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में परियोजना प्रमुख ने बताया कि एनसीएल परियोजनाओं से उन्हें संतोषजनक कोयला प्राप्त हो रहा है। वहीं कोयला परियोजनाओं से एमजीआर के माध्यम से कोयला आपूर्ति मे डीजल की कमी के किसी प्रभाव को परियोजना प्रमुख ने नकारा वहीं सीएचपी के विद्युतीकरण किए जाने के सवाल पर परियोजना प्रमुख ने सहमति जताते हुये कहा कि इस सुझाव से वें वरिष्ठ प्रबंधन को अवगत कराएगे। सयंत्र से निकालने वाले राख के उपयोग एवं उसकी उपयोगिता के बारें में परियोजना प्रमुख ने बताया कि सायंत्र से निकलने वाली फ्लाइ ऐश की शतप्रतिशत उपयोगिता को लेकर विंध्याचल परियोजना प्रतिबद्ध है, जिसके लिए विभिन्न स्तरों मे प्रयास कर फ्लाइ ऐश का उपयोग किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा कार्बन कैप्चर प्लांट की चर्चा करते हुये परियोजना प्रमुख ने बताया कि कार्बन फूटप्रिंट को शून्य करने की दिशा मे एनटीपीसी द्वारा विंध्याचल में कार्बन कैप्चर प्लांट की स्थापना की गई। जिसके द्वारा सयंत्र से निकलने वाली हानिकारक गैस कार्बन मोनोआक्साइड को शोषित कर उसे वायुमंडल में जाने से रोकता है और इसके बाई प्रोडक्ट एथेनाल का उपयोग परियोजना में किया जाता है। परियोजना प्रमुख नें मीडिया के सहयोग के लिए विंध्याचल की ओर से मीडियाकर्मियों का आभार ज्ञपित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ परियोजना प्रमुख एवं अन्य अतिथियों सहित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन का किया गया। इसके पश्चात विंध्याचल मानव संसाधन प्रमुख श्रीमती रुमा दे शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन मे उपस्थित मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुये कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल और मीडिया का संबंध बहुत मजबूत है और मीडिया द्वारा दिये गए सुझाव पर परियोजना आवश्यक विचार-विमर्श कर उसे प्रभावी बनाने का प्रयास करती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) मृणालिनी ने किया। पत्रकार वार्ता का संचालन उप प्रबन्धक (नैगम संचार) शंकर सुब्रमणियम ने किया। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में भव्य काव्य पाठ का आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर। (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल के डॉक्टर आंबेडकर स्टेडियम में 28 मार्च 2026 को एक भव्य एवं यादगार काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध युग कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ कवि तेज नारायण बैचेन एवं साक्षी तिवारी ने भी अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। इस गरिमामय अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) संजीब कुमार साहा, सांसद (सिंगरौली/सीधी) डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं के प्रमुख संदीप नायक सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8:00 बजे हुआ और यह रात्रि 10:30 बजे तक चला। इस दौरान एनटीपीसी एवं अन्य आसपास के विशिष्ट व्यक्तियों सहित लगभग 5,000 श्रोता एवं दर्शक उपस्थित रहे। काव्य पाठ कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने कवियों के काव्य पाठ का आनंद लिया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को हिंदी साहित्य और काव्य की महत्ता से अवगत कराया और उनके बीच एक सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया।

## आवारा कुत्तों के दौड़ाने से अनियंत्रित हुई बाइक, किशोर की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के हैदरगंज मोहल्ले में इतवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सैफ पुत्र रहमत अली अपने घर के पास ही दोपहिया वाहन (पैशन प्रो) चलाना सीख रहा था।

बताया गया कि रात लगभग 1 बजे अचानक कुछ आवारा कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया, जिससे वह घबरा गया और वाहन अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान सैफ सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।

घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मौदहा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों ने शव का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मुख्य सड़क पर अतिक्रमण, जाम से कराहता मौदहा घंटों फंसी रही पुलिस, व्यवस्था पर उठे सवाल



*अवधनामा संवाददाता*

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे की लाइफलाइन मानी जाने वाली बड़ा चौराहा से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली करीब चार किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क पर दुकानदारों के अतिक्रमण ने हालात बद से बदतर कर दिए हैं। सोमवार को तहसील मार्ग पर लगे भीषण जाम ने व्यवस्था की पोल खोल दी, जहां आम लोगों के साथ-साथ पुलिस की गाड़ी भी घंटों फंसी रही।

नगरपालिका द्वारा सड़क चौड़ीकरण के दावे के बावजूद जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सड़क किनारे सैकड़ों दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान बाहर सड़क तक फैलाकर रखना आम बात हो गई है। बिल्डिंग मैटेरियल की दुकानों के बाहर सरियों के ढेर सड़क पर कब्जा जमाए रहते हैं, वहीं बाइक एजेंसियों द्वारा दर्जनों वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है।

सोमवार दोपहर तहसील मार्ग स्थित फत्तेपुर में गांधी इंटर कॉलेज मोड़ से लेकर बड़ा चौराहा तक लंबा जाम लग गया। हालात इतने खराब रहे कि पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंसी रही, लेकिन जाम खुलवाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। पुलिसकर्मी गाड़ी में बैठे-बैठे हूटर बजाते रहे, जबकि लोग खुद ही किसी तरह अपने वाहनों को निकालने में जुटे रहे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुल सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के कारण कई बार मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी जान तक पर बन आती है। प्रसव पीड़ित महिलाओं को भी एंबुलेंस में तड़पते हुए जाम में फंसे रहने को मजबूर होना पड़ता है।

हैरानी की बात यह है कि सड़क पर कब्जा जमाए दुकानदारों के खिलाफ नगरपालिका द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## सेवानिवृत्त हो रहे परीक्षकों को किया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इंटरमीडिएट के मूल्यांकन केंद्र इस्लामिया इण्टर कॉलेज पर दो परीक्षकों जितेंद्र सिंह प्रधानाचार्य तथा प्रतिभा प्रवक्ता को सेवा निवृति के सप्ताह में भी तल्लीनता पूर्वक कार्य करने पर उपनियंत्रक एंव प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उपनियंत्रक गुफरान अहमद ने कहा कि आज के दौर में सेवाकाल के अंतिम प्रहर में भी जिस मनोयोग से उक्त दोनों परीक्षक मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं वह अपने आप में एक आदर्श उदाहरण है।इससे सबको प्रेरणा मिलती है।इस अवसर पर उपस्थित परीक्षकों ने भी उक्त दोनों का भावपूर्ण स्वागत किया। उक्त दोनों परीक्षक इस सम्मान से अभिभूत दिखे दोनों ने आभार जताया। इस दौरान सह उप नियंत्रक मुहम्मद जावेद खान, प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी, डॉ उमेश यादव, सुनीता कुशवाह, मंजू भदौरिया, बविता कुमारी,उमैर आदिल, तौहीद उद्दीन, मुहम्मद शाहिद, इमरान अंसारी, मुहम्मद फैजान आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम व पेशकार की तानाशाही के खिलाफ मौदहा के अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा, स्थानांतरण तक न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का ऐलान

*अवधनामा संवाददाता*



**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील प्रांगण मौदहा में उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह और उनके पेशकार पीयूष सक्सेना के अभद्र व्यवहार से उपजा विवाद अब आर-पार की जंग में तब्दील हो गया है जहां बार एसोसिएशन ने दोनों के स्थानांतरण की मांग पूरी न होने तक न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रहने का कड़ा निर्णय लिया है। घटनाक्रम के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता बरदानी प्रसाद जब एसडीएम कार्यालय पहुंचे तो पेशकार पीयूष सक्सेना ने उनके साथ घोर अभद्रता करते हुए उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई जिसकी शिकायत लेकर जब अधिवक्ता स्वयं एसडीएम करणवीर सिंह के पास पहुंचे तो न्याय की उम्मीद के उलट अधिकारी ने अपने मातहत का पक्ष लेते हुए अधिवक्ता पर ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत तमाम अधिवक्ता विरोध दर्ज कराने एसडीएम कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां भी अधिकारी के आक्रामक और कड़े तेवरों ने उन्हें वार्ता के बजाय वापस लौटने पर विवश कर दिया जिससे आहत होकर अध्यक्ष शिवलाल पाल की अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि जब तक अहंकारी कार्यशैली अपना रहे उपजिलाधिकारी और बदतमीजी के पर्याय बने पेशकार का यहां से तबादला नहीं हो जाता तब तक कोई भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य में हिस्सा नहीं लेगा और दो दिन बाद पुनः बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति तैयार की जाएगी। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पेशकार पीयूष सक्सेना की बदकलामी और जनता के साथ दुर्व्यवहार की अनगिनत शिकायतें पहले भी आती रही हैं लेकिन अधिकारियों के संरक्षण के चलते कार्रवाई हमेशा शून्य रही है जिसके कारण अब अधिवक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया है। इस विरोध प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार के दौरान महामंत्री विवेक कुमार, पूर्व अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी सहित तहसील के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे जिन्होंने एक स्वर में प्रशासन की इस तानाशाही के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन वितरित, 6 केंद्रों का लोकार्पण



**हमीरपुर। (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सोमवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मा. विधायक राठ श्रीमती मनीषा अनुरागी ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में नव चयनित 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 23 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 16 मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए तथा 6 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने नव नियुक्त कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रेरणा से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सीधे उनके कार्य से जुड़ा है। उन्होंने सभी को अपने कार्य के प्रति सजग रहते हुए विभागीय योजनाओं और स्मार्टफोन के माध्यम से संचालित एप्स का बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। विधायक राठ मनीषा अनुरागी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की आधारशिला हैं और देश के भविष्य को मजबूत बनाने में उनकी अहम भूमिका है।

## पार पट्टी का होगा सीधा जिला मुख्यालय से जुड़ाव, ग्राम रूरा यमुना नदी पर बनेगा पुल

### इटावा के विश्व प्रसिद्ध बाबा पिलुआ महाराज मंदिर मंदिर को पर्यटन में मिलेगा लाभ



*वहाज अली निहाल*
*अवधनामा संवाददाता*

**इटावा।** पार पट्टी के विकास के लिए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खोला खज़ाना 100 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं को दी मंजूरी सदर विधायक सरिता भदौरिया के प्रयासों के चलते कई जनहित की योजनाओं को शासन ने दी हरी झंडी। उपरोक्त जानकारी सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए दी।उन्होंने कहा 2022 के चुनाव में यमुना नदी के पुल से लेकर उनके गांव उढ़ी तक सड़क जर्जर होने पर पूरे जनपद के विपक्ष ने एक और सुर में होकर शासन प्रशासन को मेरी असफलता बताते हुए मार्ग का रोना रो कर ज्ञापन दिये थे इस पूरे घटनाक्रम को मैंने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा था जिस पर उन्होंने बताया था कि आपके गांव सहित मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क को फोर लाइन किए जाने का प्रस्ताव बन चुका है।जिसका कार्य शीघ्र ही पूरा होगा और आपकी यमुना पर बनने वाला पुल ऐतिहासिक होगा इसी वजह से उक्त सड़क को बनाने में विलंब हो रहा।उन्होंने कहा कि जनपद के गलत मानसिकता के लोगों ने उस पर जमकर राजनीति की लेकिन उसी दिन मैं भी पूरे जनपद की सड़कों को दुगनी रफ्तार से बनाने का प्रण मन में लिया जिसका परिणाम आज यह है कि कचौरी मार्ग बसेरहर बाईपास भरथना इटावा मार्ग सहित तमाम जनपद के प्रमुख मार्ग जो इटावा विधानसभा की ओर आते हैं उन सब का चौड़ीकरण सहित उनको पुन्हा निर्मित कराने का कार्य करते हुए जनपद की सभी सड़कों का विकास किया।उन्होंने कहा कि आज उसी कड़ी में ग्राम रूरा और ग्राम असवा के बीच यमुना नदी पर 80 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नया 27 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है जिसके परिणाम स्वरुप हमारे जनपद का विश्व प्रसिद्ध बाबा पिलुआ महाराज मंदिर जिस पर करोड़ें श्रद्धालुओं की आस्था है पर पहुंचने के लिए पुल के दोनों तरफ तीन-तीन किलोमीटर का चौड़ सड़क मार्ग भी बनेगा।

## पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुए




**इटावा। (अवधनामा संवाददाता)** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार सिंह तहसीलदार,सदर उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ की गई।विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ ज्ञान की देवी का आह्वान किया।इसके पश्चात कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियाँ प्रारंभ हुईं,जिनमें विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया।इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे।वर्ष भर की कठिन मेहनत,लगन एवं अनुशासन का परिणाम आज विद्यार्थियों के रूप में देखने को मिला।विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।

## आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों का लोकार्पण



*अवधनामा ब्यूरो*

**इटावा।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों का लोकार्पण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के किसी चौमुखी विकास के अंतर्गत आज 33 आंगनबाड़ी केंद्रों का तथा 6 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया गया ताकि हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे स्वस्थ व सुगम वातावरण में पोषित हो सके एवं कार्यक्रम में 07 नव नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति दी गई जो की दर्शाता है कि मुख्यमंत्री जी रोजगार के प्रति कितने सजग हैं।इसके साथ ही साथ जनपद के 1564 आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 31 मुख्यसेविका को नई जनरेशन स्मार्टफोन दिया गया ताकि उनको कार्य करने में न केवल सुगमता हो बल्कि वह अपना कार्य सुचारू रूप से आसानी से कर सकें।उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

## नेवरा के नीरज जायसवाल बने खंड विकास अधिकारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

रूदौली (अयोध्या) (अवधनामा संवाददाता) रूदौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरा निवासी नीरज कुमार जायसवाल ने UPPCS 2024 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर खंड विकास अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीरज कुमार जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल के पुत्र हैं, जिनकी इस उपलब्धि से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है।नीरज की इस सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। ग्रामीणों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद नीरज ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।इस अवसर पर माता-पिता ने भावुक होकर कहा कि उनके बेटे की मेहनत रंग लाई है और यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

## महानगर अध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोप, संगठन में बढ़ा असंतोष



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में महानगर संगठन के गठन के बाद से महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव लगातार विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला नामित पार्षदों की सूची को लेकर है, जिसमें एक सरकारी शिक्षक को नियमों की अनदेखी कर शामिल किए जाने का आरोप लगाया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि संबंधित व्यक्ति ने सक्रिय सदस्यता की अनिवार्य शर्तें पूरी नहीं कीं और संगठनात्मक बैठकों में भी सक्रिय नहीं रहा। एक व्यक्ति-दो पद पर भी सवाल महानगर अध्यक्ष पर एक व्यक्ति-दो पद का आरोप भी लग रहा है। बताया जा रहा है कि वह विकास प्राधिकरण के सदस्य होने के साथ-साथ महानगर अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, जो पार्टी की नीति के विपरीत माना जा रहा है। इसको लेकर संगठन के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है। नियुक्तियों में अनियमितता के आरोप सूत्रों के अनुसार, संगठन में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति में भी पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। आरोप है कि कई ऐसे लोगों को जिम्मेदारी दी गई, जिन्होंने 2019 और 2024 की सक्रिय सदस्यता तक पूरी नहीं की, जबकि पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई। आर्थिक लेनदेन की भी चर्चा कुछ कार्यकर्ताओं ने नामित पार्षदों की नियुक्ति में आर्थिक लेनदेन के आरोप भी लगाए हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। साथ ही यह भी चर्चा है कि कुछ करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयास किए गए। मामले को लेकर क्षेत्रीय व प्रदेश स्तर पर जांच की चर्चा है, लेकिन अब तक महानगर अध्यक्ष की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे विवाद और गहराता जा रहा है।

## नेवरा के नीरज जायसवाल बने खंड विकास अधिकारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

**रूदौली (अयोध्या)।** रूदौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरा निवासी नीरज कुमार जायसवाल ने PPCS 2024 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर खंड विकास अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीरज कुमार जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल के पुत्र हैं, जिनकी इस उपलब्धि से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है।

## संविधान संवाद के लिए कांग्रेसियों ने झोंकी ताकत

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** कोटवा सड़क में संविधान संवाद और कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय इसमें उपस्थित रहेंगे। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला ने कार्यक्रम की सफलता के लिए रुदौली विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। दयानंद शुक्ला ने रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी बैठक की। दयानंद शुक्ला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता उससे तंग आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आने के बाद से जनता को बैंक, खाद और अब तेल-गैस के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है।

## रामनगरी में सरस मेले के साथ 'साकेत संध्या' का आगाज

### राम की पैड़ी पर भव्य आयोजन, ग्रामीण विकास व संस्कृति का अनूठा संगम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में सरस मेला और 'साकेत संध्या' का भव्य शुभारंभ रविवार को राम की पैड़ी पर हुआ। ग्राम्य विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम व मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आयोजित इस मेले में ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक विरासत का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया।

मेले में अयोध्या मंडल के अलग-अलग जनपदों से करीब 47 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों–अचार, हस्तशिल्प, जैविक खाद, सजावटी सामान व दुग्ध उत्पाद–का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह मेला महिलाओं



को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का बड़ा मंच साबित होगा।मेले में साउंड, लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था की गई है। 'साकेत संध्या' के तहत स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिससे राम की पैड़ी का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।यह आयोजन न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि अयोध्या को सांस्कृतिक और विकासात्मक दृष्टि से नई पहचान भी दिलाएगा।

## ऋषभ ठाकुर की धर्म के नाम पर दबंगई: छात्रा के सामने मुस्लिम युवक को पीटा, जबरन वसूले पैसे

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शहर में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिला बदर घोषित बदमाश ऋषभ ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर न सिर्फ एक युवक की सरेआम पिटाई की, बल्कि उसे डराकर नकद और ऑनलाइन पैसे भी वसूल लिए। हैरानी की बात यह रही कि दबंगई दिखाने के चक्कर में खुद ही वीडियो बनाकर वायरल कर दिया–और वही वीडियो उसके गले की फांस बन गया। घटना कैंट थाना क्षेत्र की है। शनिवार शाम शोएब नाम का युवक अपने पड़ोस की छात्रा के साथ टहल रहा था। तभी वीरांगना चौक के पास पहले से घात लगाए बैठे ऋषभ ठाकुर, कन्हैया और आकाश ने दोनों को घेर लिया। छात्रा के समझाने के बावजूद आरोपियों का गुस्सा नहीं थमा और युवक पर टूट पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने युवक को पीटते हुए उससे जबरन धार्मिक नारे लगवाए। छात्रा ने विरोध किया तो उसके साथ भी बदसलूकी की गई। माहौल बिगड़ता देख आरोपियों ने छात्रा के पिता को बुलाकर उसे वहां से भेज दिया, लेकिन युवक को नहीं छोड़ा मारपीट के बाद बदमाशों ने युवक की जेब से करीब 7 हजार रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं, 2 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर भी करा लिए। पूरी घटना को डर और दबाव बनाकर वसूली का जरिया बना दिया गया। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी, लेकिन पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। इसी बीच रविवार सुबह ऋषभ ठाकुर ने खुद ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि खुद को 'हिंदूवादी नेता' के रूप में स्थापित करने के लिए उसने यह कदम उठाया, लेकिन यही वीडियो उसके खिलाफ सबसे बड़ा सबूत बन गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋषभ ठाकुर, कन्हैया और आकाश को गिरफ्तार कर लिया।

## एमजेपीआरयू में छात्रों का हंगामा, कुलपति की गैरमौजूदगी पर फूटा गुस्सा

### 'वीसी लापता' के नारों से गूंजा कैंपस, समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे छात्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) में सोमवार को छात्र आक्रोश खुलकर सामने आ गया। समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कुलपति कार्यालय का घेराव कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान 'वीसी लापता' और 'छात्रों का शोषण बंद करो' जैसे नारों से पूरा कैंपस गूंज उठा। जानकारी के अनुसार, समाजवादी छात्रसभा के जिला अध्यक्ष अविनाश मिश्रा अपने साथियों के साथ दोपहर करीब एक बजे विश्वविद्यालय पहुंचे थे। उनका उद्देश्य विभिन्न समस्याओं को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन कुलपति के कार्यालय में मौजूद न होने से छात्रों का आक्रोश भड़क गया और मामला प्रदर्शन से धरने में बदल गया धरने पर बैठे छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि छात्रावासों में अव्यवस्था फैली हुई है, माइग्रेशन सर्टिफिकेट की फीस बढ़ाकर छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है और हाल ही में हुई शिक्षक भर्तियों में भी पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अविनाश मिश्रा ने आरोप लगाया कि कुलपति प्रो. केपी सिंह न तो छात्रों के ज्ञापन लेते हैं और न ही उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई की जाती है। उन्होंने मांग की कि शिक्षक नियुक्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि छात्रों और अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो सके। प्रदर्शन के दौरान छात्र हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे, जिन पर 'कुलपति लापता' और 'छात्रों का शोषण बंद करो' जैसे नारे लिखे थे।

छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। कुछ समय के लिए कैंपस का माहौल तनावपूर्ण बना रहा। फिलहाल, पूरे मामले पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## प्रेम प्रसंग से आहत युवक ने उठाया खौफनाक कदम, सोशल मीडिया अलर्ट बना जीवनरक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली (आंवला)।** आंवला थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। प्रेम प्रसंग में आहत युवक ने इंस्टाग्राम पर 'आज मेरा आखिरी दिन है' लिखकर वीडियो पोस्ट किया और इसके बाद जहर पी लिया। इतना ही नहीं, उसने अपने हाथ पर ब्लेड से कट भी लगा लिए। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई। पुलिस के अनुसार, युवक की ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई चेतावनी भरी पोस्ट के बाद मुख्यालय स्तर से तुरंत अलर्ट जारी हुआ। मेटा अलर्ट के जरिए लोकेशन ट्रेस कर आंवला पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बिना देर किए मौके के लिए रवाना हो गई। जब पुलिस युवक के घर पहुंची तो परिजनों से जानकारी लेकर उसके कमरे तक पहुंची।

वहां युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसके हाथ पर कट के निशान थे और पास ही कीटनाशक दवा की बोतल पड़ी थी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता था, लेकिन युवती द्वारा बात बंद कर देने से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था। इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया। घटना के बाद पुलिस ने युवक की काउंसलिंग भी कराई और उसे समझाया। युवक ने भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया है। परिजनों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया के चलते युवक की जान बचाई जा सकी!

## नहर पर हो रहा अवैध कब्जा किसानों की फसल पर मंडराया सुखे का खतरा: श्याम सिंह राठौर

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** रुहेलखण्ड क्षेत्र में स्थित शारदा नहर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। प्रेसवार्ता के दौरान श्याम सिंह राठौर ने बताया कि गाटा संख्या 524 और 470 के पास सिंचाई विभाग की नहर को 26 मार्च की रात डी.बी. मशीन से समतल कर दिया गया। जब मामला विभाग के संज्ञान में आया तो विभाग द्वारा लीपा पोती करते हुए 6 फीट की नहर को नाले रूपी 3 फुट का खोदा जा रहा है। जिससे आसपास के किसानों में आक्रोश हैं। इस अवैध कब्जे की कार्रवाई के चलते आसपास के किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

## 12 अप्रैल के सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए समाज एकजुट

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बरेली में 12 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए सोमवार को ब्रह्मपुरा स्थित कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में आपसी सहयोग और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देते हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह कराने में मदद मिलती है। पदाधिकारियों ने कहा कि सामूहिक विवाह केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है। कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने पर सहमति बनी। बैठक में बारात स्वागत, भोजन व्यवस्था, पंडाल, रजिस्ट्रेशन, अतिथि सत्कार और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने और जरूरतमंद परिवारों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचाने की अपील की। साथ ही भरोसा जताया कि सभी के सहयोग से 12 अप्रैल का सामूहिक विवाह समारोह सफल और यादगार बनेगा। बैठक में अध्यक्ष के.पी. सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, रामऔतार गंगवार, मूलचंद गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, सदस्य युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, भद्र पाल गंगवार, तेज पाल गंगवार समेत समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और आयोजक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

## रुदौली ब्लॉक की कमान संभालने पहुंचे बीडीओ सूर्य प्रकाश मिश्रा

**रुदौली (अयोध्या)।** अमानीगंज के स्थायी बीडीओ सूर्य प्रकाश मिश्रा को रुदौली ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सोमवार सुबह उन्होंने रुदौली ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही बीडीओ सूर्य प्रकाश मिश्रा ने विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों ब्लॉकों–रुदौली और अमानीगंज–में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। कार्य व्यवस्था के तहत वह सप्ताह में तीन दिन रुदौली और तीन दिन अमानीगंज में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रत्येक बुधवार को रुदौली कार्यालय दिवस रहेगा।

## स्थापना दिवस पर सामाजिक एकता और जनसेवा का संकल्प

### समाज के उत्थान और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने पर जोर




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सामाजिक संगठन यंग हेल्प फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत चौक में स्थित प्राचीन सोनाड़ी माता मंदिर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए किया गया। सचिव कमलेश वर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल एक संस्था के रूप में कार्य करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सेवा, सहयोग और जागरूकता का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संगठन ने स्थापना के बाद से लगातार समाजहित में अनेक सराहनीय कार्य किए हैं, जिनकी क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। अध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि समाज के उपेक्षित वर्गों की सहायता तथा गरीब बहन-बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा तथा जरूरतमंद लोगों की मदद करना टीम का उद्देश्य है। बिरहा गायक विद्यासागर यादव ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण गीतों से सबको भावविभोर कर दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामनारायण ने अपने उद्बोधन से सभी को भावुक कर दिया तथा पांच परिवारों को गोंद लेकर हर संभव सहयोग देने की घोषणा की। संरक्षक मुन्नालाल चौधरी ने बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए समाज सेवा के प्रति अपने आजीवन समर्पण का भाव व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन संगठन के महामंत्री एवं प्रवक्ता रवींद्र जैन ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार मिश्र, सभासद हरिकेश पटेल, विजय जायसवाल, नागमणि कुमार, धर्मवीर आर्य, संदीप चौरसिया, रोशन निषाद, धर्मेंद्र, राजकिशोर वर्मा, राजकुमार राय, अजय चौहान, मुद्रिका, धनंजय पटेल, सोविंद राय, सभासद हरिलाल, कुलदीप मणि त्रिपाठी, दीनानाथ विश्वकर्मा, रामसुभाष चौधरी, रंजीत शर्मा, सर्वेश मिश्रा, डॉ. एके खान, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## सात वर्षों से बंद पड़ा पशु सेवा केंद्र, पशुपालकों को हो रही भारी परेशानी

### ग्रामीणों ने जल्द बहाली की उठाई मांग



**मिठौरा महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के अंतर्गत पतरेगवा स्थित पशु सेवा केंद्र पिछले सात वर्षों से बंद पड़ा है। एक ओर प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की उदासीनता के कारण ये योजनाएं जमीन पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पा रही हैं। जानकारी के अनुसार, पतरेगवा में पशु सेवा केंद्र की स्थापना वर्ष 1974-75 में की गई थी। क्षेत्र के पशुपालक यहां अपने पशुओं का उपचार एवं कृत्रिम गर्भाधान जैसी सुविधाओं का लाभ उठाते थे। लेकिन वर्ष 2019 में पशुधन प्रसार अधिकारी योगेंद्र यादव के सेवानिवृत्त होने के बाद केंद्र पर ताला लटक गया और तब से यह बंद पड़ा है। वर्तमान में यह पशु सेवा केंद्र अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है, साथ ही आसपास के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर इसे गोबर और सरसों का टिल्ठा रखने के स्थान के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लेदवा, मुण्डेरा, बौलिया राजा, रामपुर मीर, कंचनपुर, मोहनापुर, बड़हरा मीर, सिंदुरिया, हरिहरपुर, पिपरा कल्याण सहित लगभग एक दर्जन गांवों के पशुपालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## नायब तहसीलदार का पद हासिल कर बढ़ाया मान

### गांव के प्राइमरी स्कूल से पढ़ाई कर हासिल की सफलता



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा खोस्टा निवासी मिथिलेश यादव ने पीसीएस परीक्षा में 140वीं रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। मिथिलेश एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता रामकिशुन यादव कृषि सेवा केंद्र पर कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं और खेती-किसानी के जरिए परिवार का भरण-पोषण करते रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मिथिलेश ने यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत के आगे कठिनाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं। मिथिलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई सेक्रेट हार्ट स्कूल, निचलौल से पूरी की। आगे की पढ़ाई उन्होंने महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक, गोरखपुर से की और फिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। स्नातक के बाद उन्होंने रेलवे अनुसंधान एवं विकास संगठन में इंजीनियर के पद पर कार्य करते हुए प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी जारी रखी। कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास के बल पर उन्होंने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नायब तहसीलदार पद हासिल किया। अपनी सफलता का श्रेय मिथिलेश यादव ने अपने माता-पिता, चाचा और गुरुजनों को दिया।

## किशोरी की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के अमरुतिया क्षेत्र स्थित पासी टोला में एक झोलाछाप चिकित्सक की कथित लापरवाही से 17 वर्षीय किशोरी की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में जबरदस्त आक्रोश फैल गया और गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।



परिजनों के अनुसार, मृतका मोनिका को मामूली बुखार की शिकायत थी, जिसके चलते उसे इलाज के लिए बैकुंठपुर चौराहे स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ले जाया गया। आरोप है कि वहां मौजूद झोलाछाप डॉक्टर ने परिजनों के मना करने के बावजूद किशोरी को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही उसकी हालत तेजी से बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ी। घबराए परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत की खबर फैलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल तथा पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। इस दौरान जब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, तो आक्रोशित लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख पुलिस बल तैनात किया गया। सदर कोतवाल और क्षेत्राधिकारी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ शांत नहीं हुई। गुस्साए ग्रामीण शव को लेकर फरेंदा-गोरखपुर मार्ग पर निकल पड़े और सक्सेना चौराहा पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। घंटों तक यातायात बाधित रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण ही किशोरी की जान गई है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। देर रात पुलिस के आश्वासन और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद किसी तरह जाम समाप्त कराया जा सका।

## निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट स्कूल हुए सम्मानित

### जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान मिलने पर शिक्षकों को सराहा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फरेंदा विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बेसिक शिक्षा किसी भी बच्चे की मजबूत नींव होती है। उन्होंने जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान मिलने पर शिक्षकों एवं विभाग की सराहना करते हुए बधाई दी।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और जनपद को शिखर पर पहुंचाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा।

इस अवसर पर प्रत्येक विकास खंड से पांच निपुण विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋद्धि पांडेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी अरविंद जायसवाल ने किया।

# कुशीनगर में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का दौरा

- सीएचसी फाजिलनगर का निरीक्षण कर परखी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को जनपद भ्रमण के दौरान द लर्निंग वर्ल्ड स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फाजिलनगर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सबसे पहले ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसूति कक्ष तथा पैथोलॉजी विभाग पहुंचे। यहां उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन किया और उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता तथा स्वच्छता व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार एवं दवा उपलब्धता की जानकारी भी ली। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक और स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यक दवाओं की लगातार उपलब्धता बनाए रखने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जा रही है। उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी कर्मचारी को बिना पूर्व लिखित प्रार्थना पत्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुमति के अवकाश स्वीकृत न किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 14 महिलाओं ने रखीं समस्याएं, आयुक्त ने दिये जांच के आदेश

**गोण्डा।** मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में आयुक्त देवीपाटन मण्डल की अध्यक्षता में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष जनसुनवाई में कुल 14 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त मीनू राणा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्राम फरेन्दा निवासी कुसुमा पत्नी पहलवान ने अपने पुत्र अर्जुन के नाम आवंटित कृषि योग्य पट्टा भूमि को संक्रमणीय कराने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व मिली भूमि अभी भी असंक्रमणीय श्रेणी में दर्ज है, जिससे उसे उपयोग में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही लंबित है।

# सीएम ने लोकभवन में वितरित किया नियुक्ति पत्र, जिले में देखा गया लाइव प्रसारण

- जनपद में नवनियुक्त 141 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र
- 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का लोकार्पण व 8 का हुआ शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय/गोदाम के लोकार्पण / शिलान्यास किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, पूर्व विधायक इटवा डॉ सतीश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में देखा गया। जनपद स्तर पर 141 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का लोकार्पण एवं 3 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। इसके अलावा 5 बाल विकास परियोजना कार्यालय सह गोदाम के निर्माण का शिलान्यास किया गया।

डीएम एवं सीडीओ द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक इटवा डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में 9 वर्षो में प्रदेश के लोगो एवं महिलाओं के लिए विभिन्न कार्य किये गये है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका कड़ी मेहनत के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन दिया जा रहा है। नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार की मंशा प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाना है। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराये।

जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने कहा कि सरकार की यह सोच है कि बच्चे नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शिक्षा ग्रहण करे इसके लिए नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कराया जा रहा है। आप लोग की नियुक्ति हो जाने से आप लोग बच्चों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का कार्य करें। महिलाओं/बच्चों को समय से पुष्टाहार मिले। इसके साथ ही विभाग की जो भी योजनाएं है उसका सभी को लाभ मिले। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सश्क्त व स्वावलम्बी बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, सीडीपीओ व अन्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक के विदाई से माहौल हुआ भावुकमय

- कंपोजिट विद्यालय पोखरा काजी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन
- बच्चों को बांटा गया अंक पत्र, शिक्षक नफीस हैदर रिज़वी की सेवानिवृति पर दी विदाई

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पोखरा काजी स्थित कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य में अपनी प्रस्तुति से अतिथियों को मनमोहित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सैयद नफीस हैदर रिजवी की विदाई को लेकर माहौल भावुक मय हो गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र मणी त्रिपाठी व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जो बच्चों और अतिथियों ने देखकर तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि बीडीओ कुमार कार्तिकेय मिश्रा ने कहा कि सरकारी सेवा में आने वाला व्यक्ति नियुक्ति पत्र पाने के बाद काफी प्रसन्न होता है वही जब काफी दिनों की अच्छी सेवा देने के बाद सेवा निर्मित होता है तो वह दुख से भरा होता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक नफीस हैदर के शिक्षक कार्यो व अन्य प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए आगे का जीवन अच्छा बीते इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं और विद्यालय में कुछ अच्छे कार्यो के लिए अपना सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया है। नरेंद्र मणी त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक नफीस हैदर विभाग में एबीआरसी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ,खेल सहित इस विद्यालय में अच्छे पठन-पाठन के लिए अपना जो योगदान दिया है वह काफी सराहनीय है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए खेसरहा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को घटना के महज 24 घंटे के भीतर दबोच लिया है।

घटना बीते कल यानी 29 मार्च 2026 की है। दोपहर करीब 3:00 बजे ग्राम सोरवामाफी की रहने वाली एक नाबालिग लड़की ग्राम बरनवार में मजदूरी करने गई थी। आरोप है कि उसी के गांव के निवासी रोहन (पुत्र जीवन निषाद) ने खेत में पहुँचकर लड़की के साथ छेड़छाड़ की और उसे गेहूं के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता की लिखित तहरीर मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खेसरहा में मु0अ0सं0 40/2026 के तहत धारा 64(2) ब्हस् और 3/4 पॉक्सो एक्ट (ब्हएस्ह ,प्ह) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेशानुसार और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई।थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।सोमवार को पुलिस टीम को सटीक सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में है। तत्परता दिखाते हुए टीम ने बांसी-बेलौहा मार्ग के सोरवामाफी मोड़ पर घेराबंदी की और वांछित अभियुक्त रोहन को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, उ0नि0 रवि प्रताप सिंह सेंगर और का0 जितेन्द्र साहनी।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# आकाश सिंह ने पीसीएस परीक्षा में मारी बाज़ी

- आशापुर निवासी आकाश सिंह बने पीसीएस अधिकारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि आशापुर निवासी आकाश सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं।

आकाश सिंह की प्रारंभिक शिक्षा रामदेव जनता इंटर कॉलेज, कटेहरी, अंबेडकरनगर से हुई, जहाँ उन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं। शुरू से ही मेधावी छात्र रहे आकाश ने अपनी आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय का रुख किया, जहाँ से उन्होंने स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय, भसड़ा टांडा, अंबेडकरनगर से एमएससी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बनाए रखा। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकाश सिंह ने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

आकाश सिंह के पीसीएस परीक्षा में चयनित होने की खबर मिलते ही मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीमती तारा देवी संरक्षक राम पूजन प्रजापति, प्राचार्य डॉ सुधीर श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकगणों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आकाश को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि आकाश की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित करेगी। परिजनों और शुभचिंतकों ने भी आकाश सिंह को इस महत्वपूर्ण सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रोजगार मेले में 572 युवाओं को मिली नौकरी, 17 कंपनियों ने लिया हिस्सा




अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा ।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोण्डा में सोमवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रविन्द्र कुमार ने की। रोजगार मेले में कुल 17 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 1077 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 572 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा 10 चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी बलरामपुर मीता गुप्ता, आईक्यूसी के निदेशक प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. हरीश कुमार शुक्ल एवं सहायक निदेशक (सेवायोजन) राजीव कुमार सिंह सहित सेवायोजन विभाग और महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपीपीएससी में 54 वीं रैंक हासिल कर सर्वेश बने असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तहसील जलालपुर के निवासी सर्वेश कुमार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की परीक्षा में 54वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है और लोगों में गर्व की भावना देखी जा रही है। बताया जाता है कि सर्वेश कुमार के छोटे भाई सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। सर्वेश कुमार की प्रारंभिक शिक्षा जनता इंटर कॉलेज, फतेहपुर बड़ागांव से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई नरेंद्र इंटर कॉलेज, जलालपुर से पूरी की।

उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने गाजियाबाद और दिल्ली से बीटेक एवं ग्रेजुएशन किया। इसके बाद उन्होंने पूरी लगन और मेहनत के साथ यूपीपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की, जिसका परिणाम यह रहा कि उन्होंने प्रदेश में 54वीं रैंक हासिल की। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन असिस्टेंट कमिश्नर (जीएसटी) पद पर हुआ है।

सर्वेश कुमार की माता उर्मिला देवी गृहिणी हैं, जबकि उनके पिता जियालाल वर्मा जनता इंटर कॉलेज, फतेहपुर में अध्यापक पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बेटे की इस सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। सर्वेश कुमार की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्राथमिक विद्यालय पननी मे वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा फल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पननी में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा फल वितरण किया गया इस अवसर पर अभिभावक गण एवं ग्राम पंचायत पननी के ग्राम प्रधान फूलचन्द कन्नौजिया पूर्व जिला अध्यक्ष राम निवास यादव पूर्व प्रधान राम किशुन यादव क्षेत्रपंचायत मनोज यादव प्रा0 शि0 संघ के कोषाध्यक्ष महेश प्रधान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुँवर परवेज़ सहायक अध्यापक सोनू वर्मा कृष्णचन्द्र सतेन्द्र कुमार उपस्थित रहे रामनिवास यादव जी ने कहा की सरकार प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेकों अनेक योजनाएं चल रही है हम सभी को उसे योजना को लाभ तो और अपने बच्चों का प्रवेश अपने निकट के सरकारी स्कूल में करायें और अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाएं । ग्राम प्रधान फूलचंद कनौजिया द्वारा मेधावी बच्चों को अंक पत्र एवं इनाम का वितरण किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया और नवप्रवेशी बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया गया।प्रधानाध्यापक द्वारा उनके उपयोग के उपहार स्वरूप उन्हे स्टेशनरी उपलब्ध कराई गई और सरकारी स्कूल में पढ़ने के ढेर सारे लाभ बताएं।

## शिवम् ओझा अस्सिटेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर चयनित, परिवार एवं क्षेत्र का बढ़ाया सम्मान



**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साहा निवासी शिवम् कुमार ओझा पुत्र ब्रह्मदेव ओझा ने यूपीपीसीएस परीक्षा परिणाम 24 में 108वीं रैंक लाकर पूरे परिवार एवं क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। कल देर शाम यूपीपीसीएस 24 का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें 108 वां रैंक हासिल कर शिवम् ओझा का चयन अस्सिटेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर हुआ है। इन्होंने यूपीपीसीएस कमिश्नर पद पर चयनित होने का श्रेय पिता ब्रह्मदेव ओझा बड़े पिता राजदेव ओझा, कृष्णदेव ओझा एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि उन्हीं के आशीर्वाद से हमें इतनी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। शिवम् कुमार ओझा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहें तथा अपने क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त करते रहे हैं।

### गाजा बाजा के साथ सम्पन्न हुआ शिक्षिका का विदाई समारोह

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बचड़ा-बचड़ी में तैनात प्रधानाध्यापिका मिथिलेश सिंह का सेवाकाल से सोमवार को सेवानिवृत्त हो गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने विदाई समारोह आयोजित किया। परिजनों ने शिक्षिका को गाजे बाजे के साथ अहिरौली गांव में घर तक लेकर पहुंचे। जहां पर फूलों की वर्षा करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीसी एमडीएम धर्म प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक सेवाकाल से भले ही सेवानिवृत्ति हो जाते हो। वह शिक्षण कार्य से हमेशा जुड़े रहते हैं।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजवती मिश्रा, निवासी लखनऊ के आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिवश मालती मिश्रा अंकित हो गया है।

इस संबंध में संबंधित द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सक्षम अधिकारी के समक्ष सत्यापन कराया गया है तथा अभिलेखों में सही नाम राजवती मिश्रा दर्ज कर नए आधार कार्ड जारी करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर संबंधित विभाग में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

# महाविद्यालय में छात्रों को दी गई आत्म सुरक्षा की जानकारी

- महिलाओं को कौशल , संसाधन व स्वावलंबी बनाना मिशन शक्ति कार्यक्रम का लक्ष्य : डॉ सुधीर श्रीवास्तव
- मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति चरण-5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज में रविवार, 29 मार्च 2026 को मिशन शक्ति (चरण-5) के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रथम इकाई) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवानी श्रीवास्तव ने मिशन शक्ति की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के दो प्रमुख घटक हैं– संबल, जो महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करता है, तथा सामर्थ्य, जो महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 1090, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी अदालत जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में मिशन शक्ति के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता और संरक्षण प्रदान करना , लिंग संवेदनशीलता के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाना , तथा महिलाओं को आवश्यक कौशल और संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना इस अभियान के मुख्य लक्ष्य हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 1,707 संभावित बाल विवाह रोके गए हैं तथा महिला हेल्पलाइन 1090 के माध्यम से 7.78 लाख मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य नियंता डॉ. सुशील कुमार, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक पांडेय, तथा डॉ. रामपाल यादव, डॉ. संतोष कुमार सिंह, सुनील कुमार वर्मा, इंद्रेश कुमार, अंशिका रानी, लक्ष्मी भारती, ममता, संगीता देवी सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं में वंदना वर्मा, आयुष, अमन, सूरज, लक्ष्मी, अतुल वर्मा, नेहा चौरसिया, दीक्षा पांडेय, अंतिमा, रिमझिम पटेल, किरन, रिचा, अहलम आदि ने गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया गया द्य कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### नगरपालिका बांसी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगरपालिका परिषद बांसी के कार्यालय पर सोमवार को 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. जमील अहमद, अधिशाषी अधिकारी जयप्रकाश यादव और नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश पटवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जमील अहमद ने संचारी रोगों और मच्छरों से होने वाली बीमारियों पर विशेष चर्चा की। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास जलजमाव न होने दें और मच्छरों से बचाव के लिए हर संभव सावधानी बरतें। अधिशाषी अधिकारी जयप्रकाश यादव ने आश्वस्त किया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पूरे नगरपालिका क्षेत्र में व्यापक स्तर पर एंटी-लार्वा का छिड़काव व फागिंग कराई जाएगी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत हरथर विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र

पत्रांक :- मेमो/ग्रा0पं0/टेण्डर निविदा/2026-27 दिनांक- 28/03/2026

**"निविदा सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 में मनरेगा/ वी0बी0-जी0 राम जी/ पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग)/ आर0जी0एस0ए0/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरथर विकास खण्ड राबर्ट्सगंज में कराये जाने वाले कार्यो हेतु सामाग्री आपूर्ति (ईट प्रथम श्रेणी, इण्टर लाकिंग, ईट, बालू/मोरम/बालू सफेद, बालू महीन, 20 एम0एम0/40 एम0एम0 डाला गिट्टी स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, शौचालय सामग्री, एन0पी03 ह्यूम पाईप कालर सहित, हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री, खेल सामग्री, साइन बोर्ड, सारिया, सीमेन्ट, स्टोन बोल्डर, पटिया, रिबोर, टाईल्स, पेन्ट पुट्टी एवं अन्य सामाग्री आवश्यकतानुसार) की दरें आमंत्रित की जाती हैं समस्त शासकीय विभागों के पंजीकृत ठेकेदार/सामाग्री आपूर्तिकर्ता, टिन, जी0एस0टी0 एवं पैन कार्ड निविदा देने वाली इच्छूक आपूर्तिकर्ता/फर्म दिनांक 01-04-2026 से दिनांक-10-04-2026 समय अपराह्न 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी-अपनी दरें तथा वांछित संलग्न बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 13-04-2026 को आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में अपराह्न 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय सें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-10-04-2026 के दोपहर 2 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म की दर 500.00 होगी। धरोहर की राशि 15000 रु0 (पन्द्रह हजार रू0) होगी।

* नोट निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्नक होगी।

**राजेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- हरथर**
**वि.ख.-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

**सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत- हरथर**
**वि.ख.-राबर्ट्सगंज, सोनभद्र**

## शान्तीप्रेमी भी संगठित हो

शान्तीप्रेमी भी युद्ध प्रेंमियों की तरह संगठित हो तभी शान्ती प्रभावी ढंग से आयेगी। इरान युद्ध में करीब एक महीने के बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जाहिर की है। दोनो पक्ष अपनी जिद छोडेगे तभी शान्ती का रास्ता निकलेगा। अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव में तेहरान के परमाणु और बौलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बन्द करने और होमुर्ज स्टेट को पूरी तरह खोलने की मांग है। ईरान ने भी अपनी मांगे रक्खी है। अमेरिका को पश्चिम एशिया में सभी ठिकाने बन्द करने होगे। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने अमेरिका और ईरान के बीच किसी तरह की बात चीत से इनकार किया है। सन्तोष किया जा सकता है कि शान्ती की चर्चा तो हो रही है।

ईरान और अमेरिका एक दूसरे जो चाहते है वह होना मुशकिल है। इन्ही मामलों में फरवरी में भी बातचीत अटक गई थी। जिन बिन्दुओं पर बात अटकी थी उसे पार करना देना के किये असम्भव लगता है। पर युद्ध मे तो इसी तरह के माहौल में बातचीत शुरू होती है। शान्ती के लिये दोनो की बीच बहुत से अडचने आयेगी उसे वही दोनो पार करेगे। वार्ता में कामन ग्राउन्ड तलाशना होगा। चूकी दोनो में भरोसे की कमी है। इसलिये बातचीत रूक भी सकती है। इससे पहले हुई सारी वार्तायें नाकाम रही है। वार्ता के बीच ही इस्राइल ने हमले शुरू कर दिये। इसे लेकर ईरान में हिचक भी है। उसके हिचक को समझी जा सकती है।

बातचीत शुरू करने और उसे सफल बानने के लिये जरूरी है कि पहले हमले बन्द किये जाये। दो धारा वाला प्रस्तव कामयाब नहीं हो सकता। यह नहीं हो सकता की ट्रम्प पश्चिम एशिया में अपने सैनिक बढ़ाते जाये और बातचीत की तैयारी भी करते जाये। इस युद्ध से यह सबक तो मिल ही गया कि ताकत के बल पर तबाही ही आती है। ट्रम्प को इस्राइल को भी हमला रोकने के लिये मनाना पड़ेगा। क्योकि एक पक्ष और अगर समझौता का पालन नहीं करता तो शान्ती का कोई मतलब नहीं निकलेगा।

ट्रम्प को थोड़ा संयमित होना चाहिये हर घटना में हर जगह अपनी टांग घुसडने की आदत से बाज आना चाहिये। ट्रम्प वैसे तो बहुत रोमान्टिक शक्स रहे है। पैसा, शराब और सुन्दरियां इनके फैशन रहा है। घोर राजनितिज्ञ बन गये है और तरह तरह की समस्यायें भी पैदा करते जा रहे है। नोबेल शान्ती प्रस्ताव की कामना भी करते जाते है। ऐसे नोबेल शान्ती प्रस्ताव नहीं मिलेगा। वह पाकिस्तान का साथ पकड़कर कौन से हल निकालेगे जबकि पाकिस्तान समस्या ही पैदा करता रहता है। खुद भूखा मर रहा है। उसका तो कुछ नुकसान होना नही है। क्योकि उसके पास नुकसान उठाने को कुछ भी नहीं है। पाक तो अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं आदेशो से मदद ही मांगता रहता है। पाक अपनी तख्ता पलट में और कुर्सी बचाने में उलझा रहता है। जो खुद ही एक समस्या है वह क्या समस्या का हल करेगा। बहरहाल शान्ती आनी चाहिये। जैसे आये।

जब सूना सूना तुम्हे लगे जीवन अपना।
तुम मुझे बुलाना मै गुन्जन बन अऊंगा।।

## महावीर स्वामी : मानवता के सच्चे मार्गदर्शक

महेन्द्र तिवारी

महावीर जयंती भारत के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक पर्वों में से एक है, जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिकता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने वाला पर्व है। इस दिन न केवल जैन समुदाय, बल्कि सभी धर्मों के लोग भगवान महावीर के उपदेशों को याद करते हैं और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। महावीर जयंती हमें यह सिखाती है कि सच्चा धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे व्यवहार, सोच और जीवन शैली में झलकना चाहिए। भगवान महावीर का जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व वैशाली के समीप कुंडलपुर में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। बचपन से ही उनमें असाधारण साहस, करुणा और संवेदनशीलता थी। वे राजसी वैभव में पले-बढ़े, लेकिन उनका मन सांसारिक सुखों में नहीं लगा। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने राज-पाट, परिवार और सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर सन्यास धारण कर लिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। यह त्याग ही उनके महान व्यक्तित्व की पहली झलक थी, जिसने उन्हें साधारण मनुष्य से महान आत्मा बना दिया।

महावीर स्वामी ने लगभग बारह वर्षों तक कठोर तपस्या और साधना की। इस दौरान उन्होंने अनेक कष्टों को सहन किया, लेकिन कभी विचलित नहीं हुए। अंततः उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, जिसे 'कैवल्य ज्ञान' कहा जाता है। इसके बाद उन्होंने अपने अनुभवों और ज्ञान को समाज के सामने प्रस्तुत किया और लोगों को सच्चे जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने कभी स्वयं को भगवान नहीं कहा, बल्कि यह बताया कि हर व्यक्ति अपने प्रयासों से आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है। यह विचार उस समय के लिए अत्यंत क्रांतिकारी था और आज भी उतना ही प्रासंगिक है। भगवान महावीर के उपदेशों का मूल आधार अहिंसा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीव को कष्ट पहुँचाना सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने न केवल शारीरिक हिंसा, बल्कि विचारों और शब्दों में भी अहिंसा का पालन करने की शिक्षा दी। उनके अनुसार, यदि हम किसी के प्रति बुरा सोचते हैं, तो वह भी एक प्रकार की हिंसा है। इसी के साथ उन्होंने सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों का भी प्रचार किया। ये पाँच महाव्रत आज भी जैन धर्म की आधारशिला हैं और मानव जीवन को संतुलित और नैतिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महावीर जयंती का पर्व इन शिक्षाओं को याद करने और उन्हें जीवन में उतारने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, भगवान महावीर की प्रतिमाओं का अभिषेक किया जाता है और शोभा यात्राएँ निकाली जाती हैं। श्रद्धालु भक्ति गीत गाते हैं, प्रवचन सुनते हैं और दान-पुण्य के कार्य करते हैं। कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं और आत्मचिंतन में समय बिताते हैं। यह सब केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मविकास के साधन हैं। महावीर जयंती का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के युग में, जब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और स्वार्थ बढ़ते जा रहे हैं, महावीर के उपदेश हमें शांति और संतुलन का मार्ग दिखाते हैं। उनका 'जियो और जीने दो' का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। यह हमें सिखाता है कि हमें न केवल अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए, बल्कि दूसरों के जीवन का भी आदर करना चाहिए।

इसके अलावा, महावीर स्वामी ने पर्यावरण संरक्षण का भी अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया। जब वे कहते हैं कि हर जीव महत्वपूर्ण है, तो इसमें पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और प्रकृति के सभी तत्व शामिल होते हैं। आज जब दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, उनके विचार हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं। यदि हम उनके सिद्धांतों का पालन करें, तो न केवल समाज में शांति स्थापित हो सकती है, बल्कि प्रकृति का संतुलन भी बना रह सकता है। महावीर जयंती हमें आत्मसंयम का भी महत्व सिखाती है। आज के भौतिकवादी युग में लोग अधिक से अधिक संपत्ति और सुख-सुविधाएँ प्राप्त करने की होड़ में लगे हैं। लेकिन महावीर स्वामी ने अपरिग्रह का संदेश देकर बताया कि आवश्यकता से अधिक संग्रह करना भी एक प्रकार का बंधन है। सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि भीतर की शांति और संतोष में होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamamahindi@gmail.com,

**पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने लेफ्ट विचारधारा को मानने वाले लोगों से अपील की है कि वे भले ही अपनी विचारधारा को मानते रहें, लेकिन राज्य के हित में भाजपा को वोट दीजिए। भाजपा के नेता नारा दे रहे हैं- दिल में रखिए विचारधारा, वोट लेकिन भाजपा को ही। भाजपा की कोशिश विपक्षी वोटों को जहां तक संभव हो, एकजुट करने की है।बंगाल में असल में जैसे-जैसे बंगाल में टीएमसी का कद बढ़ने लगा, लेफ्ट का पतन शुरू हो गया। बाद के चुनाव में 'लाल' वोटर 'भगवा' को मौन समर्थन देने लगे।**

## बंगाल में इस बार कांटे की टक्कर

पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव इस बार टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे का मुकाबला है। सत्तारूढ़ तृणमूल सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी फैक्टर चरम पर है। सरकार में भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि जैसे कई मुद्दे हैं, जिनका टीएमसी के पास कोई जवाब नहीं है। इसके अलावा ममता बनर्जी को चारों मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। एक तरफ कांग्रेस है तो दूसरी ओर लेफ्ट। एक तरफ उसके खिलाफ मुस्लिम वोट बैंक का गठबंधन है और सबसे बड़े मोर्चे पर खुद बीजेपी। ऐसे हालात में पिछली बार की कामयाबी से आगे निकलकर भगवा दल इस बार पश्चिम बंगाल की सरजमीं पर अपना परचम लहराना चाहता है। बीजेपी के थिंक टैंक ने टीएमसी के वोट बैंक को तोड़ने के साथ ही 'एक्स फैक्टर' पर भी फोकस किया है। बंगाल में ये एक्स फैक्टर कोई और नहीं, लेफ्ट वोट बैंक है। ये लेफ्ट वोटर अपनी वैचारिक पार्टी के कमजोर होने के बाद से कन्फ्यूज हैं। कभी बंगाल की सत्ता में राज करने वाले ये लेफ्ट के कार्यकर्ता निष्क्रिय से पड़े हैं। बीजेपी की सोच इस वोट बैंक अपने पक्ष में सक्रिय करने की है। जमीन पर यह वामपंथी वोट बैंक भाजपा की तरफ मुड़ा तो, उसे बड़ा फायदा हो सकता है। दूसरी ओर ममता के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कबीर-ओवैसी का गठबंधन अपना काम कर ही रहा है।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

बीजेपी थिंक टैंक ने ममता को उसके गढ़ में घेरने के लिए भवानीपुर विधानसभा में 'इस बार जय भवानी' का नारा देकर सुवेंदु अधिकारी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके साथ ही बीजेपी ने लेफ्ट के एक-एक छोटे कार्यकर्ता से संपर्क बनाना शुरू कर दिया है। घर-घर लेफ्ट विचारधारा वाले परिवारों से मिलने का सिलसिला चल रहा है। पार्टी के रणनीतिकार मानकर चल रहे हैं कि अगर लेफ्ट के कार्यकर्ता और वोटर बिना शोर किए गए भाजपा को समर्थन देते हैं तो, यह एक्स फैक्टर साबित हो सकता है। लेफ्ट का यह वोट बैंक भाजपा को सत्ता तक पहुंचाने का दम रखता है। दरअसल कभी लेफ्ट ने पश्चिम बंगाल की सत्ता पर बरसों तक राज किया है। अब लेफ्ट के ऐसे कार्यकर्ता, जो पार्टी से असंतुष्ट या निराश हैं, वे राज्य की तरक्की के लिए मूड बदल सकते हैं। उन्हें पता है कि लेफ्ट जीतने की स्थिति में नहीं है, इसलिए वो अपना वोट जाया न करके भाजपा के पाले में आ सकते हैं।

बीजेपी की घर-घर संपर्क का अभियान कुछ असर दिखाने लगा है। ऐसे लेफ्ट के नेता, जो सक्रिय राजनीति से दूर चले गए हैं और अब बदले माहौल में कुछ अच्छा फील कर रहे हैं। इनकी पहचान कर भाजपा के कार्यकर्ताओं और बड़े नेताओं को इनसे मिलने के लिए भेजा जा रहा है। लेफ्ट के कार्यकर्ताओं को मोटिवेट कर



भाजपा से जोड़कर पार्टी को वोट देने के लिए कहा जा रहा है। जनता के बीच चुनाव प्रचार तो चल ही रहा है, यह व्यक्ति केंद्रित संपर्क लेफ्ट वोट बैंक को साधने के लिए है। पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने लेफ्ट विचारधारा को मानने वाले लोगों से अपील की है कि वे भले ही अपनी विचारधारा को मानते रहें, लेकिन राज्य के हित में भाजपा को वोट दीजिए। भाजपा के नेता नारा दे रहे हैं- दिल में रखिए विचारधारा, वोट लेकिन भाजपा को ही। भाजपा की कोशिश विपक्षी वोटों को जहां तक संभव हो, एकजुट करने की है।बंगाल में असल में जैसे-जैसे बंगाल में टीएमसी का कद बढ़ने लगा, लेफ्ट का पतन शुरू हो गया। बाद के चुनाव में 'लाल' वोटर 'भगवा' को मौन समर्थन देने लगे। हालांकि, संख्या कम थी लेकिन फायदा तो हुआ ही। 2014 लोकसभा चुनाव में लेफ्ट का वोट शेयर 30 प्रतिशत के करीब था, जो 2019 में आकर 8 प्रतिशत के करीब रह गया है। भाजपा का वोट शेयर बढ़कर 2019 लोकसभा चुनाव के समय 17 से 40 प्रतिशत पहुंच गया। पिछले विधानसभा चुनाव में हाल यह रहा कि लेफ्ट पार्टी खाता नहीं खोल सकी। वहीं, भाजपा ने टीएमसी को चुनौती देते हुए 77 सीटें निकाल लीं। इससे साफ है विपक्षी वोटर टीएमसी के सामने भाजपा को एक विकल्प के तौर पर देखकर इस पार पूरा गेम बदल सकते हैं।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर सियासी तकरार छिड़ी है, पक्ष विपक्ष एक दूसरे के ऊपर तंज कस रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने अपनी नई लिस्ट में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता की मां को टिकट दिया है। तीसरी लिस्ट में भाजपा ने 19 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम रत्ना देबनाथ का था। आरजी कर अस्पताल की उस ट्रेनी डॉक्टर की मां हैं, जिनके साथ दुष्कर्म और फिर हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस घटना से पूरे देश की सड़कों पर लोग प्रदर्शन कर रहे थे. इतना ही नहीं, ममता के इस्तीफे की भी मांग हो रही थी। पार्टी ने उत्तर 24 परगना जिले की अहम मानी जाने वाली पानीहाटी सीट से आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस की पीड़िता की मां को उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने भावनात्मक और राजनीतिक दांव चला है। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी लगभग 30 प्रतिशत मानी जाती है, जो राज्य की करीब 100 से अधिक विधानसभा सीटों पर सीधे तौर पर प्रभाव डालती है। मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण 24 परगना और कुछ हद तक नदिया जैसे जिलों में यह प्रभाव और भी स्पष्ट दिखाई देता है। अब तक यह वोट बैंक काफी हद तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के साथ रहा है, जिसने खुद को अल्पसंख्यकों के भरोसेमंद राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित किया। लेकिन मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हुमायूं कबीर को इसी बात पर पार्टी से निकालकर ममता ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है और अपने वोट बैंक को नाराज कर लिया है। हुमायूं कबीर अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर पश्चिम बंगाल में मस्जिद बनवा रहे हैं, जिसका नाम भी उन्होंने बाबरी मस्जिद ही रखा है। हुमायूं कबीर और ओवैसी का गठबंधन ममता बनर्जी के इसी स्थिर समीकरण को चुनौती देता नजर आ रहा है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस बार मुस्लिम धर्म के आधार पर नया गठबंधन आने से यदि मुस्लिम वोटों में विभाजन होता है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने कई सीटों पर कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन एकजुट मुस्लिम वोटिंग ने टीएमसी को बढ़त दिलाई। अब अगर यही वोट बैंक विभाजित होता है, तो इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को उन सीटों पर बढ़त मिल सकती है जहां वह पहले मामूली अंतर से पीछे रह गई थी। इसके अलावा एंटी इनकंबेंसी फैक्टर भी ममता बनर्जी की टीएमसी को मुश्किलों में डाल सकता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह नया गठबंधन चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से बदल पाएगा।

## माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं

**'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है।**

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है।



ललित गर्ग



भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है।


निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। 'सुरक्षा और विकास' के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है।

माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। जब देश के भीतर शांति होगी, तब ही बाहरी खतरों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। नक्सलवाद जैसी समस्याएं अक्सर विदेशी शक्तियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी अवसर प्रदान करती हैं, जिन्हें समाप्त करना राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से माओवादी मुक्ति न केवल आंतरिक, बल्कि सामरिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए कानून का शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की समान पहुंच आवश्यक होती है। माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में इन सभी तत्वों का अभाव था। वहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी और लोकतांत्रिक संस्थाएं प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब जब माओवादी प्रभाव घट रहा है, तब सरकार के लिए यह अवसर है कि वह इन क्षेत्रों में सुशासन की मजबूत नींव रखे। पंचायतों को सशक्त किया जाए, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाए और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। यह भी आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव को केवल सुरक्षा उपायों से ही नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी चुनौती दी जाए। शिक्षा, जागरूकता और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतंत्र में परिवर्तन का मार्ग शांतिपूर्ण और संवैधानिक होता है। इस दिशा में समाज, सरकार और नागरिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना होगा।

## अफवाह बनाम ज़मीनी हकीक

**देश में पर्याप्त फ्यूल स्टॉक मौजूद है। लॉकडाउन और फ्यूल क्राइसिस की खबरें पूरी तरह भ्रामक है सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी से सतर्क रहने की अपील की गई है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीयमंत्री ने सोशल मीडिया पर चल रही लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह गलत और हानिकारक बताया है। लोग घबराएं नहीं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें, क्योंकि ईंधन और जरूरी वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है।**

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी ने दुनियाँ को जिस तरह से झकझोर कर रख दिया था,उसकी स्मृतियाँ आज भी लोगों के मन में ताज़ा हैं। 2020-21 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन,आर्थिक गतिविधियों का ठप होना,सड़कों पर सन्नाटा और अनिश्चित भविष्य ये सब अनुभव आज भी समाज की सामूहिक चेतना में गहराई से बसे हुए हैं।ऐसे में जब 2026 में ऊर्जा संकट, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और सरकारों की लगातार बैठकों की खबरें सामने आती हैं,तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में यह सवाल उठता है,क्या दुनियाँ एक बार फिर लॉकडाउन की ओर बढ़ रही है? क्या यह एक नए प्रकार का ऊर्जा लॉकडाउन होगा? या यह केवल अफवाहों औरसोशल मीडिया की उपज है? इस बार संकट का कारण कोई वायरस नहीं, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अनिश्चितताएँ हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका ने कई देशों को सतर्क कर दिया है। कुछ देशों में बिजली की खपत कम करने के लिए स्कूल-कॉलेजों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है,सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में केवल चार दिन काम का मॉडल अपनाया जा रहा है, और वर्क फ्रॉम होम को फिर से प्रोत्साहित किया जा रहा है।यह स्थिति भले ही कोविड जैसी स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव उतने ही गहरे हो सकते हैं।श्रीलंका जैसे देशों में पहले से ही ऊर्जा संकट के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि ऊर्जा संकट केवल आर्थिक समस्या नहीं है,बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और नागरिक जीवन को भी सीधे प्रभावित करता है।भारत की स्थिति की व्याख्या हम,सतर्कता लेकिन घबराहट नहीं के रूप में कर सकते हैं,भारत भी इस वैश्विक संकट को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 26 मार्च 2026 को शाम साढ़े छह बजे बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। इन बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में तेल,गैस और अन्य आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के पास लगभग 60 दिनों का ईंधन भंडार उपलब्ध है, जो तत्काल किसी बड़े संकट की संभावना को कम करता है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।वित्त मंत्री संसदीय कार्य मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री ने संयुक्त रूप से बयान देकर इन अफवाहों को खारिज किया है। भारत में लॉकडाउन के संदेह का जन्म संसद में पीएम के बयान की



किशन भावनानी




गलत व्याख्या,अफवाहों के कारण कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग की स्थिति उत्पन्न हुई, इंडियन ऑइल कारपोरेशन और भारत पेट्रोलियम ने सफाई दी हैसरकार का स्पष्ट संदेश है कि देश में पर्याप्त फ्यूल स्टॉक मौजूद है। लॉकडाउन और फ्यूल क्राइसिस की खबरें पूरी तरह भ्रामक है सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी से सतर्क रहने की अपील की गई है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीयमंत्री ने सोशल मीडिया पर चल रही लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह गलत और हानिकारक बताया है। लोग घबराएं नहीं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें, क्योंकि ईंधन और जरूरी वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है। डर का नया स्रोत इसको समझने की करें तो आज के डिजिटल युग में सूचना जितनी तेजी से फैलती है,उतनी ही तेजी से भ्रम और अफवाहें भी फैलती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऊर्जा लॉकडाउन और देशव्यापी बंदी जैसे शब्द ट्रेंड करने लगे,जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया।पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने लगीं,गैस सिलेंडर और आवश्यक वस्तुओं की खरीद अचानक बढ़ गई।यह स्थिति बताती है कि संकट केवल वास्तविक नहीं होता, बल्कि उसकी धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है,तो उनका व्यवहार भी उसी अनुसार बदल जाता है,चाहे वास्तविक स्थिति उतनी गंभीर न हो।

साथियों बात अगर हम भारत की रणनीति संतुलन और स्थिरता को समझने की करें तो भारत ने पिछले कुछवर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में विविधीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा पर बढ़ता जोर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, और आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण ये सभी कदम भारत को इस प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम बनाते हैं।सरकार का वर्तमान फोकस स्पष्ट है आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखना,कीमतों को नियंत्रित रखना,जनता में घबराहट को रोकना,जनता की भूमिका-संयम और जागरूकता- किसी भी संकट के दौरान सरकार की नीतियों के साथ-साथ जनता का व्यवहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि लोग अफवाहों पर विश्वास करके अनावश्यक खरीददारी करते हैं, तो इससे कृत्रिम संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि लोग केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक बयानबाज़ी और उसके प्रभाव को समझने की करें तो,इस पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक बयानबाज़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बार फिर लॉकडाउन लगा सकती है और लोगों को घरों में कैद कर सकती है।उन्होंने 2021 के लॉकडाउन और चुनावों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। हालांकि, ऐसे बयान अक्सर राजनीतिक दृष्टिकोण से दिए जाते हैं,लेकिन इनका असर आमजनता पर गहरा पड़ता है। जब एक वरिष्ठ नेता इस तरह की आशंका व्यक्त करता है, तो लोगों के मन में अनिश्चितता और भय और अधिक बढ़ जाता है।

# 99% अंक लाकर सना बनी स्कूल टॉपर, मिली साइकिल

अवधनामा संवाददाता




■ जिला अध्यक्ष अन्नु श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ, बच्चों को किया प्रोत्साहित

फतेहपुर। प्राथमिक विद्यालय अस्ती में सोमवार को 'मेधा अलंकरण समारोह' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रति छात्र नकद धनराशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। विद्यालय की विशेष परंपरा के अनुसार हर वर्ष मेधावी छात्रों को साइकिल भी दी जाती है। इस वर्ष कक्षा 5 की छात्रा सना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99% अंक हासिल किए और अपनी कक्षा के 55 छात्रों को पीछे छोड़ते हुए स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें साइकिल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अन्य छात्रों को भी ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आसिया फारूकी ने कक्षा 5 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। इसके साथ ही महिला अभिभावकों एवं विद्यालय की रसोइयों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ हुआ।

# 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ लोकार्पण, 89 का शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

देवरिया। सोमवार को आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव-निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं प्रस्तावित परियोजना कार्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में देवरिया में 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा 3 परियोजना कार्यालयों सहित 89 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास संपन्न हुआ। निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत जनपद में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयनित 573 आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं 3 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम विभिन्न परियोजनाओं में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने सलेमपुर एवं लार बाल विकास परियोजनाओं में, विधायक सदर डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सदर एवं शहर परियोजनाओं में, विधायक रुद्रपुर श्री जय प्रकाश निषाद ने रुद्रपुर में, विधायक बरहज दीपक मिश्र 'शाका' ने बरहज एवं भागलपुर में तथा विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने रामपुर व तरकुलवा परियोजनाओं में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख गौरी बाजार द्वारा गौरी बाजार तथा प्रमुख भलुअनी छट्ठू यादव द्वारा भलुअनी परियोजना में भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# प्राथमिक विद्यालय कुटी पर में वार्षिकोत्सव मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता



■ एसडीएम अभिनीत कुमार ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ
■ 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ, बच्चों को वितरित की गई पुस्तकें

फतेहपुर। प्राथमिक विद्यालय कुटी पर में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माया मौर्या ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खागा के उप जिला अधिकारी अभिनीत कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ आदर्श नगर पंचायत खागा की अधिशासी अधिकारी देवहूती पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी रत्नामणि मिश्रा सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं कुछ अभिभावकों को 'बेस्ट गार्जियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में अभिभावकों का उत्साह और बढ़ा। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ऐरायां रत्नामणि मिश्रा ने बच्चों को पुस्तक वितरण कर 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा बनाई गई सुंदर मूर्तियों को विद्यालय स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। अतिथियों ने प्रधानाध्यापिका माया मौर्या, शिक्षिकाओं रंजना देवी, सुमित्रा देवी एवं समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर एआरपी आकाश सिंह, समर बहादुर सिंह, रघुराज सिंह, दीपक कुमार मौर्य सहित सैकड़ों अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सभी विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

देवरिया। एक से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' और 10-30 अप्रैल तक 'दस्तक अभियान' के लिए सोमवार कोई विकास भवन गांधी सभागार में में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक की गई हैं। बैठक में सीडीओ ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, और दिमागी बुखार, फाइलेरिया, कालाजार की रोकथाम के लिए स्वच्छता, फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे, और घर-घर सर्वे के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से युद्धस्तर पर कार्य करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी लोगों को शपथ दिलाकर अभियान को पूरा करने का निर्देश दिया। सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए फॉगिंग, तालाबों-नालों में एंटी लार्वा छिड़काव और कूड़े के समुचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। कहा कि स्कूलों और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# एसपी की वर्चुअल जनसुनवाई, त्वरित निस्तारण के निर्देश

उरई (जालौन)। जनपद जालौन में पुलिस अधीक्षक ने आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर एक अहम पहल की। एसपी जालौन द्वारा क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस दौरान थानों और कार्यालयों में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों की समीक्षा की गई। एसपी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों से कहा गया कि वे शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और जवाबदेही बनाए रखें।

# 'पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध'

## डीएम-एसपी ने सभी पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी वितरण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



उरई (जालौन)। जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, एस्सार तथा जीओबीपी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ईंधन आपूर्ति, वितरण व्यवस्था, पारदर्शिता तथा जनसामान्य को सुगमता से उपलब्धता कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाई जाए, जिसमें स्पष्ट रूप से अंकित रहे कि पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा उपभोक्ता आवश्यकता के अनुरूप ही डीजल व पेट्रोल खरीदें। उन्होंने कहा कि किसी भी पेट्रोल पंप पर डीजल या पेट्रोल की अनावश्यक कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी स्थान पर स्टॉक कम होता है तो संबंधित कंपनी एवं पंप संचालक तत्काल अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करें, जिससे जनपदवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त पेट्रोल पंपों पर सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक 8 घंटे के अंतराल पर अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे और डीजल स्टॉक, रिजर्व स्थिति, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को डीजल व पेट्रोल उपलब्धता की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि डीजल वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए तथा किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से वितरण में बाधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कालाबाजारी, कृत्रिम संकट उत्पन्न करने, अनियमित वितरण अथवा उपभोक्ताओं को भ्रमित करने जैसी शिकायतें मिलने पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए और जनसामान्य तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि जनपद में डीजल एवं पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरुक

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। ग्रामीण क्षेत्र के लौना गांव मे तथा नगर के पटेल चौक स्थित पिंक बूथ पर किया गया जागरुकता अभियान



जालौन। कोतवाली जालौन की एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत नगर जालौन के पटेल चौक स्थित पिंक बूथ पर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लौना गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महिला एस आई मधु, महिला पुलिस कर्मी प्रकाक्षा, कस्मीरा आदि पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### परिवार परामर्श केंद्र : तीन परिवारों में हुआ समझौता

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। जालौन में महिला परिवार परामर्श केंद्र एक बार फिर रिश्तों को बचाने में सफल रहा। केंद्र द्वारा वैचारिक मतभेदों के चलते टूट की कगार पर पहुंचे तीन परिवारों में सुलह कराई गई। परामर्श केंद्र में पहुंचे दंपत्तियों के बीच लंबे समय से चल रहे विवादों को महिला पुलिस अधिकारी व नामित सदस्यों की टीम ने गंभीरता से सुना। दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें आपसी समझ, धैर्य और संवाद का महत्व बताया गया। टीम के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया और सभी तीनों परिवारों ने आपसी मनमुटाव खत्म कर साथ रहने का फैसला किया।



# 'विद्यार्थी जीवन में गाइडेन्स व डिसिप्लिन है तो हमे आगे जाने से कोई रोक नहीं सकता'

अवधनामा संवाददाता




■ स्कूल के बच्चों ने धूमधाम से मनाया सांसद डॉ विनोद बिंद का जन्म दिन

चन्दौली। सांसद विनोद बिंद का जन्म दिन एक स्कूल के बच्चों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। सांसद डॉ विनोद बिंद एसआईडीए पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड व पुरष्कार वितरण के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। सांसद का स्कूल में प्रवेश करते ही बच्चो ने सरप्राइज करते हुए अपने हाथ मे सांसद डॉ विनोद बिंद का पोस्टर लहराते हुए हैप्पी बर्थडे का गीत गाने लगे। इस अवसर पर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद और उनकी पत्नी प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने बच्चों को धन्यवाद व अपना आशीर्वाद दिया।

उन्होंने बच्चो को कहा कि आपने हमारे जन्म दिन को खास बना दिया इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाये व बधाई। आप खूब मन लगाकर पढ़िए आगे बढ़िए। जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि पढ़ लिख कर एक अच्छा इंसान बने। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमे लगातार परिश्रम करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। आज आपलोग जिस तरह से हमारे जन्म दिन की बधाई दिया इसके लिए स्कूल को आभार व्यक्त किया। कहा कि जब हम छोटे होते है तो माता पिताजी हमारा जन्म दिन मनाते रहते है। अगर सफल रहा तो जन्म दिन मनता रहता है, विफल हो गया तो एक समय के बाद जन्म दिन मनना बंद हो जाता है। बच्चो को कहा कि जीवन मे सबसे जरूरी शिक्षा है। इसलिए आपलोग खूब पढ़िए और अपने माता पिताजी का नाम रोशन करे। जब आप सफल हो जाएंगे तो तीन ऐसे इंसान है जिसे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है वह है माता पिता व गुरु। उन्होंने कहा कि हमे परमात्मा से मिलाने का कार्य माता पिता व गुरु ही करते है। अगर हम उनके बताए गए रास्ते पर चलेंगे तभी परमात्मा जी दर्शन देंगे। जिनकी आस्था होती है उन्हें ही भगवान दिखाई देते है। जब हमारे अंदर आस्था होगी तो हमारे माता पिता में भगवान दिखाई देगा। कहा कि जनरेटिंग पावर ऑपरेटिंग पावर व

डिस्ट्रॉय पावर होते है। हमारे ग्रंथो में ब्रम्हा विष्णु महेश तीनो का अलग कार्य है। एक का कार्य जनरेट करना दूसरा का कार्य ऑपरेट करना व तीसरा का कार्य डिस्ट्रॉय करना अर्थात मुक्ति व मोक्ष देना होता है।

# कंचन बनी असिस्टेंट कमिश्नर परिजनों में खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता



चंदौली। जनपद के मुगलसराय नगर स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी, चंधासी निवासी कुमारी कंचन गुप्ता ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर वाणिज्य कर विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9 प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। कंचन गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से हुई, जहाँ से उन्होंने वर्ष 2019 में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से वर्ष 2022 में इकोनॉमिक्स ऑनर्स की डिग्री हासिल की। अपनी पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी, जिसका परिणाम आज इस सफलता के रूप में सामने आया है।

कंचन के पिता नरेश कुमार चकिया स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती वंदना देवी एक गृहिणी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद कंचन ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल की है।

कंचन की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों, परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

## सुल्तानपुर घोष में रूहानी महफिल, दस्तारबंदी के बाद उलेमाओं की मौजूदगी में दीन-ए-इस्लाम का पैगाम

# नातिया कलाम और तकरीरों से महका माहौल

अवधनामा संवाददाता



फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष गांव में एक बेहद रूहानी और इल्मी माहौल उस वक्त देखने को मिला, जब हाफ़िज़ मोहम्मद गौश ने बरेली में अपनी दस्तारबंदी के बाद अपने गांव में उलेमाओं और अहले-ईमान के बीच एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन उनके आवास के दरवाजे पर ईशा की नमाज के बाद शुरू हुआ, जो देर रात तक इबादत, नातिया कलाम और तकरीरों से गुलज़ार रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत और नात-ए-पाक से हुई, जिसके बाद हाफ़िज़ मोहम्मद गौश ने खुद नात पढ़कर महफिल को इश्क-ए-रसूल से महका दिया। उन्होंने अपने कलाम के जरिए इस्लाम की अज़मत और उसकी ताकत को बयान किया, जिससे मौजूद लोगों के दिलों में दीन की मोहब्बत और मजबूत हुई। इस मौके पर मौलाना कासिम रज़ा नूरी, क़ारी मतीन और क़ारी बिलाल नूरी जैसे जाने-माने उलेमाओं ने शिरकत की और अपने बयानात के जरिए दीन-ए-इस्लाम की सही समझ और उसकी अहमियत को उजागर किया। क़ारी बिलाल नूरी ने नात-ए-मुस्तफा पेश कर माहौल को और भी रूहानी बना दिया, वहीं मौलाना कासिम रज़ा नूरी ने अपनी तकरीर में कुरआन और हदीस की रोशनी में इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं पर जोर देते हुए लोगों को नेक राह पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने अपने बयान में अल्लाह के प्यारे रसूल हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के पाक किरदार के साथ-साथ पीराने पीर हज़रत अब्दुल कादिर जिलानी, ख़्वाजा गरीब नवाज़ हज़रत मोइनुद्दीन चिश्ती और आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खान फाज़िल-ए-बरेलवी के वाक़यात को पेश करते हुए लोगों को ईमान पर कायम रहने और दीन की राह पर डटे रहने का पैगाम दिया। महफिल में इसरार फतेहपुरी जैसे मशहूर नात ख्वां ने अपने कलाम से शमा बांध दी, जिससे पूरा माहौल इश्क-ए-इलाही और इश्क-ए-रसूल में डूब गया।

# गैस एजेंसियां बुकिंग सिलेंडर की कर रहीं कालाबाजारी

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता हकलान



गाजीपुर। जिला प्रशासन द्वारा जनपद में पेट्रोल डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित होने की बात कही जा रही है लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत नजर आ रही है। डीजल और पेट्रोल तो मिल रहा है लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को मारे मारे फिरना पड़ रहा है।

गैस एजेंसियों की मनमानी और कालाबजारी की चर्चा जोरों पर है और इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता क्योंकि अनेकों उपभोक्ताओं के मार्च की सिलेंडर बुकिंग तो एजेंसी वालों ने की और उनके सिलेंडर उपभोक्ताओं को देने के बदले स्वयं ही मोटी रकम लेकर बेंच दी। अब सिलेंडर बुकिंग न होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गैस सिलेंडर को लेकर एक गैस एजेंसी पर जहां संचालक द्वारा उपभोक्ता के साथ गये युवक से मार पीट की गयी, वहीं पूर्वांचल गैस एजेंसी गाज़ीपुर सहित अन्य व गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ता की स्वयं बुकिंग कर सिलेंडर को स्वयं बेच दिया गया आजिज उपभोक्ताओं ने इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, पूर्ति अधिकारी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवेदन देकर दोषी एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उपभोक्ताओं को उनके बुकिंग सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है।

# कक्षा शिक्षण में विषयक कार्यशाला सम्पन्न

गाजीपुर। शिक्षकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने एवं कक्षा शिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), सैदपुर में 'कक्षा शिक्षण में तकनीकी एवं नवाचार' विषयक कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्राचार्य/उप-शिक्षा निदेशक श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशन में आयोजित सेमिनार के नोडल अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार राय एवं हरिओम प्रताप यादव रहे। सेमिनार की विषय स्थापना डॉ सर्वेश कुमार राय द्वारा की गई, जिसमें उन्होंने वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में तकनीकी नवाचारों की आवश्यकता और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ दीपक सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मिर्जापुर) एवं डॉ सन्तोष यादव (डी.सी.एस.के. पी.जी. कॉलेज, मऊ) रहे। वक्ताओं ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में तकनीकी उपकरणों के प्रभावी उपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्मार्ट कक्षाओं एवं नवाचार आधारित शिक्षण विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# जिला बार चुनाव में शाहिद अख्तर को अधिवक्ताओं का मिला जबरदस्त समर्थन

अवधनामा संवाददाता



■ आदर्श अधिवक्ता संगठन ने किया जीत का दावा

फतेहपुर। जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर कचहरी परिसर में इन दिनों राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट कंपाउंड स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक कुमार गुप्ता के चेंबर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शाहिद अख्तर एडवोकेट के समर्थन में अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाई और उन्हें पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने शाहिद अख्तर का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि शाहिद अख्तर हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। ऐसे में उन्हें भारी मतों से विजयी बनाना सभी का लक्ष्य है। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने उन्हें विजय का आशीर्वाद देते हुए भरोसा दिलाया कि चुनाव में वे तन-मन-धन से उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर शाहिद अख्तर ने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और बार की गरिमा बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस समर्थन के बाद शाहिद अख्तर के खेमे में खासा उत्साह देखा जा रहा है और चुनाव प्रचार ने अब तेजी पकड़ ली है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वसीम खान एडवोकेट, वीरेंद्र दुबे एडवोकेट, फहीम खान, श्याम प्रकाश एडवोकेट, धर्मेंद्र तिवारी, करण सिंह यादव एडवोकेट, राजेश कुमार यादव, सैयद शोएब अहमद, महताब आलम, फरहान खान सहित कई अधिवक्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति होने पर शिव शरण बंधु को दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता



फतेहपुर। शिक्षा क्षेत्र हथगाम के कंपोजिट विद्यालय मोहलिया में सोमवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षक एवं प्रख्यात कवि-शायर शिव शरण बंधु को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें शाल, उपहार एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की हेडमास्टर शाहीन तबस्सुम को भी विदाई देकर उनके योगदान को सराहा गया।

विदाई समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापिका शाहीन तबस्सुम एवं शिक्षक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदीप कुमार सिंह, शिव लखन साहू, शिवेंद्र मिश्रा, शिक्षा मित्र वीर सिंह, विशेष शिक्षक अजमेर सिंह, मंसूर हसन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना, सहायिका, रसोइयों तथा छात्र-छात्राओं ने भावुक माहौल में उन्हें विदाई दी। हेड शाहीन तबस्सुम ने अपने संबोधन में शिव शरण बंधु के शिक्षण कार्य एवं साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अलग से सम्मानित भी किया। वहीं दूसरी ओर आकांक्षी ब्लॉक हथगाम के विकास खंड मुख्यालय में आयोजित प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भी शिव शरण बंधु को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मनभावन शास्त्री रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सौरभ अवस्थी, पूर्व एआरपी विनोद मिश्रा, सत्येंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर शिव शरण बंधु के सुखमय और स्वस्थ जीवन की कामना की।

अवधनामा



# रोमांटिक जगह: पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं रोमांटिक पल, जिंदगी में भर जाएगा रोमांस

अगर आप भी किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने लगती है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए कई लोग पहाड़ों पर घूमने के लिए जाते हैं। इस महीने में कपल्स गर्मी से दूर हसीन, खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहों की तलाश करते हैं। जहां पर वह रोमांटिक और सुकून के पल बिता सकें। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल के महीने में किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**सोनमर्ग**

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग का ही रुख कर सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर की हसीन वादियों में मौजूद है। इसको जम्मू-कश्मीर का एक रोमांटिक और खूबसूरत हिल स्टेशन माना जाता है।

अप्रैल में सोनमर्ग का तापमान 2एष्ट से लेकर 15एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप कृष्णासर झील, विशनसर झील, थजवास ग्लेशियर और बालटाल घाटी जैसी रोमांटिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में ऐसी कई शानदार और हसीन जगहें मौजूद हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए



जा सकते हैं। हिमाचल में स्पीति वैली एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है।

अप्रैल की गर्मी में यहां पर कई कपल्स घूमने के लिए आते हैं। अप्रैल में स्पीति वैली का तापमान 7एष्ट से लेकर 20एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप पिन वैली नेशनल पार्क और चंद्रताल को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**गंगटोक**

अप्रैल के महीने में पूर्व भारत में गंगटोक जा सकते हैं। कपल्स के लिए यह एक हसीन और रोमांटिक जगह है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक पूर्व भारत का एक टॉप क्लास डेस्टिनेशन है।

गंगटोक में बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झीर-झरने और घने जंगल यहां की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यह पूर्व भारत का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। गंगटोक में आप एनचे मठ, त्सोमो झील, ताशी व्यू प्वाइंट और हिमालयन जूलॉजिकल पार्क जैसी हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चोपता**

समुद्र तल से करीब 8 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर मौजूद चोपता एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। हिमालय की गोद में बसे चोपता हिल स्टेशन पर हर कपल्स जाना चाहता है। चोपता एक रोमांटिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है।

अप्रैल में यहां का तापमान 2एष्ट और अधिकतम 15एष्ट रहता है। इसलिए यहां पर कई कपल्स हनीमून मनाने के लिए पहुंचते हैं और साथ में टाइम स्पेंड करते हैं। चोपता में आप देवरिया ताल, तुंगनाथ मंदिर और चंद्रशिला ट्रेक आदि जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कुर्ग**

अगर आप अप्रैल महीने में दक्षिण भारत की किसी शानदार और हसीन जगह जाना चाहते हैं। तो आपको कुर्ग पहुंचना चाहिए। यह कर्नाटक का एक खूबसूरत और रोमांटिक हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में स्टे के लिए आपको कई रिसॉर्ट और विला मिल जाएंगे। जहां पर आप रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां पर आप राजा की सीट, एबी फॉल्स, दुबारे हाथी शिवर और नामद्रोलिंग मठ आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत



जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

### मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

### मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

### सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

### आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।

## स्काइडाइविंग का मजा लेने के लिए दक्षिण भारत की इन जगहों पर पहुंचे, जिंदगी भर याद रहेगा ये एडवेंचर



लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

पहाड़ों पर घूमने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है। लेकिन जब हम पहाड़ों पर घूमने जाते हैं, तो एडवेंचर एक्टिविटी करना पसंद करते हैं। कई लोग रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, कैम्पिंग और स्कूबा डाइविंग करना पसंद करते हैं। इस दौरान लोग स्काइडाइविंग का लुत्फ उठाना भूल जाते हैं। यह एक ऐसी एडवेंचर एक्टिविटी है, जिसको कई लोग करना पसंद करते हैं। हालांकि कुछ लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मैसूर स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत में किसी शानदार और चर्चित जगह स्काइडाइविंग एक्टिविटी करने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले मैसूर का ही नाम लेते हैं। मैसूर कर्नाटक की एक खूबसूरत जगह होने के साथ-साथ एडवेंचरस जगह भी है।

मैसूर में स्काइडाइविंग के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेकिंग के बाद करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई से जम्प किया जाता है। स्काइडाइविंग के दौरान, मैसूर शहर के आसपास के इलाकों की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। यहां आकाश में उड़ते समय रोमांचक पल कोई नहीं भूल पाता है।

समय- 30-40 मिनट की स्काइडाइविंग।

चार्ज- करीब 25 हजार रुपये से शुरुआत।

**पुडुचेरी स्काइडाइविंग**

पुडुचेरी देश की एक ऐसी जगह है, जहां पर हर दिन हजारों के अधिक की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुडुचेरी देश के टॉप डेस्टिनेशन में से एक है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पुडुचेरी अपनी खूबसूत समुद्री लहरों के साथ स्काइडाइविंग के लिए भी फेमस है। यहां स्काइडाइविंग के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं और समुद्र के ऊपर से उड़ान भरते हैं। यहां पर 10 हजार फीट की ऊंचाई से जंप करते समय आपको कई शानदार दृश्य देखने को मिलेंगे।

समय-15-20 मिनट की स्काइडाइविंग

चर्च-करीब 18 हजार रुपये से शुरुआत

**हैदराबाद स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद सिर्फ बिरयानी के लिए नहीं बल्कि कई चीजों के लिए फेमस है। हैदराबाद स्काइडाइविंग के लिए पूरे भारत में फेमस माना जाता है।

यहां पर आप नागार्जुन सागर एयरपोर्ट पर स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं। टेंडम जंपिंग के लिए यह बेहतरीन जगहों में से एक है। हैदराबाद में करीब 10-12 हजार फीट की ऊंचाई से स्काइडाइविंग के लिए जंप किया जाता है। वहीं स्काइडाइविंग के लिए सागर एयरपोर्ट के पास ट्रेनिंग भी दी जाती है।

जगह- हैदराबाद से करीब 40 किमी दूर पोचमपल्ली

चार्ज- टेंडम जंप के लिए करीब 20 हजार रुपये से शुरुआत।

## फैमिली के साथ इन शानदार जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट, हर पल रहेगा यादगार

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

हर कोई परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता है। इसलिए जब भी लोगों को समय मिलता है, तो वह अपने परिवार के साथ पसंदीदा जगहों पर पहुंच जाते हैं। अप्रैल के महीने में कई लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं। अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण लोग फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर मौज-मस्ती का प्लान बनाते हैं। लेकिन लोग सही जगह का चुनाव नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

अगर आप अप्रैल के महीने में



हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में फैमिली संग घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो मैक्लॉडगंज आपके लिए परफेक्ट जगह है। यह हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन है। जोकि धर्मशाला से करीब 5 किमी दूर है।

अप्रैल में मैक्लॉडगंज का मौसम सुहावना रहता है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ यहां पर यादगार पल बिता सकते हैं। आप मैक्लॉडगंज में फैमिली के साथ सेंट जॉन चर्च, नड्डी व्यू पॉइंट, भागसूनाग वाटरफॉल और डल झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**बेताब वैली**

जब भी जम्मू-कश्मीर में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले गुलमर्ग, श्रीनगर या फिर सोनमर्ग का नाम लेते हैं। लेकिन आप इन सभी से हसीन बेताब वैली को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह वैली जम्मू-कश्मीर का वह छिपा हुआ खजाना है, जिसकी खूबसूरती देखकर आप खुशी से झूम उठेंगे।

बेताब वैली में घास के मैदान, शांत और शुद्ध वातावरण और झील झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। वहीं बॉलीवुड की कई फिल्मों की यहां पर शूटिंग हो चुकी है। अप्रैल के महीने में यहां का तापमान एकदम सुहावना रहता है।

**मुनस्यारी**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी सबसे खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन माना जाता है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। उत्तराखंड में स्थित मुनस्यारी को छोटा कश्मीर भी कहा जाता है। अप्रैल के महीने में मुनस्यारी में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। इस महीने यहां का तापमान 5एष्ट से 16एष्ट के बीच रहता है। ऐसे में आप इस दौरान यहां पर फैमिली के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं। मुनस्यारी में आप थमरी कुंड, बेतुली धार, खलिया टॉप और नंदा देवी मंदिर जैसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

**रोहडू**

समुद्र तल से करीब 5 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद रोहडू एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

## भारतीय कपल्स बिना वीजा के इन देशों की कर सकते हैं यात्रा, दुनिया देखने का सपना हुआ आसान

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक गेटअवे या हनीमून पर देश के बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं। लेकिन वीजा की दिक्कतों और कागजी कामों के चलते प्लान कैंसिल करने की सोच रहे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास सिर्फ पासपोर्ट है तो आप बिना वीजा के कई देशों में घूम सकते हैं। यह ऐसे देश हैं, जहां पर भारतीय नागरिक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह देश न सिर्फ खूबसूरत है, बल्कि कपल्स यहां पर खास एक्सपीरियंस कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।

अगर आपके पास भारतीय पासपोर्ट है, तो आप 57 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।



दरअसल, हेनली पासपोर्ट पावर इंडेक्स के मुताबिक भारतीय पासपोर्ट 122वें स्थान पर है। जिसके जरिए भारतीय नागरिक 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं वह 57 देश कौन से हैं, जहां पर आप वीजा के बिना यात्रा कर सकते हैं।

बारबाडोस, भूटान, बोलीविया, ब्रिटिश वर्जिन आइसलैण्ड्स, बुरुन्डी, कंबोडिया, गिनी-बिसाऊ, आइलैंड्स, जिबूटी, जमैका, जॉर्डन, कजाखस्तान, केन्या, कोमोरो द्वीप, कुक, इथियोपिया, फिजी, ग्रेनेडा, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, त्रिनिदाद और टोबैगो, हैती, इंडोनेशिया, ईरान, किरिबाती, लाओस, मकाओ (एसएआर चीन), म्यांमार, नेपाल, नियू, पलाऊ द्वीप समूह, कतर, डोमिनिका, मार्शल द्वीपसमूह, मॉरिटानिया, मॉरीशस, समोआ, सेनेगल, सेशल्स, सेरा लिओन, सोमालिया, माइक्रोनेशिया, मोंटसेराट, मोजाम्बिक, रवांडा, केप वर्डे द्वीप समूह, श्रीलंका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तुवालू, वानुअतु, जिम्बाब्वे।

**किन देशों में कितने दिन का फ्री है वीजा**

**मालदीव**

मालदीव में बिना वीजा के 30 दिन रह सकते हैं। यहां पर सफेद रेत, क्रिस्टल क्लियर पानी और शानदार रिजॉर्ट्स हैं। यह भारतीय कपल्स के घूमने के लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन है।

**भूटान**

भूटान में बिना वीजा के 14 दिनों तक स्टे की अनुमति है। भूटान की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृति भारतीयों के लिए आकर्षक बनाती है। भूटान का %हैप्पिनेस इंडेक्स भी बहुत फेमस है।

**नेपाल**

नेपाल में बिना वीजा के भारतीय 90 दिनों तक घूम सकते हैं। हिमालय की गोद में बसा यह देश भारतीय कपल्स के लिए बेहतरीन जगह है। नेपाल में आप ट्रैकिंग और पर्वतीय पर्यटन का अनुभव ले सकते हैं।

**दुबई**

दुबई में घूमने के लिए आप 14 दिन के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा ले सकते हैं। दुबई एक ग्लैमरस शहर है। यहां पर शानदार आर्किटेक्चर, शॉपिंग मॉल्स और बीबैक बीचेस हैं।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

## कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां



पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ है, जहां आप सैर कर सकते हैं।

कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे ÷दक्षिण भारत का शिमला÷ भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. कोडाइकनाल झील**

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**2. ब्रायंट पार्क**

ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

**3. सुहाना पहाड़ी**

सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

**4. पिलर रॉक**

पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**5. साइलेंट वैली व्यू**

साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

**6. गोल्डन वैली और वाटरफॉल**

कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

**7. वैली व्यू**

वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

**8. शिवाजी पार्क**

शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का




एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

**9. कुन्नू वॉटरफॉल**

कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

# पाकिस्तान फिर शर्मसार: PSL में बॉल टेम्परिंग विवाद!



**कराची।** पीएसएल में लाहौर और कराची के मैच के दौरान बॉल टेम्परिंग विवाद ने नया बवाल खड़ा कर दिया है। फखर जमां पर आरोप लगे हैं, जबकि पीसीबी जांच में जुटा है। अंपायरों के फैसले ने मैच का रुख बदल दिया और अब सभी की नजरें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं।

पाकिस्तान सुपर लीग एक बार फिर विवादों में घिर गई है। लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में बॉल टेम्परिंग का आरोप सामने आया। इस मामले में फखर जमां पर अंगुली उठी, जबकि शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ भी चर्चा के केंद्र में आ गए।

विवाद उस समय शुरू हुआ जब आखिरी ओवर में कराची को जीत के लिए 14 रन चाहिए थे। इसी दौरान शाहीन, फखर और हारिस एक साथ गेंद पर चर्चा करते नजर आए और तीनों ने गेंद को हाथ लगाया। हारिस ने गेंद फखर को दी। फखर ने गेंद देखी और फिर वह दूसरा हाथ गेंद पर रखकर उसे घिसते दिखे। इसके बाद फील्ड अंपायर को कुछ शक हुआ तो गेंद फखर से मांगी। आमतौर पर जब ओवर खत्म होता है या गेंद डेड हो जाती है तो तो उसे अंपायर को सौंप दिया जाता है। फिर अंपायर गेंद सौंपता है। हालांकि, यहां ओवर के बीच में ही ये तीनों गेंद से छेड़खानी करते दिखे।

मैच के निर्णायक क्षण में अंपायर फैसल अफरीदी ने गेंद को अपने पास मंगाया और उसकी बारीकी से जांच की। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शर्फूदौला के साथ लंबी चर्चा की। दोनों अंपायर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि गेंद के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। इस फैसले के तहत कराची किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए, जिससे लक्ष्य अचानक आसान हो गया। अब कराची को जीत के लिए आखिरी छह गेंदों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। साथ ही अंपायरों ने तुरंत गेंद को भी बदल दिया। आखिरी ओवर की शुरुआत में खुशदिल शाह पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जिससे मुकाबला फिर रोमांचक हो गया। इसके बाद हारिस रऊफ ने एक वाइड गेंद डाल दी, जिससे दबाव और बढ़ गया। लेकिन अंत में अब्बास अफरीदी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक चौका और एक छक्का जड़ दिया और 19.3 ओवर में ही कराची को चार विकेट से जीत दिला दी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बोर्ड ने बयान जारी करते हुए कहा, फखर जमां ने मैच रेफरी की सुनवाई में अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। अगले 48 घंटों में एक और सुनवाई होगी, जिसके बाद फैसला सुनाया जाएगा।

## पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है। मैरी कॉम ने कहा, छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है। अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं। मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं। कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।


# यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब


## फाइनल में जिरी लेहेका को हराया

**नई दिल्ली।** सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 34 सेट जीतकर अपना शानदार रिकॉर्ड भी बढ़ाया, जो पिछले साल के पेरिस मास्टर्स की शुरुआत से जारी है। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के मुताबिक, इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 19-2 हो गया है।

इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ ही सिनर ने सनशाइन डबल भी पूरा किया। सिनर फाइनल में जिरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर 2017 में रोजर फेडरर के बाद एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए।

इसके अलावा, सिनर दोनों इवेंट्स में एक भी सेट गंवाए बिना यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। 24 साल के सिनर ने अपने करियर में पहली बार इंडियन वेल्स जीता और 'सनशाइन डबल' जीतने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी बने। नोवाक जोकोविच और फेडरर ने कई मौकों पर यह उपलब्धि हासिल की है।





जिम कूरियर (1991), माइकल चांग (1992), पीट सम्प्रास (1994), मार्सेलो रियोस (1998), आंद्रे अगासी (2001), रोजर फेडरर (2005-06) और नोवाक जोकोविच (2011, 2014-16) वो खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने सिनर से पहले सनशाइन डबल पूरा किया है। इस खास उपलब्धि को हासिल करने के बाद सिनर ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी (जीतने) नहीं सोचा होगा, क्योंकि इसे हासिल करना मुश्किल है। मैं अपनी इस उपलब्धि से बेहद खुश हूं।


सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 34 सेट जीतकर अपना शानदार रिकॉर्ड भी बढ़ाया, जो पिछले साल के पेरिस मास्टर्स की शुरुआत से जारी है। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के मुताबिक, इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 19-2 हो गया है।

**सबालेंका महिलाओं में बनीं चैंपियन**

शनिवार को महिला मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने जीता। उन्होंने भी सिनर की तरह अपना सनशाइन डबल पूरा किया। यह महज चौथी बार है जब एटीपी खिलाड़ी और डब्ल्यूटीए खिलाड़ी ने एक ही साल में सनशाइन डबल पूरा किया है। सबसे पहली बार यह कारनामा साल 1994 में हुआ था। सैम्प्रास और स्टेफी ग्राफ ने इंडियन वेल्स और मियामी ओपन में जीत हासिल की थी।

वहीं, 2005 में फेडरर और किम क्लिस्टर्स ने यह खास उपलब्धि हासिल की थी, जबकि 2016 में जोकोविच और विक्टोरिया अजारेंका ने सनशाइन डबल पूरा किया था।

## दीया मिर्जा ने मनाया बेटी समायरा का 17वां जन्मदिन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा की बेटी आज पूरे 17 साल की हो गई हैं। दीया ने बेटी समायरा के साथ कई अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ ही दीया ने बेटी के प्यारा नोट भी लिखा है।

अभिनेत्री दीया मिर्जा ने आज अपनी बेटी समायरा को 17वें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर समायरा के साथ बचपन की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ दिया ने कैपशन में लिखा, मेरी प्यारी बच्ची को 17वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। तुम जो चाहो वो बन सकती हो। हमेशा यह जानो कि हम तुम्हारे साथ हो। तुम्हें प्यार करने के लिए, तुम्हारा साथ देने के लिए, तुम्हें गले लगाने के लिए और तुम्हें सुरक्षित महसूस कराने के लिए।

दीया मिर्जा ने अप्रैल 2014 में अपने लंबे समय के साथी साहिल संघा से सगाई की थी। इसके बाद 18 अक्तूबर 2014 को दोनों की शादी हो गई थी। इसके बाद अगस्त 2019 में दोनों अलग हो गए। 15 फरवरी 2021 को दीया मिर्जा ने बिजनेसमैन वैभव रेखी से शादी की। वैभव रेखी की पहली शादी से एक बेटी समायरा रेखी है, जो अब दीया की सौतेली बेटी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर को सराहा, विश्वकप विजेता भारतीय टीम की सफलता पर गर्व जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के 132वें एपिसोड में टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम की सफलता पर गर्व जताया। वहीं, पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर की टीम को भी सराहा। भारत ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

पीएम मोदी ने भारतीय टीम को मिली इस जीत पर %मन की बात% कार्यक्रम में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों देशभर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी टीम की इस शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब सात दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। यह अभूतपूर्व सफलता खिलाड़ियों के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल दिखाया। अपने नेतृत्व से इस जीत में उन्होंने अहम योगदान दिया।






पीएम मोदी ने कहा, आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं। इस जीत से टीम के खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के लोग बहुत रोमांचित हैं। क्रिकेट के मैदान में इस शानदार प्रदर्शन के बाद वहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ गया है। आने वाले समय में यह कई युवाओं को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों में खेलों को लेकर गजब का जज्बा रहा है। मुझे खुशी है कि अब यह बड़े खेल आयोजनों का हब भी बनता जा रहा है। खेल इंडिया शीतकालीन खेल के लिए गुलमर्ग तो पहले ही अपनी पहचान बना चुका है। फुटबॉल जैसे खेल भी यहां के युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। मुझे आशा है कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों की जीत का यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने कहा, स्क्वाश खिलाड़ी बेटी अनाहत सिंह ने स्क्वाश ऑन फायर का बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया।

## फिर आगे बढ़ गई राम चरण की 'पेद्दी' की रिलीज?

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेद्दी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में राम चरण के जन्मदिन पर मेकर्स ने फिल्म की नई झलक दिखाई थी, जिसमें राम चरण पेद्दी पहलवान के तौर पर नजर आए थे। अब फिल्म की रिलीज को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है, जो राम चरण के फैंस को थोड़ा निराश कर सकती है।

फिल्म से जुड़ी इंडस्ट्री सूत्रों के हवाले से ये खबर आ रही है कि राम चरण की 'पेद्दी' की रिलीज एक बार फिर आगे बढ़ रही है। पहले मार्च में रिलीज होने वाली 'पेद्दी' 30 अप्रैल को रिलीज होनी है, लेकिन अब इंडिया टुडे के मुताबिक, इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र का कहना है कि फिल्म की रिलीज और भी आगे बढ़ गई है।

सूत्रों का कहना है कि अब मेकर्स फिल्म को मई या जून में रिलीज करने का विचार बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों की मानें तो मेकर्स बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए फिल्म को मई-जून तक आगे बढ़ा सकते हैं।

**धनुष की 'कारा' को मिलेगा फायदा**

हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन अगर राम चरण की 'पेद्दी' आगे बढ़ती है, तो इससे सीधा फायदा धनुष की 'कारा' को मिलेगा। धनुष की फिल्म को लेकर तमिल-तेलुगु में बज बनना शुरू हो चुका है।

अगर 'पेद्दी' की रिलीज आगे बढ़ती है, तो निश्चित ही 'कारा' के मेकर्स इसका फायदा उठाना चाहेंगे। क्योंकि 'कारा' के मेकर्स भी 'पेद्दी' की रिलीज पर नजरें टिकाए हुए हैं और राम चरण की फिल्म से टकराव से बचना चाहते हैं।

'पेद्दी' की रिलीज में देरी का कारण पोस्ट-प्रोडक्शन का अधूरा काम बताया जा रहा है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' में राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी।

# पलाश सेन और अनुपम खेर की हवाई जहाज में हुई मुलाकात, सिंगर ने लिखा- आप एक राष्ट्रीय धरोहर...



**मुंबई।** सिंगर पलाश सेन की मुलाकात अनुपम खेर से विमान के दौरान हुई। जिसको लेकर पलाश ने एक खास पोस्ट अनुपम खेर के लिए शेयर किया है।

गायक और अभिनेता पलाश सेन की हाल ही में एक विमान यात्रा के दौरान दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर से मुलाकात हुई। इस सफर की एक खास सेल्फी पलाश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की और अनुपम खेर से मुलाकात का किस्सा बताया।

पलाश ने इंस्टाग्राम पर दोनों की एक साथ फोटो शेयर की। ये तस्वीर हवाई यात्रा के दौरान की हैं। पलाश ने लिखा कि यह मुलाकात 30,000 फीट की ऊंचाई पर हुई। उन्होंने बताया कि वे अनुपम खेर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। इस बार उन्होंने अपने अंदर के प्रशंसक की इच्छा पूरी की और अनुपम सर से फोटो खिंचवाने का अनुरोध कर लिया।

**पलाश ने देखी तन्वी द ग्रेट**

पलाश ने अनुपम खेर को राष्ट्रीय धरोहर बताया और कहा कि वे एक बेहतरीन इंसान, अभिनेता, निर्देशक और शिक्षक हैं। उनकी विनम्रता और ऊर्जा हमेशा प्रेरणा देती है। पलाश ने यह भी बताया कि उन्होंने हाल ही में अनुपम खेर की पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' देखी और बहुत पसंद की। उन्होंने सभी फैंस से अनुरोध किया कि वे भी यह फिल्म जल्द से जल्द देखें।

**पलाश ने किया अनुपम का शुक्रिया**

आखिर में पलाश ने अनुपम खेर को धन्यवाद देते हुए लिखा, कई साल तक हमें मनोरंजन देने के लिए शुक्रिया। आप एक राष्ट्रीय धरोहर हैं और हम सब आपको बहुत प्यार करते हैं।

**पलाश सेन कौन हैं?**

पलाश सेन एक प्रसिद्ध भारतीय गायक, गीतकार, संगीतकार, अभिनेता और डॉक्टर हैं। वे 90 के दशक के लोकप्रिय रॉक बैंड 'यूफोरिया' के मुख्य गायक और संस्थापक हैं। उनके मशहूर गाने हैं- माएरी, धूम पिचक धूम और कभी आना मेरी गली।

# बंगाली एक्टर राहुल अरुणोदय बनर्जी के निधन से कई हस्तियां गमगीन

बंगाली एक्टर राहुल अरुणोदय बनर्जी के निधन से कई हस्तियां गमगीन हैं। एक्टर का रविवार को कथित तौर पर पानी में डूबने से निधन हो गया। वह एक शूटिंग के लिए गए थे, जहां हादसे का शिकार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 43 साल के राहुल बंगाली फिल्मों और टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। उनके निधन पर सेलेब्स ने रिएक्शनदिए हैं।

**पूजा बनर्जी**

राहुल अरुणोदय बनर्जी के निधन के बाद साथी कलाकार पूजा बनर्जी ने सोशल मीडिया पर लिखा शर्म आती है उन लोगों पर जो मरे हुए लोगों की तस्वीरें और उनके परिवार वालों के रोने के वीडियो देखना पसंद करते हैं। यह दोनों तरफ की गलती है। लोग देखते हैं, इसलिए दिखाया जाता है। जब वे जिंदा थे, तो एक कलाकार थे। जब उनकी जान चली गई, तो वे किसी के पति, बेटे, भाई और सबसे बढ़कर एक पिता बन गए। लोगों से मेरी गुजारिश है कि प्लीज, उनकी लाश की तस्वीरें और वीडियो हटा दो।

**श्रीनंदा शंकर**

**भूमिका**

**43 साल के राहुल बंगाली फिल्मों और टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे।**

एक्ट्रेस और डांसर श्रीनंदा शंकर ने कहा राहुल तुम तीसरे ऐसे पॉडकास्टर थे जिसके लिए मैंने कभी हां कहा था। भले ही मैंने तुम्हारा काम कभी नहीं देखा था, फिर भी मेरी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर में से एक के बाद हम संपर्क में रहे। तुमने मुझसे ऐसे सवाल पूछे बिना ही मुझे समझ लिया जिनके जवाब देने के लिए मैं तैयार नहीं थी। हमेशा ऐसा लगता था जैसे कोई छोटा भाई हो, जो बस सब कुछ जानता हो। हम दोनों को साथ मिलकर किसी प्रोजेक्ट पर काम करना था, लेकिन जिंदगी के कुछ और ही इरादे थे। तुम बहुत जल्दी चले गए और यह बात दिल को बहुत गहरा दुख पहुंचाती है। मुझे उम्मीद है



कि तुम अब एक बेहतर जगह पर होगे। तुम्हारी आत्मा को शांति मिले।

**प्रियंका सरकार**

अभिनेता की पत्नी प्रियंका सरकार ने पोस्ट में लिखा यह हमारे लिए अत्यंत शोक का समय है। इस कठिन क्षण में, हम आपसे कुछ एकांत और निजता बनाए रखने का अनुरोध करते हैं। इस समय एक बच्चा, एक मां, एक परिवार और प्रियजन हैं जो मिलकर इस नुकसान का सामना करने की कोशिश कर रहे हैं। हम गुजारिश करते हैं कि हमारे निजी मामलों में दखल न दें। हमें शांति से शोक मनाने दें। इस समय आपकी समझ और समर्थन हमारे लिए पहले से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं।

**दिगंता बागची**

अभिनेता दिगंता बागची ने एएनआई से कहा आज की शूटिंग के बाद, वह अकेले पानी में गए, लेकिन पानी के नीचे किसी चीज में उलझ गए। असल हालात अभी साफ नहीं हैं। अचानक, क्रू मेंबर्स समेत लोग चिल्लाने लगे कि राहुल डूब रहे हैं। हम उन्हें पानी से निकाल कर अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**भास्कर बंदोपाध्याय**

अभिनेता भास्कर बंदोपाध्याय ने कहा, मैंने उनसे बात की थी और उसके ठीक एक घंटे बाद ही मुझे फोन आया कि अब वह नहीं रहे। हम कल वहां गए थे, आज शूटिंग की और फिर मैं वहां से निकल गया। उन्हें शूटिंग खत्म करके कल वापस आना था। मुझे शाम 5÷30 से 6÷00 बजे के बीच फोन आया। पहले मुझे बताया गया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। थोड़ी देर बाद मुझे खबर मिली कि उनका निधन हो गया है।

**अपराजिता ऑडी**

एक्ट्रेस अपराजिता ऑडी ने कहा, वह एक बहुत ही पढ़े-लिखे इंसान थे, एक बेहद हुनरमंद एक्टर और को-एक्टर थे। उन्हें बहुत जानकारी थी। अभी कुछ ही दिन पहले, उन्होंने अपने पॉडकास्ट के लिए मुझसे एक इंटरव्यू भी मांगा था। मैं उन्हें कई वर्षों से जानती हूं। मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि ऐसा हो गया है।

**इन लोगों ने भी दिया रिएक्शन**

निर्देशक श्रीजीत मुखर्जी ने फेसबुक पर पोस्ट किया यह क्या हो गया, टुबाई दा?

अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता ने कहा, मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि यह सच है।

# लखनऊ में एजुकेट गर्ल्स ने मनाया 18वाँ स्थापना दिवस, बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में जमीनी साझेदारियों के प्रभाव को किया प्रदर्शित

**लखनऊ।** एजुकेट गर्ल्स, जिसे 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को व्यापक रूप से एशिया का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें टीम बालिका स्वयंसेवक, फील्ड स्टाफ, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सिविल सोसाइटी साझेदार और शिक्षा क्षेत्र के हितधारक शामिल थे। इस अवसर पर संस्था की यात्रा पर विचार किया गया और भारत भर में बालिका शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य संबोधन दिया और राज्य में प्रत्येक बालिका के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार के सतत प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ÷देशव्यापी पहलों जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर उत्तर प्रदेश में एजुकेट गर्ल्स जैसे साझेदारों के माध्यम से निरंतर प्रयासों तक, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। वर्ष 2017 के बाद से राज्य में



बुनियादी, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिनमें बेहतर बुनियादी ढाँचा, संसाधनों में वृद्धि और ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए केंद्रित प्रयास शामिल हैं। कायाकल्प योजना और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विस्तार जैसी सरकारी योजनाओं ने बालिकाओं को स्कूल में वापस लाने और उनकी शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज अधिकांश बालिकाएँ कक्षाओं में हैं और ड्रॉपआउट दर लगातार घट रही है। मिशन शक्ति के माध्यम से हम बालिकाओं को गरिमा, अवसर और समानता के साथ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम एजुकेट गर्ल्स के साथ मिलकर बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के हर प्रयास में दृढ़ता से साथ खड़े हैं।÷

माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कांत पांडेय ने राज्यभर में सामुदायिक भागीदारी और पुनःसमावेशन प्रयासों के माध्यम से हासिल की गई प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ÷लगातार प्रयासों के माध्यम से हम लगभग 23 जिलों में बालिकाओं की पहचान कर उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने में सफल हुए हैं, साथ ही जोखिमग्रस्त छात्रों को विद्यालय में बनाए रखने में भी सहयोग किया है। विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत टीम बालिका स्वयंसेवक गाँव-गाँव जाकर स्कूल से बाहर बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं और सामाजिक या आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं के लिए ओपन स्कूलिंग के माध्यम से निरंतरता सुनिश्चित कर रहे हैं। किशोर बालिकाओं को पुनः मुख्यधारा में लाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है, लेकिन एजुकेट गर्ल्स ने मजबूत सामुदायिक जुड़ाव और साझेदारियों के माध्यम से इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके जमीनी अनुभवों ने हमारी योजना और क्रियान्वयन को मजबूत किया है, जिससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली है कि कोई भी बालिका पीछे न रह जाए। हम इस सहयोग और एजुकेट गर्ल्स, टीम बालिका तथा सभी साझेदारों की बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता को अत्यंत महत्व देते हैं।

एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने संस्था की जमीनी पहल से राष्ट्रीय स्तर पर परिवर्तनकारी शक्ति बनने की यात्रा पर प्रकाश डाला और 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार का श्रेय अग्रिम पंक्ति में कार्यरत स्वयंसेवकों और फील्ड टीमों के सामूहिक साहस को दिया।

# मैच देखने पहुंचीं सारा अर्जुन हुईं भीड़ का शिकार

**मुंबई।** 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन उस वक्त मुश्किल में फंस गईं, जब वो मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच का मैच देखने वानखेड़े पहुंचीं। इस दौरान हमजा तो नहीं, लेकिन उनके पिता एक्टर राज अर्जुन उनकी मदद को आगे आए। दरअसल, मैच के बाद स्टेडियम से बाहर निकलते वक्त सारा भीड़ में फंस गईं, इस दौरान उनके साथ चल रहे पिता राज अर्जुन बेटी को भीड़ से बचाते नजर आए। पिता-पुत्री का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है।



रविवार को खेले गए आईपीएल के इस मुकाबले में सारा अर्जुन को मुंबई इंडियंस का समर्थन करते देखा गया। मुंबई इंडियंस की टीशर्ट पहनकर पहुंचीं सारा ने टीम को काफी चीयर किया। उनके कई वीडियो-फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

लेकिन मैच खत्म होने के बाद वानखेड़े स्टेडियम से निकलते वक्त सारा भीड़ में फंस गईं। स्टेडियम से बाहर निकलते समय प्रशंसकों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और सेल्फी लेने लगे, जिससे वो थोड़ा सा घबरा गईं।

इसी बीच उनके पिता राज अर्जुन बीच में आए और अपनी बेटी को बचाते हुए उन्हें कार तक ले गए। स्टेडियम के बाहर मची अफरा-तफरी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं यूजर्स राज अर्जुन के इस प्रोटेक्टिव नेचर की तारीफ कर रहे हैं।

सारा अर्जुन अपने रविवार को इंजॉय करने के लिए एमआई और केकेआर का मैच देखने पहुंची थीं। सारा अपने माता-पिता के साथ मैच का लुत्फ उठाने गई थीं। मैच में मुंबई इंडियंस ने जीत हासिल की, इसके बाद वानखेड़े में मुंबई के फैंस और भी खुश हो गए।

सारा भी इस दौरान अपनी पसंदीदा टीम को चीयर करती दिखीं। लेकिन मैच के बाद 'धुरंधर 2' की सफलता से उत्साहित फैंस में सारा के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। इसी के चलते एक्ट्रेस भीड़ में घिर गई थीं। हालांकि, पिता समय पर बेटी को बचाते हुए कार तक ले गए।

सारा अर्जुन ने अपने करियर की शुरुआत चाइल्ड एक्टर के तौर पर की थी। लेकिन 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' में वो यलीना के किरदार में रणवीर सिंह के साथ फीमेल लीड के तौर पर नजर आईं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुईं। इस सफलता से सारा अर्जुन भी लाइमलाइट में आ गईं। हालांकि, दूसरे पार्ट में उनका किरदार काफी सीमित है।

# सरकार ने जारी किए जनगणना से जुड़े 33 सवाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 33 महत्वपूर्ण सवाल जारी किए हैं, जिससे लोगों को प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके। इसके साथ ही एक ब्लक्त (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां नागरिक खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस बार जनगणना में एक अहम बदलाव देखने को मिला है। आइए जानते है इससे जुड़ी 10 बड़ी बातें...

महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए कहा कि जनगणना अधिनियम में एक महत्वपूर्ण प्रावधान, धारा पंद्रह, शामिल है। यह प्रावधान बताता है कि व्यक्तिगत जानकारी को पूरी तरह गोपनीय माना जाता है। इसे आरटीआई अधिनियम के तहत साझा नहीं किया जा सकता है। इसे अदालत में सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे किसी अन्य संगठन के साथ साझा भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका इस पूरे कार्य में केंद्रीय है। उनकी पूरी प्रशासनिक प्रणाली जमीनी स्तर पर क्षेत्र कार्य करने में लगी हुई है। सरकार की तरफ से जारी हुए ब्लक्त के अनुसार, अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा जोड़ा अपने संबंध को स्थिर मानता है, तो उसे शादीशुदा जोड़े के रूप में दर्ज किया जाएगा। यह स्पष्टीकरण जनगणना के सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर दिए गए एक सवाल के जवाब में सामने आया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। आजादी के बाद यह देश की 16वीं जनगणना होगी और नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। कागजी फॉर्म और रजिस्टरों की जगह अब हाथ से चलने वाले उपकरण, जियो-टैगिंग मैपिंग टूल और एक केंद्रीकृत वेब बेस्ड प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी। करीब 32 लाख फील्ड कार्यकर्ताओं (गणनाकार और पर्यवेक्षक) मोबाइल डिवाइस के माध्यम से करोड़ों घरों से जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक आंकड़े एकत्र करेंगे। यह डाटा सीएमएमए प्रणाली के जरिए तुरंत ट्रांसमिट, संकलित और सत्यापित किया जा सकेगा, जिससे त्रुटियों में कमी आएगी और समय की बचत होगी।

सर्कुलर के अनुसार, सीएमएमएस के जरिए उपयोगकर्ता निर्माण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का गठन, सुपरवाइजरी सर्किल का निर्धारण, गणनाकर्मियों की नियुक्ति, पहचान पत्र जारी करने और फील्ड ऑपरेशन की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी। इसमें कहा गया है कि सीएमएमएस जनगणना क्षेत्र के संचालन की नियुक्तियों, प्रशिक्षण और लगभग वास्तविक समय की निगरानी को सुविधाजनक बनाने के लिए भूमिका-आधारित पहुंच नियंत्रण को भी सक्षम बनाता है। जनगणना 2027 में करीब 30 लाख फील्ड कर्मचारी लगाए जाएंगे। इनमें एन्यूमरेटर, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर और कई तकनीकी कर्मचारी शामिल होंगे। यह जनगणना अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल ऑपरेशन होगा। इस दौरान लगभग 1.02 करोड़ मानव-दिन का रोजगार भी पैदा होगा। फील्ड में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को उनके नियमित काम के अलावा यह अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और इसके लिए मानदेय भी तय किया गया है। जनगणना करने वाले गणनाकार (एन्यूमरेटर), जो आमतौर पर सरकारी शिक्षक होते हैं, अपने टैबलेट या मोबाइल ऐप में घर-घर जाकर सभी जानकारी दर्ज करेंगे। हर घर का लोकेशन, सुविधाएं, परिवार के सदस्यों की शिक्षा, भाषा, धर्म, रोजगार, विकलांगता, प्रवासन और अन्य जरूरी विवरण रिकॉर्ड किए जाएंगे। ऐप में डाले जाने वाले डेटा की सुरक्षा के लिए विशेष तकनीकी फीचर जोड़े गए हैं, ताकि कोई डेटा लीक या गड़बड़ी न हो।

## ईंधन संकट और लॉकडाउन की अफवाह के बीच भरोसा कायम रखना चुनौती, सरकार पारदर्शिता पर दे ध्यान

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि ईंधन संकट और लॉकडाउन की अफवाहों के बीच जनता का भरोसा बनाने के लिए केंद्र सरकार को पारदर्शिता अपनानी चाहिए। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सोमवार को कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली महायुति सरकार को जनता को धमकाने के बजाय पारदर्शिता के साथ देश के ऊर्जा भंडार की जानकारी देनी चाहिए। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित संपादकीय में आरोप लगाया गया कि वर्तमान ईंधन संकट की अफवाहें गुजरात से शुरू हुईं, जो प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री का गृह राज्य है। संपादकीय में कहा गया कि गुजरात में पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों पर कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जहां लोग नीले पानी के ड्रम में ईंधन जमा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# गर्लफ्रेंड का कत्ल कर किए टुकड़े, सिर जलाया, बाकी शरीर फ्रिज में रखकर पहुंचा पुलिस के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना के एक कर्मी ने एक महिला की हत्या की। इसके साथ ही सबूत नष्ट करने के लिए शरीर के टुकड़े किए। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक भयावह घटना सामने आया है। भारतीय नौसेना के एक कर्मी ने कथित तौर पर गजुवाका इलाके में 28 वर्षीय महिला की हत्या की। इसके साथ ही उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और सबूत नष्ट करने का प्रयास किया। यह जानकारी सोमवार को एक पुलिस अधिकारी ने दी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने ऑनलाइन चाकू खरीदा, शरीर के टुकड़े-टुकड़े किए, कुछ हिस्सों को फ्रिज में रखा और रविवार को अदावीवरम के पास एक सुनसान जगह पर सिर और हाथों को जला दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान चिंतादा रविंद्र के रूप में हुई है, जो भारतीय नौसेना में तकनीशियन के रूप में काम करता था। वह डेटिंग एप्लिकेशन के



माध्यम से मृतक पोलिपल्ली मौनिका से मिलने के बाद से 2021 से उसके संपर्क में था। रविंद्र की पत्नी एक महीने पहले विजयनगरम में अपने माता-पिता के घर गई थी। विशाखापत्तनम की निवासी मौनिका से उनकी दोस्ती थी। एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ÷नौसेना के एक कर्मचारी (रवींद्र) ने रविवार को अपने आवास पर कहासुनी के बाद मौनिका की हत्या कर दी। इसके बाद वह शव के टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगा दिए।÷ पुलिस ने बताया कि समय के साथ दोनों के बीच संबंध विकसित हो गए और वे विशाखापत्तनम के विभिन्न स्थानों जैसे पार्क और थिएटर में अक्सर मिलते थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के अनुसार, महिला ने कथित तौर पर उससे 3.5 लाख रुपये लिए थे और उसकी पत्नी को उनके रिश्ते का खुलासा करने की धमकी दी थी, जिसके कारण उनके बीच अक्सर झगड़े होते थे। अधिकारी ने आगे बताया कि घटना वाले दिन आरोपी ने कथित तौर पर उसे अपने फ्लैट पर बुलाया, जहां दोनों के बीच तीखी बहस हुई और फिर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# भाजपा सांसद के बयान पर भड़के नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 27 मार्च 2026 को एक बयान में ओडिशा के पूर्व सीएम बीजू पटनायक को लेकर एक बड़ा दावा किया गया। जिस पर विवाद हो गया है। बीजद इस मुद्दे पर हमलावर है। अब पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने भी भाजपा सांसद की समझ पर सवाल उठा दिए हैं।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा बीजू पटनायक को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब बीजू पटनायक के बेटे और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने भाजपा सांसद के बयान पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और बयान की कड़ी निंदा की। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शायद टिप्पणी करने वाले सांसद को यह जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चीन के साथ संघर्ष के दौरान बीजू पटनायक को रणनीति बनाने में मदद के लिए दिल्ली में अपने कार्यालय के पास ही एक दफ्तर दिया था, जबकि वह ओडिशा के मुख्यमंत्री थे। भुवनेश्वर में मीडिया से बात करते हुए नवीन पटनायक ने कहा, बीजू बाबू के बारे में जो अपमानजनक बातें की गईं, उन्हें सुनकर मैं हैरान हूं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें ये पता है कि चीन के साथ लड़ाई के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने बीजू पटनायक को रणनीति बनाने में मदद करने के लिए दिल्ली में अपने कार्यालय के पास ही एक दफ्तर दिया था, जबकि वे उस समय ओडिशा के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, उस समय मैं लगभग 13 वर्ष का था, लेकिन मुझे अच्छी तरह याद है कि चीनी हमले को लेकर बीजू बाबू कितने गुस्से में थे और उसे रोकने के लिए उन्होंने कितने प्रयास किए थे। इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के लिए उन सांसद को किसी मनोचिकित्सक को दिखाने की जरूरत है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 27 मार्च को एक बयान में दावा किया था कि 1960 के दशक में अमेरिका ने तिब्बत में अपने सैनिक और सीआईए एजेंट भेजे थे क्योंकि उसे डर था कि चीन तिब्बत पर कब्जा कर लेगा। दलाई लामा और उनके भाई लगातार अमेरिकी सरकार के संपर्क में थे। पंडित नेहरू ने पूरा युद्ध अमेरिका के पैसों और सीआईए के सहयोग से लड़ा। उस समय ओडिशा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक अमेरिका, सीआईए और नेहरू के बीच की कड़ी थे। बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर अपमानजनक बयान दिए जाने के विरोध में सस्मित पात्रा ने संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति से इस्तीफा दे दिया।

# नामांकन से पहले भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों का एलान हो चुका है। कौन सा दल किस मुद्दे के सहारे जनता के बीच जा रहा है? किस राज्य में कौन सा गठबंधन या रणनीति अधिक कारगर साबित होगी? अलग-अलग राज्यों में विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी अपडेट्स यहां पढ़ें...

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भवानीपुर और नंदीग्राम सीटों से अपना नामांकन दाखिल करने से पहले विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक भव्य रोड शो किया। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उनके साथ मौजूद रहे।

रोड शो के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पूरे राज्य में भगवा सुनामी चल रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार बंगाल में कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई सरकार बनेगी। शुभेंदु ने वादा किया कि उनकी सरकार भारतीय संस्कृति



और सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाएगी। साथ ही, यह सरकार राज्य के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के त्रिशूर में हुए अपने रोड शो को यादगार बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर रविवार को हुए अपने रोड शो कार्यक्रम का वीडियो साझा करते हुए जनता का शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री ने 2026 के केरल विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के प्रचार अभियान का शंखनाद किया। इस दौरान उन्होंने पलक्कड़ में एक जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों ने दशकों से मिलकर केरल को लूटा है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे को भाजपा की बी-टीम बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि ये दोनों दल देश के अन्य राज्यों जैसे बिहार, झारखंड और तमिलनाडु में एक साथ हैं, लेकिन केरल में दिखावे के लिए एक-दूसरे का विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, अब विपक्षी भी मान चुके हैं कि भाजपा ही राज्य की असली ए-टीम है। केरल में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा और 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। राज्य में लंबे समय से हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा रही है। इस परंपरा को 2021 में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने लगातार दूसरी बार जीतकर तोड़ा था। भाजपा अब तिरुवनंतपुरम नगर निगम की जीत के बाद विधानसभा चुनावों में भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश में जुटी है।

भारत निर्वाचन आयोग इस हफ्ते पश्चिम बंगाल में अधिकारियों के तबादलों का एक और दौर शुरू कर सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर सूत्र ने बताया कि इस बार भी ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) और पुलिस इंस्पेक्टरों को बदला जा सकता है। राज्य में बीडीओ चुनाव के समय रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी निभाते हैं। पश्चिम बंगाल उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है जहां पुलिस इंस्पेक्टर का पद राजपत्रित श्रेणी का होता है।

## रूस ने ब्रिटिश राजनयिक को किया निष्कासित

**मॉस्को।** एफएसबी सोवियत काल की केजीबी की प्रमुख उत्तराधिकारी संस्था है। इसने एक बयान में कहा, जानसे वैन रेंसबर्ग की मान्यता रद्द करने का फैसला लिया गया है। उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। इससे पहले सोमवार को रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की कार्यवाहक उच्चायुक्त डैने डोलाकिया को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, यह कदम इस खुलासे के बाद उठाया गया कि ब्रिटिश दूतावास के एक कर्मचारी ने देश में प्रवेश पाने के लिए अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारीदी थी। मंत्रालय ने कहा, एफएसपी ने अपनी खुफिया विरोधी गतिविधियों के दौरान पाया कि मॉस्को में ब्रिटिश दूतावास के नाम पर ब्रिटेन की खुफिया मौजूदगी छिपाई जा रही थी।

# कांग्रेस का आरोप- अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही सरकार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एफसीआरए संशोधन विधेयक को अल्पसंख्यकों और चैरिटेबल संगठनों के खिलाफ बताते हुए इसे दमनकारी करार दिया और कहा कि इससे केंद्र को संस्थाओं पर नियंत्रण की शक्ति मिल जाएगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद में पेश किए गए विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अल्पसंख्यक समुदायों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों को निशाना बनाने की कोशिश है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वेणुगोपाल ने कहा कि यह कानून अल्पसंख्यकों के सिर पर तलवार की तरह लटका हुआ है और विशेष रूप से ईसाई समुदाय को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लाया गया है।

उनका आरोप है कि प्रस्तावित संशोधन गैर-सरकारी संगठनों और चैरिटेबल संस्थाओं के कामकाज को सीमित करेगा और केंद्र सरकार को अधिक हस्तक्षेप की शक्ति देगा।

यह विधेयक 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य विदेशी फंडिंग के जरिए जबरन धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर रोक लगाना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कांग्रेस का आरोप है कि विधेयक बिना पर्याप्त सूचना के पेश किया गया, जब कई सांसद चुनावी राज्यों में प्रचार में व्यस्त थे। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने विधेयक की खामियों की ओर ध्यान दिलाया था, बावजूद इसके इसे पेश कर दिया गया।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रस्तावित प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार को यह अधिकार मिल जाएगा कि वह ब्लक्त लाइसेंस रद्द होने पर किसी भी संस्था खासतौर पर अल्पसंख्यक संगठनों का प्रशासन अपने हाथ में ले सके और उनके लिए प्रशासक नियुक्त कर सके।

उन्होंने इसे दमनकारी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि कांग्रेस इस बिल का संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह विरोध करेगी।

आगामी 9 अप्रैल को होने वाले केरल चुनाव के बीच इस मुद्दे ने राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि देशभर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ घटनाएं बढ़ रही हैं और इसे एक पैटर्न के तौर पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि केरल में चुनावी रैलियों के दौरान वे स्पष्ट करें कि यह विधेयक आखिर किसे निशाना बना रहा है।

वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री पर यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने पालकाड की रैली में सबरीमला गोल्ड लॉस केस पर चुप्पी साधे रखी। उन्होंने कहा कि बीजेपी, जो खुद को श्रद्धालुओं की पार्टी बताती है, अब इस मुद्दे पर क्यों नहीं बोल रही।

साथ ही, उन्होंने केरल को ,IIMS देने के वादे पर भी सवाल उठाए और कहा कि अन्य राज्यों में संस्थान स्वीकृत होने के बावजूद केरल को अब तक इसका लाभ नहीं मिला।

# पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में नाराजगी



**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के संबंधों में हाल के दिनों में थोड़ी खटास आई है। अब इसे लेकर एक अमेरिकी थिंक टैंक ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान से संचालित आतंकवाद को लेकर अमेरिका द्वारा पर्याप्त कार्रवाई न करने से भारत निराश है और इसका असर दोनों देशों के संबंधों पर पड़ रहा है।

पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहा आतंकवाद, भारत के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। अब एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए।

इस सप्ताह थिंक टैंक सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। रिपोर्ट में कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि अमेरिका की ओर से मध्यस्थता के संकेत देने वाले बयान आपसी विश्वास को और नुकसान पहुंचा सकते हैं। संबंधों को सुधारने के लिए रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि अमेरिका को भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की बात करने से बचना चाहिए और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## केरल के चुनाव में भाजपा अप्रासंगिक, कांग्रेस नेता ने केंद्र पर साधा निशाना

**तिरुवनंतपुरम** कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने केरल में भाजपा को अप्रासंगिक बताते हुए केंद्र सरकार पर वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने मेट्रो और AIIMS परियोजनाओं में देरी का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य में असली मुकाबला यूडीएफ और एलडीएफ के बीच ही है। तिरुवनंतपुरम की वट्टियूरकावु सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के मुरलीधरन ने भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा पूरी तरह अप्रासंगिक हो गई है। मुरलीधरन के अनुसार, भाजपा ने राज्य की जनता से किए गए अपने वादे पूरे नहीं किए हैं, इसलिए लोग अब उन पर भरोसा नहीं करते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पलकड़ रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए मुरलीधरन ने कहा कि भाजपा बदलाव का दावा तो करती है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखता।

# ईरान ने कुवैत के पावर प्लांट पर किया हमला

**कुवैत सिटी।** ईरान की तरफ से कुवैत पर हमला किया गया है, जिसमें एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई है। पश्चिम एशिया में हालात तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। कुवैत, लेबनान और इस्राइल के बीच बढ़ती घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ सकता है, जिससे आम लोगों और खासकर विदेशी कामगारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

कुवैत में ईरान की ओर से हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। कुवैत के बिजली, पानी और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को हुए इस हमले में एक बड़े पावर और पानी के डीसैलिनेशन (समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाला) प्लांट के सर्विस बिल्डिंग को निशाना बनाया गया। इस हमले में वहां काम कर रहे एक भारतीय कर्मचारी की जान चली गई और इमारत को भारी नुकसान पहुंचा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के एक महीने के दौरान भारतीय नागरिकों की



मौतों की संख्या आठ हो गई है। मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, यह हमला कुवैत के खिलाफ ईरानी आक्रामक कार्रवाई का हिस्सा था। हमले के तुरंत बाद तकनीकी और इमरजेंसी टीमों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने हालात को संभालने और प्लांट को चालू रखने के लिए काम शुरू कर दिया। यह पूरा काम सुरक्षा एजेंसियों और अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर किया जा रहा है ताकि प्रभावित इलाके को सुरक्षित किया जा सके और जरूरी सेवाएं जारी रह सकें। सरकार ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। साथ ही भरोसा दिलाया है कि बिजली और पानी की सप्लाई को किसी भी हालत में बाधित नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं और हर स्थिति के लिए तैयार हैं। भारतीय दूतावास, कुवैत ने मृतक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण निधन बताया। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा दूतावास कुवैती अधिकारियों के साथ मिलकर सभी संभव सहायता प्रदान करने के लिए निकटता से काम कर रहा है% कुवैती अधिकारियों ने इस हमले को सामूहिक और क्रूर बताया, हालांकि उन्होंने हमले के प्लांट की पहचान नहीं कराई। इधर, लेबनान में भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दक्षिणी लेबनान के अडचित अल-कुसैर इलाके में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (यूएनआईएफआईएल) के ठिकाने पर एक प्रोजेक्टाइल गिरने से एक शांति सैनिक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने कहा कि यह प्रोजेक्टाइल कहां से आया, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। संगठन ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि शांति बनाए रखने के लिए काम कर रहे लोगों की जान जाना बहुत गंभीर बात है। यूएनआईएफआईएल ने सभी पक्षों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें और शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर जानबूझकर शांति सैनिकों पर हमला किया जाता है, तो यह युद्ध अपराध माना जा सकता है।

# चीन-उत्तर कोरिया के बीच सीधी उड़ान सेवा फिर शुरू, कोरोना महामारी की शुरुआत से थी बंद



**बीजिंग।** चीन और उत्तर कोरिया के बीच छह साल बाद सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू हो गई है। यह उड़ान सेवा बीते छह वर्षों से बंद थी और इसके चलते उत्तर कोरिया जाने वाले चीनी पर्यटकों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले चीन और उत्तर कोरिया के बीच ट्रेन सेवा भी बहाल हो चुकी है। चीन की राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर चाइना ने सोमवार को राजधानी बीजिंग और उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के बीच सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू कर दी। यह कदम दोनों देशों के बीच यात्री ट्रेन सेवाओं की बहाली के कुछ ही समय बाद उठाया गया है। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, एयर चाइना की इस उड़ान का स्वागत उत्तर कोरिया में चीन के राजदूत वांग याजुन और अन्य राजनयिकों ने किया। इससे पहले, 12 मार्च को चीन और उत्तर कोरिया के बीच यात्री ट्रेन सेवा भी दोबारा शुरू की गई थी। कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से चीन ने उत्तर कोरिया के लिए उड़ान और ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दीं थी। हालांकि, उत्तर कोरिया की एयरलाइन एयर कोरियो ने 2023 में ही दोनों देशों की राजधानियों के बीच उड़ान सेवा बहाल कर दी थी। महामारी के दौरान उत्तर कोरिया ने सभी विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब वह धीरे-धीरे इन पाबंदियों में ढील दे रहा है। 2024 में रूस के पर्यटक समूहों ने उत्तर कोरिया का दौरा शुरू कर दिया था। प्रतिबंध से पहले उत्तर कोरिया आने वाले कुल पर्यटकों में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सेदारी चीनी पर्यटकों की थी। ऐसे में चीनी पर्यटकों की वापसी में हो रही देरी ने विशेषज्ञों को चौंकाया था। अब ट्रेन और हवाई सेवाओं की बहाली से चीनी पर्यटकों की उत्तर कोरिया में आमद बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और प्रमुख सहयोगी है। हालांकि, बीजिंग ने उत्तर कोरिया द्वारा किए गए मिसाइल परीक्षणों पर असंतोष भी जताया है, जो दक्षिण कोरिया और अमेरिका को निशाना बनाने में सक्षम हो सकते हैं। इस बीच, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने सितंबर में बीजिंग का दौरा किया था और एक भव्य सैन्य परेड में हिस्सा लिया था।

# महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## जियो और जीने दो का दिया संदेश, झांकियों से सजी यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** भगवान महावीर जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जैन समाज ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में जीरो रोड स्थित जैन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शोभायात्रा जीरो रोड से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और वापस मंदिर परिसर में समाप्त हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन, त्याग, अहिंसा और सत्य का संदेश दर्शाती कई आकर्षक झांकियां शामिल थीं। जुलूस में महिलाओं और युवाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य किया। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखी।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के बताए मार्ग - अहिंसा, सत्य और करुणा - पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान वैश्विक तनाव के दौर में भगवान महावीर का जियो और जीने दो का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है, जो शांति और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाता है।

शोभायात्रा के संयोजक विकास जैन ने बताया कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाकर ही व्यक्ति जीवन के दुखों से मुक्ति पा सकता है। उनके विचार समाज में शांति और सद्भाव स्थापित करने में सहायक हैं।

फूलों की वर्षा करके रथ यात्रा का स्वागत किया जा रहा था। महिलाएं और बच्चे पीले रंग का वस्त्र पहने हुए थे ऐसा लग रहा था जैसे सरसों का फूल लहरा रहे है। भक्त भगवान महावीर के संदेशों को लोगों तक पहुंचा रहे थे हमें युद्ध नहीं शांति चाहिए, जियो और जीने दो, गर्मी पड़ रही है पंछियों के लिए दाने और पानी अपने छत पर व्यवस्थित करें, जीव जंतुओं से प्रेम करें।

शोभा यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बहादुरगंज, लोकनाथ, बजाज पट्टी, चौक, घंटाघर, जानसेनगंज, एस सी वासु रोड होते हुए जैन मंदिर पर पूर्ण हुई।

## पीसीएस 2025 मेंस परीक्षा का दूसरे दिन रही कड़ी सुरक्षा
# 920 पदों के लिए 11 हजार अभ्यर्थी शामिल



**प्रयागराज। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की पीसीएस 2025 मेंस परीक्षा का दूसरा दिन प्रयागराज में शांतिपूर्ण रहा। प्रशासन ने परीक्षा को नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने की अनुमति नहीं है। प्रवेश से पहले गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी अनियमितता को रोका जा सके। यह मेंस परीक्षा 29 मार्च से 1 अप्रैल तक प्रयागराज और लखनऊ में आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में कुल 27 केंद्रों पर हो रही है। इसमें 11,403 अभ्यर्थी विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए शामिल हो रहे हैं। ज्ञात हो कि यूपी पीसीएस प्री परीक्षा 2025 का परिणाम 1 दिसंबर को घोषित किया गया था, जिसमें 11,727 अभ्यर्थी सफल हुए थे। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 920 पदों पर चयन किया जाना है। इनमें 814 विभिन्न पदों के साथ 106 पद एसीएफ (सहायक वन संरक्षक) और आरएफओ (क्षेत्रीय वन अधिकारी) के शामिल हैं। इस भर्ती के लिए 20 फरवरी 2025 को जारी विज्ञापन के बाद 6,26,387 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 12 अक्टूबर को हुई प्रारंभिक परीक्षा में 2,65,270 अभ्यर्थी शामिल हुए।

# 669 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

*अवधनामा संवाददाता*



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को लखनऊ में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत 18440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 2 लाख से अधिक ग्रोथ मानीटरिंग डिवाइस का वितरण एवं रूपये 450 करोड़ से अधिक की लागत से 3170 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया और जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और उपस्थित लोगो ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व उनके सम्बोधन को सुना। कार्यक्रम का आयोजन हाईब्रिड मोड में किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज में आंगनवाड़ी केन्द्र का लोकार्पण एवं शिलान्यास व नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु जनपद में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य एवं विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में संगम सभागार में, विधायक कोरांव राजमणि कोल की उपस्थिति में विकास खण्ड कोरांव, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति की उपस्थिति में विकास खण्ड जसरा, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद की उपस्थिति में विकास खण्ड करछना एवं ब्लाक प्रमुख उरूवा, सैदाबाद व हण्डिया की उपस्थिति में सम्बंधित विकास खण्डों में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ।

## जेटीडीसी में बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन

**प्रयागराज। (अवधनामा संवाददाता)** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कंप्यूटर सेंटर द्वारा 19 फरवरी से 24 मार्च के मध्य आयोजित बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन आज 30 मार्च को हुआ। इस 30 घंटे का कौशल विकास कोर्स को 12 छात्राओं ने सफलता पूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर सफल छात्राओं को प्राचार्या प्रो आशिमा घोष द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। उन्होंने छात्राओं को नित नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कंप्यूटर शिक्षिका श्रीमती निशा श्रीवास्तव ने मंच संचालन तथा कोर्स समन्वयक प्रो अर्चना पॉल ने कोर्स रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो शिखा दीक्षित, डॉ दर्शन कुमार झा, प्रो अंशुमला मिश्रा, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ प्रियदर्शिनी सिंह तथा श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## पीडीए साइकिल प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**प्रयागराज। (अवधनामा संवाददाता)** भव्य पीडीए . साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बहादुरपुर ब्लॉक वॉर्ड नं 1 के समस्त ग्रामसभा से 18 वर्ष की आयु से कम बच्चों के लिए साइकिल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बहादुरपुर क्षेत्र में प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश सुजीत पासी भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यकम के मुख्य अतिथि के रूप में अमरनाथ सिंह मौर्य (पूर्व लोकसभा प्रत्याशी फूलपुर) पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवमंगल सरोज आरटीओ बाबू प्रयागराज की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बनाया।

## अंतिम संस्कार में व्यक्ति गोमती नदी में डुबा तलाश जारी

**जौनपुर(जफराबाद)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के नाव घाट स्थित गोमती नदी तट पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने आया 48 वर्षीय व्यक्ति नदी में डूब गया। कई घंटे बीतने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मुरारपुर हौज गांव निवासी दिलीप चौहान की 88 वर्षीय माता प्रभा देवी का रविवार देर रात बीमारी के चलते निधन हो गया था। सोमवार सुबह करीब आठ बजे उनका अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन और ग्रामीण शव लेकर नाव घाट स्थित श्मशान पहुंचे। अंतिम संस्कार के बाद लोग स्नान करने के लिए नदी की ओर गए। इसी दौरान गांव के ही श्यामबहादुर चौहान (48), पुत्र स्व. लालजी चौहान, गोमती में नहाने के लिए उतर गए। बताया जा रहा है कि नदी में अधिक गहराई होने के कारण वह डूबने लगे, लेकिन आसपास मौजूद लोगों को इसका तुरंत आभास नहीं हो सका। जब काफी देर तक वह पानी से बाहर नहीं निकले तो लोगों को शक हुआ। ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## जौनपुर में एसपीइएल कार्यक्रम का तीसरा चरण संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम के तृतीय चरण का समापन 30 मार्च 2026 को हुआ। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स जौनपुर स्थित बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नियम एवं ग्रंथ लखनऊ, राजेश कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी एसपीइएल गोल्डी गुप्ता, और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ. सोमारु राम प्रजापति सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को एसपीइएल कार्यक्रम के उद्देश्यों, संरचना और प्रशिक्षण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, उन्हें नशामुक्ति और दहेज प्रथा के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक नियम एवं ग्रंथ लखनऊ, राजेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के संज्ञानात्मक और लोक कौशल में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी होगा और पुलिस के लिए भी युवा पीढ़ी में मित्र बनाने का अवसर प्रदान करेगा।

# करौदी कला की बेटी ने रचा इतिहास, बनी डिप्टी जेलर

## गांव में जश्न का माहौल, मिठाइयां बांटकर जताई खुशी

*अवधनामा संवाददाता*



**जौनपुर (सुरेरी)।** क्षेत्र के करौदी कला गांव की बेटी आकांक्षा कुमारी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर डिप्टी जेलर बनकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। सोमवार को घोषित पीसीएस परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

आकांक्षा, कमला प्रसाद की पुत्री हैं। उनकी माता सरोज देवी वर्तमान में करौदी कला की ग्राम प्रधान हैं, जबकि उनके पिता पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। साधारण परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई आकांक्षा ने ग्रामीण क्षेत्र में ही पूरी की। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से बीएससी एवं एमएससी की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के बाद वह प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं। अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल करते हुए उन्होंने डिप्टी जेलर का पद प्राप्त कर लिया।

उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी सही दिशा में किया गया परिश्रम निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। आकांक्षा आज उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

जैसे ही चयन की सूचना गांव पहुंची, परिजनों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और आकांक्षा को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने उनकी सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

इस संबंध में कमला प्रसाद ने भावुक होकर कहा, मेरी बेटी आकांक्षा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसने हमेशा अपने लक्ष्य को लेकर गंभीरता दिखाई और कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत से कभी पीछे नहीं हटी। आज उसकी इस सफलता ने हम सभी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

## बीज भंडार संचालक को धमकी, पुलिस से की शिकायत

**जौनपुर (सुरेरी)।** थाना क्षेत्र के नरसपुर गांव निवासी राहुल कुमार गुप्ता ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना सुरेरी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, रविवार की दोपहर करीब 3 बजे ग्राम पृथ्वीपुर निवासी रत्न सिंह उर्फ तितू, सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ लुटूरी सिंह और विपिन सिंह उर्फ प्रधान एकजुट होकर पीड़ित के बीज भंडार की दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 9 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण

**मैनपुरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन एवं नव-निर्मित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के लोकार्पण के सजीव प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, पैक्सफेड के अध्यक्ष प्रेमसिंह शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने जनपद में नव-नियुक्त 349 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के सापेक्ष 50 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराये, लोकार्पण कार्यक्रम में जनपद में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बेवर, बरनाहल एवं 09 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण सम्मिलित है। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, जनपद में पूर्व से तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं द्वारा किया जा रहा है, नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के सेवा में आने से उक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी।

# जिला जज डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की अध्यक्षता में, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक कुवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में जनपद कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। अधिकारियों द्वारा बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपद न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया कि कारागार में निरुद्ध बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। इस दौरान दोष सिद्ध दिव्यांग बन्दियों एवं विचाराधीन दिव्यांग बन्दियों को सहायक उपकरण पात्रता के आधार पर देने के निर्देश के क्रम में तीन दिव्यांग बंदियों को व्हीलचेयर व तीन को बैसाखी वितरित किए गए।



## आंगनबाड़ी सहायिकाएं डीएम संग सीएम से हुईं सजीव रूबरू

**जौनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण तथा नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों/परियोजना कार्यालय का लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट में स्थित सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्या, जिलाध्यक्ष भाजपा डा. अजय सिंह, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की उपस्थिति में देखा गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका पद पर नियुक्त पुष्पा, सुमन, आंचल, विश्वकर्मा, सविता, बबीता सहित कुल 51 को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। वहीं चेयरमैन ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी व्यवस्था महिला एवं बाल विकास की आधारशिला है जो कुपोषण मुक्ति, बच्चों के समुचित पोषण एवं गर्भवती/धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कक्षाओं के वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया

## सर्वोदय पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*




**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के सम्मुख विद्यालय के प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलन विद्यालय की निदेशिका महोदया के द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही साथ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुति की गई। इसके बाद विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती कंचन यादव जी ने छात्र एवं छात्राओं को जिन्होंने अपनी कक्षाओं के वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किये, उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत किये गये छात्र/छात्राओं के अभिभवाकों को भी मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। कक्षा वर्गवार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र कक्षा नर्सरी अनन्या यादव, दित्या रावत, अर्थव कक्षा-एल0के0जी- नविष्का, देवांशी सिंह यादव, अदिति यादव कक्षा-यू0के0जी आद्वित पांडेय, आरवी, जेयाना खान, नित्या प्रजापति, आर्यन पनिका, रिषभजायसवाल, प्रांजल कक्षा-एक तान्या यादव, आदिश्री यादव, गरिमा यादव, आराध्या, हर्ष बौद्ध, आर्यावीर, कक्षा-दो आराध्या सिंह, आर्यन यादव, समरीद्धी चौबे, शास्वत गौरव मौर्या, खान बरिरा, रिषि यादव, वेदिका अग्रवाल, आरिज, कृष्ण कुमार यादव, रिषभ यादव, योगिता अग्रवाल, कक्षा तीन रिया प्रकाश, आर्या यादव आर्यन यादव, श्रेया श्रीवास्ताव, अभिनिता, आर्यन मौर्या, रूद्राक्षी द्विवेदी, शिप्रा, संयम यादव, आद्विका सिंह, कक्षा-चार आस्था पांडेय, सृष्टि यादव, प्रगति यादव, आस्थे दूबे, वैदता शालिनी, सृष्टि यादव, आरूष यादव, रूद्रांश चौहान, शिवांश यादव, कक्षा पाँच परिधि, दिव्यांश राय, पीहू पांडेय, आयूषी मौर्या, शिवांगी यादव, हर्ष प्रकाश यादव, प्रतिक्षा यादव, वर्तिका चौहान, अर्पना मौर्या, नन्दीनी चौहान, अर्नी पटेल, खूशी सिंह यादव, सूर्याश कक्षा-छः आद्या बरनवाल, आराध्या मौर्या, साक्षी मौर्या, अनन्या यादव, आराध्या यादव, टिया प्रकाश, आदर्शनी यादव, दिपांकर तिवारी, संघप्रिय गौतम, प्रभात यादव, प्रत्युष यादव, नवीश यादव, अभिनव यादव कक्षा-सात विधि गौतम, दिक्षा चौरसिया, शालू यादव, दिव्या यादव आकांक्षा यादव, आराध्या सिंह, देव दिव्यांश यादव, नैतिक राव, अंश यादव, देवांश गिरी, प्रखर यादव, अजिंक्य यदुवंशी कक्षा आठ सलोनी यादव, अन्नु यादव, साक्षी यादव, दिप्ती चौहान, श्रृष्टि पांडेय, आयुषी यादव, आराध्या यादव, आदित्य यादव, अकृष्ट सिंह यादव, अक्क्षज बरनवाल, प्रज्जवल चौहान, प्रशांत यादव, कुशाग्र राय, पुष्कर कुमार चौबे, अभिनय यादव, अंतरिक्ष मौर्या, प्रतिक सिंह, कक्षा नौ अनुष्का यादव, आयुषी यादव, वर्तिका यादव, कृतिका यादव, श्रेष्ठा तिवारी, अंशिका यादव, साक्षी यादव, आयुषी यादव, पलक यादव, हरिओम यादव, कार्तिकेय यादव, कार्तिकेय सिंह, आदित्य कुमार यादव, आदित्य यादव, अंश यादव, मंयक यादव, हर्षित यादव, अर्पित यादव, विजय शंकर यादव, आयूष सिंह, श्रेयांश शर्मा, आलोक यादव, कक्षा ग्यारह ऐंजिला बेन, दिपांशी यादव, अंशिका यादव। विद्यालय के प्रबंन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने कहा कि ये बच्चे देश के भविष्य हैं।

# आम-जन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु किया जाए जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने दि. 01 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक से अनुपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं एम.ओ.आई.सी. करहल का वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुए कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, आमजन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचने हेतु जागरूक किया जाये, स्वास्थ्य, नगर निकाय, पंचायती राज विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, नालियों-गलियों की नियमित रूप से सफाई कराई जाए, आशा, ए.एन.एम., आंगनवाड़ी कार्यकत्री संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करें। उन्होने कहा कि गर्मी के प्रभाव के दृष्टिगत मच्छरों का प्रकोप बढ़ने तथा वायरल एवं अन्य संक्रामक रोगों के मामलों में वृद्धि की संभावना है, फील्ड कर्मचारी एवं ग्राउंड वर्कर्स को उनके दायित्वों के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक किया जाए, जिससे आमजन तक संचारी रोगों से बचाव संबंधी जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सके, गत वर्षो में जिन ग्रामों, क्षेत्रों में डेंगू के मरीज पाए गए हैं, वहां बेहद सतर्कता बरती जाए, उन क्षेत्रों में विशेष फोकस कर साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं, वहां के लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु प्रेरित करें, शहरी क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी नेतृत्व देकर साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध करायें, नियमित रूप से एंटी-लार्वा का छिड़काव कराया जाए, जल-भराव वाले स्थानों पर जल निकासी के बेहतर प्रबंध किये जाएं। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करें, तालाबों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जाए, सम्बन्धित ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल सहित अन्य संबंधित कर्मियों को जानकारी हो कि किस दिन उनके क्षेत्र में छिड़काव एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां होंगी।

## नई डस्टर एसयूवी की धूम, एसपी ने किया अनावरण



**आजमगढ़। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के रानी सराय स्थित सैयदवारा मार्केट में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान Renault शोरूम में नई डस्टर" SUV की शानदार लॉन्चिंग की गई। कार्यक्रम में जिले की कई नामी हस्तियां मौजूद रहीं। इस मौके पर एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने गाड़ी से पर्दा हटाकर उसका औपचारिक अनावरण किया। जैसे ही डस्टर का अनावरण हुआ, वहां मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इसका स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डस्टर कार की जमकर सराहना की। हर किसी की जुबान पर एक ही बात रही डस्टर इस बैक, यानी यह दमदार SUV एक बार फिर नए अंदाज में लौट आई है। इस अवसर पर सेल्स मैनेजर हरेंद्र यादव, जनरल मैनेजर एमडी नऊदीन, एमडी जनाब हाजी इसरार साहब, मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद हतीम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेल्स मैनेजर हरेंद्र यादव ने कार की खूबियों को बताते हुए कहा कि नई Renault Duster 2026 अपने दमदार और रग्ड डिज़ाइन के साथ बाजार में वापसी कर रही है। इसमें 212mm का ग्राउंड क्लीयरेंस, 1.3रु टर्बो पेट्रोल/हाइब्रिड इंजन, लेवल-2 ADAS, 10.1-इंच टचस्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ और 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड जैसे आधुनिक फीचर्स शामिल हैं।

# महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल का रजत जयंती वर्ष का आयोजन हर्ष के साथ मनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*




**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल, सिधारी,तिवारीपुर, का रजत जयंती वर्ष का आयोजन बड़े ही उत्साह, उल्लास एवं गरिमा के साथ सफलतापूर्वक किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरीशचंद्र यादव (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार,खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय),विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा (कुलपति, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ) एवं अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मण मौर्य (चेयरमैन,जिला कोऑपरेटिव बैंक), राजेंद्र प्रसाद यादव (चेयरमैन,सर्वोदय ग्रुप ऑफ कॉलेज),पवन कुमार पंकज (समाजसेवी), मनीष सिंह (क्षेत्रीय सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ,गोरखपुर) ,गोविंद दुबे (सचिव, उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ) एवं अन्य के द्वारा किया गया इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे–गीत, नृत्य, भक्ति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विद्यालय के उज्ज्वल इतिहास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य ने विद्यालय की प्रगति यात्रा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पुत्र आशीष यादव, पुत्र/ दीपनारायण यादव मेरे कहने में नहीं है इसके भले-बुरे अथवा सभी कार्यों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी न कि हम प्रार्थिनी व उसके परिवार वालों पर होगी।

रमावती देवी पत्नी/ दीपनारायण यादव मकान नम्बर डी0 54/119-ए, जदूमण्डी, लक्सा. वाराणसी।

# उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सीएसआर कार्यक्रम का उद्घाटन किया




**लखनऊ।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज लखनऊ में अपना सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी की 200 करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में यह पहल समूह के व्यापक राष्ट्रीय सीएसआर ढांचे के तहत राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन को दर्शाती है, जिसका फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य, भूख उन्मूलन, आवास और पर्यावरणीय स्थिरता पर है।यह कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि, आमंत्रित अतिथि और स्थानीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेश में सीएसआर पहलें शिक्षा-केन्द्रित हस्तक्षेपों पर आधारित हैं, जिनके तहत राज्य भर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को 1,500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही, समूह की पहल के अंतर्गत भूख उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 9 शहरों में प्रतिदिन लगभग 3,200 भोजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, 144 माइक्रो-लर्निंग सेंटरों के माध्यम से 5,889 छात्रों को शिक्षा सहयोग दिया जा रहा है, तथा 332 पेयजल कुओं के निर्माण के माध्यम से 5,700 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ये सभी कार्यक्रम मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से एक संरचित सामाजिक प्रभाव दृष्टिकोण के तहत संचालित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने कहा,÷शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित प्रयास समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार की पहलें व्यक्तियों के लिए अवसर सृजित करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सार्थक योगदान देती हैं।÷मलाबार समूह के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, हमारी सीएसआर पहलें समुदायों में दीर्घकालिक और संरचित प्रभाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई हैं।

उत्तर प्रदेश में लागू किए जा रहे ये कार्यक्रम हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का अभिन्न हिस्सा हैं, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इन पहलों का लाभ लाभार्थियों तक निरंतर और प्रभावी तरीके से पहुंचे।

राष्ट्रीय स्तर पर ?200 करोड़ के सीएसआर आवंटन का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए माइक्रो-लर्निंग सेंटर और छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम शामिल हैं।

## 50,000 से अधिक की ब्याज आय पर ही कटेगा टीडीएस, आयकर विभाग ने साफ की स्थिति

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बैंक और पोस्ट ऑफिस की जमा राशियों पर मिलने वाले ब्याज पर टैक्स कटौती (टीडीएस) के नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में विभाग ने कहा कि बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 के तहत शासित होने वाली सभी ÷बैंकिंग कंपनियों÷ को निर्धारित सीमा से अधिक ब्याज आय होने पर ही टीडीएस काटना होगा। यह कदम नए आयकर अधिनियम, 2025 के लागू होने के बाद बैंकिंग संस्थानों की परिभाषा और उनके अनुपालन को लेकर उत्पन्न हुए तकनीकी भ्रम को दूर करने के लिए उठाया गया है।

आयकर विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि धारा 393 (1) में दी गई इस तय सीमा से कम राशि होने पर ऐसे किसी भी बैंक या बैंकिंग संस्थान को आयकर काटने की आवश्यकता नहीं होगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट में, आयकर विभाग ने नए कर कानूनों के तहत टीडीएस कटौती से जुड़े तकनीकी पहलुओं को विस्तार से समझाया। नए आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 402 के तहत, एक बैंकिंग कंपनी वह है जिस पर बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 के प्रावधान लागू होते हैं। पुराने आयकर अधिनियम, 1961 में बैंकिंग कंपनी के दायरे में न केवल वे कंपनियां शामिल थीं जिन पर बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 लागू होता था, बल्कि उस अधिनियम की धारा 51 के तहत आने वाले बैंक या बैंकिंग संस्थान भी साफ तौर पर शामिल थे। नए कानून में धारा 51 का सीधा उल्लेख न होने से जो असमंजस बना था, उस पर विभाग ने साफ किया है कि बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 की मौजूदा धारा 51 के प्रभाव से, ऐसे सभी बैंक और संस्थान बिना किसी स्पष्ट उल्लेख के भी नए आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 402 के तहत बैंकिंग कंपनी ही माने जाएंगे। इस तकनीकी स्पष्टीकरण से देश के लाखों जमाकर्ताओं के बीच टीडीएस कटौती को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और उन्हें अकारण टैक्स कटने की चिंता नहीं सताएगी। साथ ही, देश के सभी बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के लिए भी अनुपालन का रास्ता साफ हो गया है।

# जंग के आगे बेबस शेयर बाजार, सेंसेक्स 1636 अंक टूटा, निफ्टी 22400 के नीचे



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण निवेशकों का मनोबल कमजोर बना रहा। इसके चलते सोमवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में कमजोर रुझान और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू शेयरों में मंदी के रुझान को और बढ़ा दिया। निवेशकों के पोर्टफोलियो में नौ लाख करोड़ रुपये की कमी आई।

लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक या 2.22 प्रतिशत गिरकर 71,947.55 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,809.09 अंक या 2.45 प्रतिशत गिरकर 71,774.13 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.20 अंक या 2.14 प्रतिशत गिरकर 22,331.40 पर बंद हुआ।

**रुपया डॉलर के मुकाबले 94.78 रुपये पर स्थिर हुआ**

ईरान से जुड़े बढ़ते युद्ध तनाव के चलते वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल देखने को मिली, जिसका असर भारतीय मुद्रा पर भी पड़ा। निवेशकों में बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के बीच सोमवार को अंतर-दिवसीय कारोबार के दौरान रुपया पहली बार 95 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। हालांकि बाद में इसमें हल्की रिकवरी आई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.78 (अस्थायी) पर स्थिर होता दिखा।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थे। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड को लाभ हुआ। 2025-26 वित्तीय वर्ष में, बीएसई बेंचमार्क 5,467.37 अंक या 7 प्रतिशत गिर गया, और निफ्टी 1,187.95 अंक या 5 प्रतिशत गिर गया।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी मामूली तेजी**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक लगभग 3 प्रतिशत गिर गया।

## बजाज फिनसर्व धुनिवर्स, आज शंकर-एहसान-लॉय के साथ, 'वॉइस ऑफ नेशन' का करेगा अनावरण



**मुंबई।** बजाज फिनसर्व ने आज अपने डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के भव्य समापन की घोषणा की, जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में 'वॉइस ऑफ द नेशन' का खिताब दिया जाएगा। पिछले छह महीनों में, बजाज धुनिवर्स म्यूजिक डिस्कवरी के लिए एक विश्वसनीय, टेक्नोलॉजी-आधारित माध्यम के रूप में उभरा है, जिसने 60,000 से अधिक प्रतिभागियों, मेट्रो शहरों से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक के प्रतिभागियों को ऑडियो और वीडियो सबमिशन के माध्यम से ऑडिशन देने और शंकर-एहसान-लॉय द्वारा खोजे जाने का अवसर प्रदान किया। ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिन्हें शंकर-एहसान-लॉय द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है। विजेता को शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह-निर्माण करने और ज़ी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट मानव मियानवाल ने कहा, हमारे लिए यह जरूरी है कि हम ऐसे प्लेटफॉर्म्स में निवेश करें, जो संभावनाओं को पहचानें और नए रोल मॉडल तैयार करें। हम परफॉर्मिंग आर्ट्स, खेल, टेक्नोलॉजी और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखे हुए हैं, और बजाज धुनिवर्स हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं में से एक है। पहले वर्ष में मिली प्रतिक्रिया हमें इसे दूसरे वर्ष में और बड़ा और बेहतर बनाने का विश्वास और प्रोत्साहन देती है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने प्रधानमंत्री कार्यालय भवन सेवा तीर्थ में उन्नत एचवीएसी समाधान स्थापित किए

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (एलजीई इंडिया) ने आज हाल ही में उद्घाटित प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) समाधानों की सफल स्थापना की घोषणा की। एलजीई इंडिया ने 1,590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ) एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। इस प्रणाली की आपूर्ति एलजीई इंडिया के पुणे विनिर्माण संयंत्र से की गई है, जो भारत की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों के लिए तैयार किए गए, इन वीआरएफ सिस्टम को आंतरिक उत्पाद परीक्षण मानकों के अनुसार 39°C तक के तापमान पर भी बिना किसी क्षमता में गिरावट के पूरी क्षमता पर काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे गर्मियों के चरम महीनों के दौरान निरंतर और कुशल शीतलन प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। इस परियोजना पर बात करते हुए, एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर, श्री हांग जू जियोन ने कहा, एलजीई इंडिया को आदरणीय प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है। चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। एलजीई इंडिया में, हमारा मानना है कि वाणिज्यिक और संस्थागत स्थानों में परिचालन दक्षता का समर्थन करने में एचवीएसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, हमारी मेक इन इंडिया विनिर्माण क्षमताओं के साथ, हम देश की विविध जलवायु परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन किए गए उच्च-प्रदर्शन वाले समाधान प्रदान करके भारत के एचवीएसी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जैसे-जैसे ऊर्जा-कुशल इमारतों की मांग बढ़ती है, एलजीई इंडिया का लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीकों को लाकर इस बदलाव में योगदान देना है जो भारत के लिए भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाती हैं। उच्च प्रदर्शन और विश्वसनीयता के लिए तैयार किए गए इस वीआरएफ सिस्टम में उन्नत ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियां, ब्लैक फिन हीट एक्सचेंजर्स के माध्यम से बढ़ी हुई टिकाऊपन, और उच्च परिवेश की स्थिति में भी अनुकूलित प्रदर्शन शामिल हैं। परिचालन दक्षता और केंद्रीकृत निगरानी को बढ़ाने के लिए, इस स्थापना में एलजीई इंडिया का एसी स्मार्ट 5 इंटेलिजेंट कंट्रोल प्लेटफॉर्म शामिल है, जिसकी आठ इकाइयां इस पूरे परिसर में स्थापित की गई हैं।

## सैमसंग ने भारत में आधुनिक परफॉर्मेंस और एआई -संचालित प्रोडक्टिवटी के साथ लॉन्च किया गैलेक्सी बुक6

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ को लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरुआती कीमत 1,27,990 रुपये है। सैमसंग की सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बुक सीरीज़ AI-पावर्ड प्रोडक्टिविटी को सटीक इंजीनियरिंग और संतुलित, स्लिम प्रोफाइल के जरिए नई ऊंचाइयों पर ले जाती है।सैमसंग की गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ में इंटेल के कोर अल्ट्रा सीरीज3 प्रोसेसर्स, लंबी बैटरी लाइफ और अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाइन दिया गया है, जो आधुनिक पीसी को नए सिरे से परिभाषित करता है शुरुआती कीमत 1,27,990 रुपये है, 24 महीने तक की जीरो-इंटरेस्ट ईएमआई की भी सुविधागैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा और गैलेक्सी बुक6 प्रो ग्रे कलर में उपलब्ध होंगे, जबकि गैलेक्सी बुक6 ग्रे और सिल्वर कलर में उपलब्ध होगा। ये सभी मॉडल्स Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, टॉप रिटेल चेन, प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और चुनिंदा सैमसंग अधिकृत रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।ग्राहक गैलेक्सी बुक6 रेंज पर 24 महीने तक की जीरो-इंटरेस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। इससे वे गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा को मात्र 10,125 रुपये प्रति माह, गैलेक्सी बुक6 प्रो को 7,458 रुपये प्रति माह और गैलेक्सी बुक6 को सिर्फ 5,333 रुपये प्रति माह में खरीद सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा और गैलेक्सी बुक6 प्रो पर 5,000 रुपये तक का कैशबैक और गैलेक्सी बुक6 पर 2,000 रुपये तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं।छात्रों को अतिरिक्त 10त्न तक का लाभ उपलब्ध होगा।

# आदित्य बिरला ज्वेलरी के इंद्रिया ने नया स्टोर खोलकर बरेली में अपनी उपस्थिति मज़बूत की



**बरेली।** आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने बरेली के प्रमुख सिविल लाइंस इलाके में अपना पहला स्टोर लॉन्च कर उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और मज़बूत किया है। यह कदम उन प्रमुख टियर 2 बाज़ारों में विस्तार करने के ब्रांड के फोकस के अनुरूप है, जहाँ प्रीमियम और डिज़ाइन-आधारित आभूषणों की भारी माँग है। इस अवसर परइंद्रिया के सीईओ, श्री संदीप कोहलीने कहा, ÷बरेली हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहाँ आभूषणों के प्रति गहरा सांस्कृतिक लगाव है और डिज़ाइन-केंद्रित एवं प्रीमियम उत्पादों की पसंद बढ़ रही है। अपने सिविल लाइंस स्टोर के साथ, हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र के ग्राहकों को अपना सिग्नेचर रिटेल अनुभव प्रदान करना है–जो कारीगरी, नवाचार और व्यक्तिगत पसंद का एक बेहतरीन संगम है। हम अपनी विस्तार यात्रा को जारी रखते हुए यहाँ के ग्राहकों के साथ लंबे समय तक चलने वाले संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं।बरेली के सबसे प्रतिष्ठित और व्यस्त रिटेल केंद्रों में से एक, सिविल लाइंस, इंद्रिया के लिए पारखी और जागरूक ग्राहकों से जुड़ने का एक आदर्श स्थान है। इस क्षेत्र में ब्राइडल, फेस्टिव और समकालीन (आधुनिक) ज्वेलरी की माँग में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, जो इस क्षेत्र में ब्रांड की निरंतर प्रगति के लिए इसे एक महत्वपूर्ण बाज़ार बनाता है। इस नए स्टोर में सोने, हीरे और पोल्की के आभूषणों में 32,000 से अधिक बारीकी से तैयार किए गए डिज़ाइन उपलब्ध हैं। ब्राइडल, फेस्टिव, आधुनिक और रोज़मर्रा के कलेक्शन में फैला यह कलेक्शन, पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ने के इंद्रिया के फोकस को दर्शाता है। स्टोर में विशेष एक्सपीरिएंशियल ज़ोन्स बनाए गए हैं, जिसमें निजी परामर्श के लिए एक एक्सक्लूसिव ब्राइडल लाउंज और एक कारीगरी रूम शामिल है, जहाँ ग्राहक हर गहने के पीछे की बारीक कलाकारी को करीब से देख सकते हैं।

## रॉयल एनफील्ड हंटरहुड पहुँचा यूपी 32




**लखनऊ।** रॉयल एनफील्ड का लोकप्रिय स्ट्रीट कल्चर प्लेटफॉर्म हंटरहुड 4 अप्रैल, 2026 को लखनऊ पहुंच रहा है। यह खास आयोजन संगीत, कला, संस्कृति और जबरदस्त रचनात्मक ऊर्जा के साथ उस शहर में होने जा रहा है, जो अपनी संस्कृति और बहुआयामी पहचान के लिए जाना जाता है। चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और शिलॉन्ग में मोटरसाइक्लिंग से आगे बढ़कर हजारों लोगों, स्थानीय प्रतिभाओं और नई सोच वाले कलाकारों को जोड़ने के बाद, यह प्लेटफ़ॉर्म अब ज्यादा जोश व उत्साह के साथ लखनऊ पहुँच रहा है। यह आयोजन इस शहर में गति, साउंड और स्ट्रीट कल्चर का एक जीवंत अनुभव प्रदान करेगा।इस जश्न में मौजूद हर राइडर, स्केटर, कलाकार, संगीतकार और यहाँ से गुजरता हुआ हर व्यक्ति इस आयोजन का हिस्सा होगा और स्ट्रीट्स से प्रेरित सभी संस्कृतियों को बढ़ावा देने वाले इस शुद्ध एवं जीवंत फेस्टिवल पर अपनी छाप छोड़ जाएगा।यह कार्यक्रम हंटर 350 से पूरी तरह प्रभावित है। हंटर 350 एक ऐसी बाइक है जो तेज़ चलने, अच्छे लुक और शहर की सड़कों के लिए बनाई गई है। हंटरहुड लखनऊ जोश और मेहनत करने वाले युवाओं के लिए एक खास प्लेटफॉर्म होगा। यहां बीएमएक्स और स्केटबोर्डिंग के शो होंगे, जहां खिलाड़ी अपने हुनर का पूरा दम दिखाएंगे। साथ ही स्ट्रीट फुटबॉल, गली क्रिकेट ज़ोन और इंटरैक्टिव चैलेंज लोगों को खुलकर खेलने और मस्ती करने का मौका देंगे।टिकट डिस्ट्रिक्ट से खरीदे जा सकते हैं।

# स्टाइल आइकन रितिक रोशन बने ONN ब्रांड के एम्बेसडर, प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस तेज




**कानपुर।** देश की प्रमुख इनरवियर कंपनी लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रीमियम वियर ब्रांड ONN के लिए बॉलीवुड अभिनेता रितिक रोशन को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के जरिए कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम इनरवियर और थर्मल वियर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

कंपनी की यह साझेदारी ONN ब्रांड की पहचान को मजबूत करने और खासकर युवा एवं महत्वाकांक्षी उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। ONN को एक आधुनिक लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में पेश किया गया है, जो कंफर्ट, परफॉर्मेंस और स्टाइल का संतुलित अनुभव देता है। अशोक तोड़ी चेयरमैन, लक्स इंडस्ट्रीज ने कहा कि यह सहयोग कंपनी के पोर्टफोलियो में मजबूत और प्रेरणादायक ब्रांड बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ONN नई पीढ़ी के लिए आधुनिक डिजाइन, बेहतर आराम और स्टाइल प्रदान करने की कंपनी की सोच का प्रतिनिधित्व करता है, और रितिक रोशन की व्यक्तित्व और फिटनेस ब्रांड के मूल्यों से मेल खाती है।

वहीं, साकेत तोड़ी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, लक्स इंडस्ट्रीज के अनुसार, इस साझेदारी से ब्रांड की दृश्यता बढ़ेगी और प्रीमियम एवं परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड इनरवियर की तलाश कर रहे ग्राहकों से मजबूत जुड़ाव बनेगा। इस सहयोग पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रितिक रोशन ने कहा कि व्यक्तिगत स्टाइल की नींव आराम और आत्मविश्वास है। ONN का गुणवत्ता, इनोवेशन और आधुनिक डिजाइन पर फोकस उनकी लाइफस्टाइल सोच से मेल खाता है।

इस कैंपेन के तहत रितिक रोशन टीवी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, रिटेल और आउटडोर मीडिया पर विभिन्न मार्केटिंग अभियानों में नजर आएंगे। इस कैंपेन को रेडिफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड. द्वारा तैयार किया गया है।

प्रमोद शर्मा, नेशनल क्रिएटिव डायरेक्टर, रेडिफ्यूजन ने कहा कि ONN स्टाइल, परफॉर्मेंस और रोजमर्रा के आराम का बेहतरीन संगम है और रितिक रोशन इन सभी गुणों का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। देशभर में मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म्स पर यह कैंपेन शुरू किया जा रहा है, जिससे ONN की पहुंच स्टाइल-कॉन्शियस युवा उपभोक्ताओं तक और मजबूत होगी। इस नई साझेदारी के साथ लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ONN ब्रांड की ग्रोथ को गति देने और प्रीमियम सेगमेंट में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## गोरखपुर में रिलीज़ हुआ पॉवर स्टार पवन सिंह का धमाकेदार गाना टचबडी, एक बार फिर दिखा उनका म्यूजिक पॉवर



**गोरखपुर।** भोजपुरी संगीत जगत के सुपरस्टार पवन सिंह एक बार फिर अपने दमदार अंदाज में दर्शकों के बीच लौट आए हैं। इस बार वे अपनी आवाज़ और स्क्रीन प्रेजेंस के साथ पैन इंडिया फिल्म डकैत÷एक प्रेम कथा का बहुप्रतीक्षित गाना टचबडी लेकर आए हैं, जिसे आज गोरखपुर में रिलीज़ किया गया। रिलीज़ होते ही यह गाना सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर धूम मचा रहा है। इस गाने की खास बात यह है कि इसमें पवन सिंह के साथ मशहूर गायिका जॉनिता गांधी की आवाज़ भी सुनाई दे रही है, जिसने ट्रैक को और भी आकर्षक बना दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु, दोनों भाषाओं में शूट और रिकॉर्ड किया गया है, जिससे इसकी पहुँच देशभर के दर्शकों तक और मजबूत हो गई है। टचबडी को लेकर पवन सिंह का उत्साह भी स्पष्ट नजर आता है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने संगीत के साथ नए-नए प्रयोग करना हमेशा पसंद है और जब फिल्म के लीड स्टार अदिवी शेष ने उन्हें इस गाने का आइडिया बताया, तभी उन्होंने तय कर लिया था कि इसमें अलग तरह की ऊर्जा और जोश लेकर आना है। पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म एक इंटेंस और एक्शन-पैक्ड कहानी पर आधारित है, इसलिए गाने में भी उसी तरह का दमदार टेम्पो और स्टाइल जरूरी था। उन्होंने यह भी कहा कि जॉनिता गांधी और अदिवी शेष जैसे कलाकारों के साथ काम करना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा।

# एसईए का अखिल भारतीय अनुमानों पर पूर्वानुमानित विश्लेषण

**लखनऊ।** सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने रबी 2025-26 सीजन के लिए रेपसीड-मस्टर्ड की फसल का पहला उत्पादन अनुमान जारी किया है। यह अनुमान फसल की बुनियादी स्थितियों में लगातार हो रहे सुधार की ओर इशारा करता है। साल 2025-26 की सरसों की फसल का अनुमान लगाने के लिए, एसईए ने इंडियन एग्रीबिजनेस सिस्टम्स लिमिटेड (एग्रीवॉच) को नियुक्त किया। एग्रीवॉच ने जमीनों का सर्वेक्षण, फसल कटाई और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके एक विस्तृत अध्ययन किया। कृषि-वस्तु अनुसंधान में व्यापक अनुभव रखने वाले एग्रीवॉच ने कई अध्ययन किए हैं। इसके अनुमान सरसों उगाने वाले विभिन्न प्रमुख जिलों में किए गए भू सर्वेक्षणों के दो दौर पर आधारित हैं।

इस अनुमान के अनुसार, अखिल भारतीय स्तर पर रेपसीड-मस्टर्ड की बुवाई का रकबा बढ़ कर 93.91 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि वर्ष 2024-25 में यह 92.15 लाख हेक्टेयर था। अनुकूल मौसम और खेती के बेहतर तरीकों के कारण, औसत पैदावार भी बढ़कर 1,271 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है, जो पिछले साल 1,250 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी। नतीजतन, कुल उत्पादन 119.4 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले सीजन के 115.2 लाख टन उत्पादन की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है। उत्पादन में बढ़ोतरी मुख्य रूप से ज्यादा जमीन पर खेती और साथ ही मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादकता में थोड़ी बहुत बढ़ोतरी की वजह से हुई है। इस बारे में द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की ओर से जयपुर में आज हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के प्रेसिडेन्ट संजीव अस्थाना ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा ''करीब 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ, यह विकास का सफर 2019-20 के लगभग 86 लाख टन से बढ़कर मौजूदा साल में लगभग 120 लाख टन तक पहुंचना बेहतर खेती के तरीकों, किसानों में ज्यादा जागरूकता और सरकार की मददगार नीतियों का सबूत है। श्री अस्थाना ने बताया कि एसईए-एग्रीवॉच सरसों की फसल के सर्वे के नतीजे भारत के तिलहन क्षेत्र की मजबूती को फिर से साबित करते हैं। सरसों की एक अच्छी फसल देश में खाने के तेल की उपलब्धता को बेहतर बनाने और आयात पर निर्भरता को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी।''



उन्होंने बताया कि राज्यों के स्तर पर, राजस्थान देश में सरसों के उत्पादन में सबसे आगे बना हुआ है, जहां उत्पादन का अनुमान 53.9 लाख टन है, जबकि उत्तर प्रदेश में उत्पादन में काफी बढोतरी दर्ज की गई है, जो 18.1 लाख टन तक पहुंच गया है। जहाँ मध्य प्रदेश में उत्पादन में थोड़ी-बहुत गिरावट देखी गई और यह 13.9 लाख टन रहा, वहीं हरियाणा में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली और उत्पादन 12.7 लाख टन तक पहुंच गया।

इसी प्रकार दूसरे राज्यों मसलन पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जहां उत्पादन का अनुमान क्रमशः 7.4 लाख टन और 5.9 लाख टन है। हालांकि, असम में पैदावार कम होने की खबर है, जिससे उत्पादन घटकर 2.1 लाख टन रह गया है, जबकि बिहार में उत्पादन लगभग स्थिर रहा और 0.9 लाख टन पर बना रहा।

## रेडमी 15ए 5जी: परफॉर्मेंस जिसे आप महसूस कर सकें, विश्वसनीयता जो लंबे समय तक बनी रहे



**लखनऊ।** शाओमी इंडिया ने आज रेडमी 15ए 5जी रेडमी 15ए 5जी भारत में लॉन्च किया। यह एक ऐसा स्मार्टफोन है जिसे एक सिम्पल आइडिया को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है यह लोगों के रोज़मर्रा के फ़ोन इस्तेमाल के तरीके के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। चाहे स्ट्रीमिंग हो, स्क्रॉलिंग हो, जुड़े रहना हो, या एक साथ कई ऐप्स चलाना हो, रेडमी 15ए 5जी बिना किसी बेवजह की उलझन के, एक सहज, भरोसेमंद और लंबे समय तक चलने वाला अनुभव देने पर ध्यान केन्द्रित करता है। आजकल स्मार्टफ़ोन से बहुत ज़्यादा उम्मीदें की जाती हैं, और रेडमी 15ए 5जी को इसी बात को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसकी 6300एमएएच की बैटरी एक बार चार्ज करने पर आराम से दो दिनों तक चलने के लिए डिज़ाइन की गई है फिर चाहे आप वीडियो स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया, कॉल्स और नेविगेशन का कितना भी ज़्यादा इस्तेमाल क्यों न करें। इससे आपको बार-बार चार्जर ढूंढने की ज़रूरत नहीं पड़ती, जो उन यूज़र्स के लिए खास तौर पर फ़ायदेमंद है जो काफी अधिक सफ़र करते हैं। और जब आपको फ़ोन चार्ज करने की ज़रूरत पड़ती है, तो यह डिवाइस 15 वॉट चार्जिंग के साथ-साथ 7.5 वॉट वायर्ड रिवर्स चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है, जिससे आपकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी और कई सारे काम और भी आसान हो जाते हैं। रेडमी 15ए 5जी में एक बड़ा 6.9-इंच का डिस्प्ले है, जो वीडियो देखने से लेकर ब्राउज़िंग तक, हर चीज़ को ज़्यादा शानदार और जानदार बनाता है। 120 हर्ट्ज़ तक के रिफ़्रेश रेट के सपोर्ट के साथ, फ़ोन इस्तेमाल करने का अनुभव ज़्यादा आसान और तेज़ लगता है फिर चाहे आप फ़ीड्स स्क्रॉल कर रहे हों या ऐप्स के बीच स्विच कर रहे हों।

# पीसीएस 2024 : गुलाम गौस रज़ा बने असिस्टेंट कमिश्नर, 66वीं रैंक पाकर जिले का बढ़ाया मान

- दूसरे प्रयास में मिली सफलता, पहले उत्तराखंड सेवा में भी चयन
- बंगरा के युवक ने प्रदेश सेवा में बनाई मजबूत पहचान



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस 2024 परीक्षा के अंतिम परिणाम में दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही के राजस्व ग्राम बंगरा रामबक्स राय निवासी गुलाम गौस रजा मंसूरी ने 66 वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर पद पर चयन पाया है।

विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त जेई निसार अहमद व फातिमा खातून के पुत्र गुलाम गौस रजा मंसूरी ने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में प्राप्त की। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।?उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई नवजीवन मिशन स्कूल कसया से पूरी की। इसके बाद इंटरमीडिएट अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ से किया। आगे की पढ़ाई कानपुर से बीटेक के रूप में पूरी करने के बाद दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। ?इससे पूर्व 30 अगस्त 2024 को उत्तराखंड पीसीएस के माध्यम से उनका चयन वित्त विभाग में राज्य कर अधिकारी पद पर हुआ था, जहां वर्तमान में वह देहरादून में तैनात हैं। ?सफलता पर सिकंदर बक्श, हारून रशीद, अनवर अंसारी, शमशुल हक, शाहनवाज आलम, साहब हुसैन, रामबिहारी राय, रामचन्द्र राय, सत्येन्द्र शुक्ल, सत्यम राय, शिवम राय, राम आशीष, छेदी प्रसाद, हरेंद्र राय, हरेंद्र प्रसाद, रेयाज अंसारी, मुन्ना अली, अनवर पहलवान, बबलू तिवारी, अरविंद राय, कमलेश राय, डॉ. विपिन राय, इरशाद आलम, मदरीश खान, नंदलाल भारती, प्रभुनाथ कुशवाहा, नगीना कुशवाहा, मुन्ना प्रसाद गोंड आदि उपस्थित रहे।

## प्रीति सिंह ने पीसीएस में हासिल किया 56वां रैंक

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के भलुही बोदरवार निवासी छेदी सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह की पुत्री प्रीति सिंह ने पीसीएस परीक्षा में 56वां रैंक हासिल कर अपने दादा-दादी एवं माता पिता सहित पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।



प्रीति सिंह के दादा छेदी सिंह ने बताया कि मेरी पौत्री का प्रारंभिक शिक्षा एक से छः तक विद्या मंदिर बोदरवार से हुई। जबकि सात से दस तक की पढ़ाई डीएवी इंटर कालेज मनकापुर गोंडा से पूरी की।

ग्यारह और बारहवीं की पढ़ाई विद्या मंदिर लखीमपुर-खीरी से तथा बीएससी व एमएससी लखनऊ विश्वविद्यालय पूर्ण किया साथ ही तैयारी भी लखनऊ से की। पिता प्रदीप सिंह त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल मुरादाबाद में केन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। दादा छेदी सिंह ने आगे बताया कि प्रीति सिंह का विवाह अहिरौली बाजार के पास महुअवा निवासी मनीष कुमार सिंह से 22 नवंबर 2024 को हुई जो इस समय लन्दन में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं।

## विनय बने असिस्टेंट कमिश्नर, कुशीनगर का बढ़ाया मान

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (PPCS 2024) के घोषित परिणामों में पडरौना निवासी रवींद्र तिवारी के बेटे विनय तिवारी ने 121वीं रैंक हासिल कर 'सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त' (असिस्टेंट कमिश्नर) के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा और संघर्ष का सफर विनय



की इस सफलता के पीछे उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासित दिनचर्या रही है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत कीडिज कॉर्नर स्कूल, पडरौना से हुई। इसके बाद उन्होंने जेपी एजुकेशनल एकेडमी, गोरखपुर से हाई स्कूल और जीएन नेशनल पब्लिक स्कूल (गोरखनाथ मंदिर), गोरखपुर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इग्नू ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से स्नातक (ग्रेजुएशन) की उपाधि प्राप्त की।

# हनुमान सरोवर पर स्वच्छता अभियान, रैली व पौधरोपण से दिया स्वच्छता का संदेश

- नमामि गंगे पखवाड़े में शपथ के साथ निकली जागरूकता रैली
- जल स्रोतों की सुरक्षा को लेकर लोगों ने लिया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** नमामि गंगे के तहत संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवा राजापाकड स्थित हनुमान सरोवर परिसर में स्वच्छता अभियान, गंगा शपथ, जन जागरूकता रैली व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों व विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि डा. प्रेमचंद मिश्र ने कहा कि गंगा व उससे जुड़े जल स्रोतों की स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने व जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने का आह्वान किया। ?अमलेश तिवारी ने स्वच्छता अभियान को निरंतर जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जनपद में लगातार अभियान चलाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गंगा की स्वच्छता व संरक्षण में जन सक्रियता सबसे अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को गंगा शपथ दिलाई गई, जिसमें स्वच्छता बनाए रखने व जल स्रोतों को प्रदूषित न करने का संकल्प लिया गया।

इसके बाद निकली जन जागरूकता रैली ने क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। अंत में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन लाल बिहारी पटेल ने किया। इस दौरान अभिषेक तिवारी, धीरेंद्र दीक्षित, उदय प्रताप, प्रमोद कुशवाहा, किशोर कुशवाहा, नारायन दास, नंदू वर्मा, काशीनाथ वर्मा, रामनरेश लाल, हरिकेश गुप्ता, भरत पटेल, जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में 17 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण, 20 सहायिकाओं को मिला नियुक्ति पत्र



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विकास भवन सभागार में सोमवार को नवनिर्मित 17 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के लोकार्पण तथा नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकोला के विधायक विनय कुमार गौंड तथा राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने नवनिर्मित 17 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही 20 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक विनय कुमार गौंड ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण तथा प्रारंभिक शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नवचयनित सहायिकाओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभलाभार्थियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। इसमें आंगनबाड़ी सहायिकाएं एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि जनपद में कुल 1339 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के चयन की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक पांच विकास खंडों में चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जबकि शेष विकास खंडों में चयन कार्य प्रगति पर है।

## अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक विकास भवन सभाकक्ष में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप को निर्देश दिया कि व्यापारी बन्धुओं की उद्योग से संबंधित समस्याओं का संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि उद्यमियों की मूलभूत समस्या के निस्तारण हेतु सम्यक निर्देश दिये जा रहे है। अद्यतन कार्यवाही के सापेक्ष समस्याओं के निस्तारण में तेजी आयी है।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेशमित्र पोर्टल पर 23 मार्च 2026 तक कुल 2624 प्रकरण आनलाईन प्राप्त हुए है, जिसमें 2424 प्रकरणों का निस्तारण कराया जा चुका है। 110 आवेदन पत्रों पर निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। बैठक में जनपद के अग्रणी उद्यमी जगदीश प्रसाद अग्रहरि ने विद्युत बिल, सड़को के किनारे स्थित नालो का निर्माण/सफाई के लिए अतिआवश्यक प्रकरण प्रस्तुत किया, जिसके संदर्भ में ईओ नगरपालिका को अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि त्वरित कार्यवाही कराते हुए समस्या निस्तारण करायें।

# शौचालय व पीएम आवास में धांधली का आरोप, ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

- जांच की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन, दुदही ब्लॉक के गांव तिवारीपट्टी का मामला



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** दुदही ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिवारी पट्टी में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। समाजसेवी सुग्रीव जायसवाल उर्फ झिनकू बाबू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। समाजसेवी सुग्रीव कुमार ने बताया कि इस संबंध में अगस्त माह में भी शिकायत की गई थी, लेकिन उस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि करीब पांच से छह माह बाद नामित जांच अधिकारी उप श्रम आयुक्त पडरौना और ग्राम विकास विभाग के अभियंता जांच के लिए गांव पहुंचे थे। पंचायत भवन पर ग्रामीणों की मौजूदगी में अधिकारियों ने शौचालय और आवास निर्माण से जुड़े अभिलेखों की मांग की, लेकिन ग्राम प्रधान और उनके पति ने कोई भी दस्तावेज दिखाने से इनकार कर दिया। इसके बाद जांच अधिकारी बिना किसी कार्रवाई के ही वापस लौट गए।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए किसी सक्षम अधिकारी से पुनः निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान ओमप्रकाश जायसवाल, सुभाष यादव, अब्दुल मजीद अंसारी, कृष्णा वर्मा, अरविंद प्रजापति, शैलेश कुमार 'बंटी', उपेंद्र कुशवाहा, ओमप्रकाश भारती, सतीश चंद, दिनेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रामलीला मंच पर डांस के बीच युवक ने की फायरिंग, वीडियो वायरल



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के गैनही जंगल गांव में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के दौरान मंच पर फायरिंग किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वायरल वीडियो एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव में आयोजित रामलीला के समापन अवसर पर बीते रविवार की रात आयोजन समिति द्वारा आर्केस्ट्रा कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान 'दबदबा था, दबदबा है, दबदबा रहेगा' गाने पर नर्तकियां मंच पर डांस कर रही थीं। इसी बीच एक युवक अपने तीन साथियों के साथ मंच पर पिस्टल लेकर पहुंच गया और अचानक फायरिंग कर दी। मंच पर हुई इस घटना का करीब 16 सेकेंड का वीडियो वहां मौजूद किसी दर्शक ने बना लिया, जो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में फायरिंग होते ही दर्शकों के बीच हलचल मच जाती है और भीड़ में से कोई व्यक्ति यह कहते हुए सुनाई देता है कि 'बंदूक पर नचा रहा है।' वीडियो सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। खड्डा थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है।

## यूपीपीएससी 2024 में दो प्रतिभाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के दो प्रतिभागियों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। भेटुआ ब्लॉक के सरुवांवा गांव निवासी विनय मिश्र ने अपने पहले ही प्रयास में शानदार प्रदर्शन करते हुए 71वीं रैंक हासिल की है।

इसके साथ ही उनका चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। विनय के पिता दुर्गा प्रसाद मिश्र शिक्षामित्र हैं जबकि माता माधुरी गृहणी हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। वहीं सुमेरपुर ग्राम पंचायत के डालव गांव निवासी स्नेहा शुक्ला ने 92वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। उन्होंने यह मुकाम अपने पांचवें प्रयास में हासिल किया। स्नेहा वर्तमान में हनुमत इंटर कॉलेज में बायोलॉजी की लेक्चरर हैं। उनके पिता वेद प्रकाश शुक्ला राजकीय इंटर कॉलेज में प्राचार्य हैं जबकि माता कमला शुक्ला गृहणी हैं।

# मोतीचक के एडीओ आईएसबी बिंदा देवी को दी गई भावभीनी विदाई



- बिंदा देवी ने अपना पूरा कार्यकाल जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया : अर्चना

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** मोतीचक विकास खंड में कार्यरत एडीओ आईएसबी बिंदा देवी का कार्यकाल पूर्ण (सेवानिवृत्त) होने पर सोमवार को ब्लॉक सभागार में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख मोतीचक अर्चना प्रदीप सिंह ने कहा कि बिंदा देवी ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यों से विभाग की योजनाओं को गति मिली और कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार भी सराहनीय रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी मोतीचक श्वेता मिश्रा ने कहा कि बिंदा देवी एक कर्मठ और जिम्मेदार अधिकारी रही हैं। उन्होंने विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और कार्यशैली से सभी कर्मचारियों को प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता रामू राव ने किया। इस दौरान एडीओ पंचायत राम आशीष गौतम, एपीओ राकेश कुमार मौर्या, सचिव समरजीत सिंह, आलोक कुमार, हरिओम मिश्रा, अशोक सिंह, मृत्युंजय नारायण सिंह, ज्योति बरनवाल, राज किशोर, ब्रजेश त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, आलोक जायसवाल, मेराज अहमद, अनिल दुबे, आफताब आलम, जयप्रकाश सिंह, विश्वामित्र, बंटी गुप्ता, सूर्य प्रताप सिंह, कन्हैया गुप्ता और राजीव गुप्ता सहित तमाम कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने बिंदा देवी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की।

## अवैध संबंध का राज खुलने के डर से नाबालिग की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग के अपहरण के बाद हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्चे का शव बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 28 मार्च 2026 को कोतवाली हाटा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर बिरैचा वार्ड नंबर 18 हनुमान नगर से एक 12 वर्षीय बालक के अपहरण होने की सूचना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के क्रम में 29 मार्च को कोतवाली हाटा पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी डब्लू गौड़ पुत्र गामा गौड़ निवासी गोपालपुर बिरैचा वार्ड नंबर 18 हनुमान नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर मृतक राजवीर का शव बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतक बच्चे की मां के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस संबंध की जानकारी बच्चे को हो गई थी। आरोपी को डर था कि बच्चा यह बात किसी अन्य व्यक्ति को बता देगा। इसी आशंका में उसने बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी और शव को छिपा दिया।



## रोजगार मेले का आयोजन कल

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने सूचित किया है कि 01 अप्रैल 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार/अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार/अप्रेन्टिस मेले में मारूती सुजुकी गुजरात प्लाण्ट कम्पनी प्रतिभाग कर रही है तथा उक्त कम्पनी हेतु आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र व उसकी दो प्रमाणित छायाप्रति बायोडाटा आधार कार्ड पैन कार्ड 04 पासपोर्ट साइज फोटो बैंक डिटेल्स इत्यादि के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के कैम्पस में प्रातः 11बजे उपस्थित होकर रोजगार/अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## नगर पंचायत नगर से रामधाम निशुल्क यात्रा को अध्यक्ष नीलम सिंह ने किया रवाना



**बस्ती।** नगर पंचायत नगर बाजार से रामधाम निशुल्क यात्रा के चौथे चरण में श्रद्धालुओं का दल अयोध्या रवाना हुआ। पुष्प वर्षा और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रविवार को सुबह 8 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने सभी यात्रियों को अंग वस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से भरी बस को भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। श्रीमती राना ने कहा कि नगर पंचायत नगर देश की पहली नगर पंचायत है जहां प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को 60 वर्ष से अधिक उम्र के श्रद्धालुओं को निःशुल्क धार्मिक यात्रा कराई जाती है। यात्रियों उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम स्थित श्री राम जन्मभूमि, श्री हनुमान गढ़ी, पुत्रेष्टि यज्ञ स्थली बस्ती के मखौड़ा धाम तथा श्रीराम की शिक्षा स्थली गुरु तीर्थ वशिष्ठ आश्रम बढ़नी मिश्र होकर यह यात्रा पुनः श्री दुर्गा मन्दिर नगर बाजार आकर पूर्ण होती है।श्रीमती राना ने लोगों से अपील किया कि अपने घर के वरिष्ठों को इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए नगर पंचायत कार्यालय पर रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा और विकास के पैमाने पर नगर को देश में मॉडल नगर बनाना हमारा लक्ष्य है।

# गन्ना आयुक्त कार्यालय ने जारी की स्वीकृत प्रजातियां, किसान अपनाएं नई किस्में

- उपज व चीनी परता बढ़ाने में गन्ना प्रजातियों की अहम भूमिका : ओपी गुप्ता

ओम प्रकाश राय

**सेवरही, कुशीनगर (अवधनामा संवाददाता)।** गन्ना उत्पादन एवं चीनी परता बढ़ाने के उद्देश्य से गन्ना आयुक्त कार्यालय, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न जनपदों हेतु स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की सूची जारी की गई है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे केवल स्वीकृत प्रजातियों की ही बुवाई करें और किसी एक किस्म पर निर्भर न रहें। यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, पिपराइच (गोरखपुर) के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने दी। उन्नत एवं स्वीकृत गन्ना प्रजातियों को अपनाकर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं, बल्कि चीनी परता में सुधार कर अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गन्ने की उपज और चीनी परता बढ़ाने में प्रजातियों का सबसे बड़ा योगदान होता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। को. 0238 पहले बेहद लोकप्रिय प्रजाति थी, लेकिन रेड रॉट रोग के कारण अब किसान इसे कम बो रहे हैं।

**विशेषज्ञों के अनुसार मध्य एवं देर से पकने वाली प्रमुख प्रजातियां**

**सेवरही शोध :** को.से. 11453, 13452, 8452, 1434, 96436

**शाहजहांपुर शोध :** को.शा. 14-233, 15233, 16233, 12232, 8279, 8276, 767, 8432, 97264, 96275, 97231

**अन्य :** को. 5011, को.लख. 12209, 15470 जलप्लावित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त को.शा. 10239, यू.पी. 9530, 14234, को.से. 96436

**विशेषज्ञों की सलाह :** गन्ना विकास विभाग एवं शोध संस्थानों द्वारा स्वीकृत प्रजातियों का बीज गन्ना किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। गन्ना शोध केंद्र सेवरही के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.पी. सिंह के अनुसार को. 15023 व को.लख. 16202 अभी इस क्षेत्र के लिए स्वीकृत नहीं हैं। विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपने खेत की स्थिति के अनुसार अगेती, मध्य एवं देर से पकने वाली प्रजातियों का चयन करें तथा ट्रेंच विधि से बुवाई कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें।

### विभिन्न संस्थानों की स्वीकृत प्रजातियां

पूर्वी उत्तर प्रदेश के 25 जिलों (देवरिया, गोरखपुर, देवीपाटन, अयोध्या मंडल) के लिए स्वीकृत प्रमुख प्रजातियां इस प्रकार हैं–

सेवरही गन्ना शोध केंद्र से विकसित (को.से.) 17451, 3234, 98231, 95422, 1421, शाहजहांपुर शोध संस्थान (को.शा.) 17231, 13235, 13231, 14231, 15231, 15235, 8436, 15255, 8272, 88230, लखनऊ शोध संस्थान (को.लख.) 14201, 94184, 12207, 15466, गोरखपुर विकसित यू.पी. 05125, करनाल (हरियाणा) विकसित, को. 0118, 238, 98014

## जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं राष्ट्रीय क्रीमि मुक्ति कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 100 दिवसीय सघन टीवी खोजी कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। सीडीओ ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन शत-प्रतिशत कवरेज एवं सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों की पहचान उपचार फॉलोअप एवं पोषण सहायता की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड टीबी एवं कैंसर रोगियों के चिन्हीकरण हेतु समय समय पर अभियान संचालित किया जाता है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर स्क्रीनिंग तथा पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं।

## बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सीडीओ ने वित्तीय समावेशन योजना पीएम सूर्य घर योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना किसान क्रेडिट कार्ड वार्षिक ऋण योजना पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड पीएम स्वनिधि योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एक जनपद एक उत्पाद योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें।

# नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सुपोषित उत्तर प्रदेश सशक्त भारत के उद्देश्य से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नवचयनित 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण तथा रू. 450 करोड़ की लागत से निर्मित 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पण/शिलान्यास के उद्देश्य से लोकभवन में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया गया।

आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व अन्य अतिथियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना हुजूरपुर, चित्तौरा व रिसिया हेतु नवनियुक्त 230 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा परियोजना क्षेत्र नगर की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतिकात्मक रूप से मोबाइल का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद बहराइच में 1376 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। पयागपुर व विशेश्वरगंज को छोड़कर शेष समस्त बाल विकास परियोजनाओं अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## परीक्षा फल बटने के दौरान बच्चों ने पेश किये रंगारंग कार्यक्रम

**सुलतानपुर।** कमला विद्या मंदिर, करौंदिया में वार्षिक परीक्षा फल के वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नर्सरी वर्ग में आकांक्षा एवं आयुषी ने 100% प्राइमरी वर्ग में अद्विका सिंह 99.5% एवं जूनियर वर्ग में मुस्कान गौड़ 91.8% अंक हासिल कर अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में मन्नत, सृष्टि सोनकर, आराध्या, अद्विका, अम्बिका गुप्ता, प्रिया, सृष्टि, मुस्कान द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुलाम गौस, कुमकुम, अभय कुमार, आकांक्षा, प्रथर्व, आयुषी, आशुतोष, विक्रम सिंह, अद्विका, अंजली, आयुषी, अंशुमान, आदर्श, साक्षी, कार्तिक पाल, आराध्या, सत्यांश, सृष्टि, प्रंभाशु, शमा बानो, मो. इमरान, पारुल, कुँवर आनंद, मुस्कान गौड़ ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीन कुमार अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए।

# भाजपा विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटे स्मार्टफोन

**हजारों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र**

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को विकास भवन सभागार मे, मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर लखनऊ मे नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया इसदौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को स्मार्ट फोन का वितरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाईसेज का वितरण एवं पूर्ण हो चुके बाल विकास परियोजना कार्यालय सह-गोदामों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रो का लोकापर्ण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियो, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, तथा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओ ने देखा।

इस दौरान शाहजहांपुर जनपद से 3 आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा 346 आंगनवाड़ी सहायिकाओं का चयन किया गया इस अवसर पर ऑनलाईन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्रों का वितरण, स्मार्ट फोन का वितरण, पूर्ण हो चुके बाल विकास परियोजना कार्यालय सह-गोदामो एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो का लोकापर्ण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम मे उपस्थित विधायक ददरौल, द्वारा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओं को बधाई देते हुए, उन्हे अपने केन्द्र का बेहतर ढंग से संचालन सुनिश्चित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पंजीकृत लाभार्थियों तक पहुंचाये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये स्मार्ट फोन का सदुपयोग करते हुए पोषण ट्रैकर आदि पर शत-प्रतिशत् फीडिंग सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर विधायक ददरौल अरविन्द कुमार, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी-डॉ0 अपराजिता सिंह सिनसिनवार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार संघ मानव अधिकार फोरम मुंबई टीम ने किया निशुल्क भोजन का वितरण

**सुलतानपुर / मुंबई।** जरूरतमंद मरीजों एवं उनके सहयोगियों की सेवा और सहयोग के उद्देश्य से मुंबई के प्रसिद्ध केम हॉस्पिटल के गेट नंबर 4 पर समाजसेवी संस्था श्री पूनम पार्क युवा मंडल के नेतृत्व में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था राष्ट्रीय पत्रकार संघ मानव अधिकार फोरम द्वारा लगभग 350 लोगों को भोजन सामग्री का वितरण किया गया।

मानव सेवा का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पत्रकार संघ मानव अधिकार फोरम मुंबई के अध्यक्ष कैलाश खोसे की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक हेमन्त कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। मानव सेवा को समर्पित इस आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी बजरंग लाल ईरीवाल, नरेंद्र गोहिल, परेश जैन, हंसमुख जैन, पंकज जैन, जगदीश भाई जैन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी ने सजाया मंच, उर्दू के चाहने वालों का लगा जमावड़ा



**गंगा-जमुनी तहज़ीब और राष्ट्रीय एकता पर हुआ मुशायरा, शायरों कवियों ने बांधा समां**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** ज़िले में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से गंगा-जमुनी तहज़ीब और राष्ट्रीय एकता के विषय पर एक मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य, संस्कृति और आपसी सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन जावेद जाफरी नगर उपाध्यक्ष, भाजपा, बहराइच एवं सदर बज़्मे नूरे अदब द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कार्यालय प्रभारी असरार अहमद ने की जिसमें में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अमील शम्सी ने शिरकत की और निज़ामत राशिद राही ने किया।इस मौके पर ज़िले के नामचीन लोगों ने शिरकत की।आल इंडिया मुशायरे का आगाज़ राशिद अल्वी ने नाते पाक पेश कर किया, जिससे माहौल रूहानियत से भर गया। मुशायरे में बहराइच सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए शायरों और कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख रूप से गुलशन पाठक, नाजिम बहराइची, डॉ. अशोक पांडे गुलशन, शहबाज तालिब, मज़हर सईद, अंजुम ज़ैदी, सगीर रिजवी, अभीश्रेष्ठ तिवारी, मंजूर बहराइची, राधा कृष्ण पाठक, फौजिया आफरीन, तमन्ना जाफरी, नदीम ताबिश, शौकत अली सहित तमाम प्रतिष्ठित कवि एवं शायरों ने शिरकत की।मुशायरे के दौरान शायरों कवियों द्वारा पेश की गई ग़ज़लो कविताओं को श्रोताओं ने खूब सराहा। उनकी अदायगी और लफ़्ज़ों की गहराई ने महफिल में एक अलग ही रंग भर दिया।कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में पत्रकार शफीउद्दीन जैदी, बच्चे भारती, शादाब हुसैन, सैय्यद अकरम सईद, अतहर मेहदी, युवा पत्रकार तौहीद अहमद, मोहम्मद अब्दुल्ला, शकील मिर्ज़ा, एहतिशाम जाफरी सहित कई अन्य प्रमुख नाम शामिल रहे।

# सील अस्पताल फिर वही डॉक्टर, वही मशीनें, वही खेल!

अवधनामा संवाददाता

**सील का ढोंग, मौत का कारोबार! फिरोजाबाद में 'नाम बदलो-हॉस्पिटल चलाओ' खेल**

**फिरोजाबाद।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर अब सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया हैकृक्या यहां ÷सीलिंग÷ सिर्फ दिखावा है और अंदरखाने अस्पतालों का खेल बेखौफ जारी है?

सूचना का अधिकार (त्ज्प्) के तहत मांगी गई जानकारी ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। आवेदक ने पिछले तीन सालों में सीज किए गए निजी अस्पतालों का पूरा ब्योरा मांगाकृनाम, संचालक, सीज करने के कारण, आदेश देने वाले अधिकारी और निरीक्षण रिपोर्ट तक। साथ ही सबसे बड़ा सवाल यह उठाया गया कि क्या ये अस्पताल नाम बदलकर फिर से चालू हो रहे हैं? लेकिन हैरानी की बात यह है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ब्डव्) कार्यालय ने इस गंभीर मुद्दे पर सीधा जवाब देने के बजाय ÷सूचना उपलब्ध कराना संभव नहीं है÷ कहकर पल्ला झाड़ लिया। यानी या तो विभाग के पास रिकॉर्ड ही नहीं3 या फिर सच छुपाया जा रहा है। त्ज्प् में यह भी पूछा गया कि अगर सीज अस्पताल दोबारा चालू होते हैं, तो उन पर थ्प् क्यों नहीं होती? जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई? और अगर ऐसे अस्पतालों में किसी मरीज की मौत हो जाए तो जिम्मेदारी कौन लेगा? जब इन सवालों का जवाब नहीं मिला तो आवेदक ने प्रथम अपील दायर कर दी। लेकिन यहां भी मामला साफकरने के बजाय फाइल को ÷संबंधित अधिकारी को प्रेषित÷ कर दिया गया। सवाल अब और बड़ा हो गया है। क्या फिरोजाबाद में सीलिंग सिर्फ कैमरे के लिए होती है? क्या नाम बदलकर वही अस्पताल फिर से मरीजों की जान से खेल रहे हैं?

# जिला पर्यावरण जिला वृक्षारोपण जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण, जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद को हरित जनपद के रूप में स्थापित करने हेतु विशेष अभियान चलाना और इस हेतु सुदृढ़ कार्य योजना तैयार करना बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि इस वर्ष जनपद में 57 लाख पौधे तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके लिए पौधशाला तैयार करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य जारी है, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी विभाग अपने स्तर पर पौधारोपण हेतु आवश्यक भूमि चयनित करें और उसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराए, जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि केवल बड़ी नर्सरी ही नहीं बल्कि छोटी-छोटी नर्सरींयों से भी निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि पौधों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने हाइवे के किनारे पर भी वृक्षारोपण कर उन्हें हरा भरा बनाने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में 15 से 20 मॉडल तैयार किया जाए, जो अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें, जिलाधिकारी ने जिला वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल ग्राम गंगा समिति का गठन करें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य जनपद को पूर्णतः हरित बनाना है यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जन आंदोलन होने चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिला वनधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित किये गये आपदा मित्र



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान 28 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद के 100 आपदा मित्रों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में आपदा मित्रों की भूमिका विषयक पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिन तक संचालित किया गया जिसमे प्रथम दिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, दूसरे दिन जनपद स्तरीय अधिकारियो/कर्मचारियों को तथा तीसरे दिन आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा व सुनील कुमार चौधरी तथा शिवम सिंह द्वारा विभिन्न आपदाओं पर क्या करें-क्या न करें के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है।

# बहलोलपुर की बहु बनी पीसीएस अफसर

**कुड़वार/सुल्तानपुर।** क्षेत्र बहलोलपुर गांव की बहू का यूपीएससी परीक्षा 2024 में चयन होने से परिवारी जनों ने खुशी जाहिर की है। बता दे कि स्थानीय विकास खंड के बहलोलपुर राजूपुर गांव निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी की बहू अवंतिका तिवारी ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अवंतिका तिवारी की शादी साल भर पहले हुई थी। इनके पति अभिषेक तिवारी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर है जो मऊ में कार्यरत है। तथा ससुर हनुमान प्रसाद तिवारी सीडीए पेंशन प्रयागराज में अकाउंट ऑफिसर है।

नायब तहसीलदार के पद पर चयनित अवंतिका तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा एसवीएम इंटर कालेज लालगंज अझारा में हुई। जिसके बाद इन्होंने बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की डिग्री एसआरएमसीईएम लखनऊ से हासिल की।उन्होंने परीक्षा की तैयारी मायके व ससुराल में रहकर की। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों सहित प्रतापगढ़ जिले के जैनपुर लाल गंज अझारा निवासी अपने शिक्षक पिता अजीत कुमार शुक्ला, माता माधुरी शुक्ला सहित ससुर हनुमान तिवारी, सास मंजुलता तिवारी को दिया। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार उनके शिक्षण कार्य के लिए सहयोग करते थे जिससे सफलता प्राप्त हुई। उनकी इस सफलता पर डॉ पूजा तिवारी, डॉ संदीप कुमार दुबे, वरुण पांडेय सहित अन्य परिवारी जनों ने खुशी जाहिर की है।



## अर्पिता मिश्रा बनीं वाणिज्य कर अधिकारी, परिवार में खुशी की लहर



**सुलतानपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा अर्पिता मिश्रा ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वाणिज्य कर अधिकारी (सीटीओ) पद पर चयन प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। अर्पिता मिश्रा ने केएनआईटी सुलतानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उनके पिता, रवितेंद्र प्रताप मिश्रा, कस्तूरबा विद्यालय कादीपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुषमा मिश्रा गृहिणी हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी बहन साक्षी मिश्रा एमबीबीएस के चौथे वर्ष की छात्रा हैं और राजकीय मेडिकल कॉलेज बांदा में अध्ययनरत हैं। परिवार के चचेरे भाई देवेश मिश्रा ने भी आईआईटी कानपुर से बीटेक किया है और वर्तमान में दुबई में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं।

## प्राचीन घंटेश्वर मंदिर से घंटा चोरी, ग्रामीणों ने दी तहरीर

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली में स्थित श्री घंटेश्वर मंदिर में बीती रविवार रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर का घंटा खोलकर ले गए। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मंदिर से जुड़े बद्री विशाल जी ने बताया कि जब वह सुबह पूजा के लिए पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था और घंटा गायब मिला। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र के दो अन्य मंदिरों में इसी तरह घंटा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पारा चौकी पर लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरों की तलाश की जा रही है। पारा चौकी इंचार्ज रामराज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने किया नवीन सत्र की पुस्तकों का वितरण



**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बादशाहनगर विकासखंड भावलखेड़ा मैं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड भावलखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शाहजहांपुर ने की। प्रधानाध्यापक अजय कुमार माथुर ने कक्षा एक से लेकर 5 तक के बच्चों के परीक्षाफल की घोषणा की एवं अपनी कक्षा में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया कक्षा 5 में प्रथम स्थान पर दिव्या गुप्ता रही व कक्षा तीन में प्रथम स्थान पर रिया दिव्यांशु दिव्या पायल प्रतिभा सुधांशु आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस दौरान स्कूल के बच्चे रिजल्ट पाकर खुश नजर आए मुख्य अतिथि ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पाठ्य पुस्तक विद्यालयों में भेजी जा रही है अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह नियमित अपने बच्चों को विद्यालय भेजें। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झांसी की रानी मोबाइल की लत छोटे-छोटे बाल नाटकों की मनमोहक प्रस्तुति की। विद्यालय स्टाफ में सर्वेश नरवाल रश्मि रानी, जूनियर शिक्षक संघ के मंडल उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंगवार कवित कुमार एवं तमाम अभिभावक गण उपस्थित रहे वहीं दूसरी तरफ पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बादशाह नगर में खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने वर्ष 2026 -27 के नवीन पाठक पुस्तकों का वितरण किया उन्होंने कहा इस वर्ष सत्र के आरंभ में ही पाठ्यपुस्तक हर बच्चे तक पहुंच जाएंगी।

## सौम्या गुरु रानी बनी शाहजहांपुर नगर आयुक्त



**शाहजहांपुर।** जनपद में शहीदों की प्रतिमाएं बुलडोजर से गिराए जाने के विवाद के बीच नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्रा का शासन ने ट्रांसफर कर दिया है उनकी जगह पर प्रतीक्षारत उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली आईएएस अधिकारी सौम्या गुरु रानी को नगर आयुक्त शाहजहांपुर का चार्ज दिया गया है

वहीं नगर आयुक्त रहे डॉक्टर विपिन कुमार मिश्रा को अपर प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की जिम्मेदारी मिली है उनके ट्रांसफर के बाद चर्चा है कि उनका ट्रांसफर शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़े जाने के विवाद को लेकर हुआ है वहीं दूसरी तरफ इसी विवाद के चलते दोषी ठहराए गए निलंबित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता की गई कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं यहां तक निलंबित जेई प्रमोद कुमार ने पत्र लिखकर बताया है कि वह छुट्टी पर थे और उनके समय मूर्ति नहीं तोड़ी गई फिर भी उन्हें निलंबित कर दिया गया इस मामले में महापौर अर्चना वर्मा ने जांच कराए जाने की बात कही है बताया यह भी जा रहा है कि जिस जेसीबी मशीन से मूर्ति तोड़ी गई वह जेसीबी मशीन ठेकेदार को नगर निगम द्वारा दी गई थी यह जांच का विषय है की मशीन किसने दी थी।

# मौरम खंड 60 में केन नदी पर अवैध पुल, एनजीटी की साख पर सवाल

**जलधारा में पोकलैंड उतारकर खनन, लोहे की प्लेट-बोल्डर डालकर बना दी कच्ची सड़क**

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** बुंदेलखंड की जीवनरेखा कही जाने वाली केन नदी एक बार फिर मौरम माफियाओं की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता की शिकार होती दिखाई दे रही है। पैलानी तहसील अंतर्गत ग्राम सांडी के मौरम खंड 60 में संचालित खनन कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि यहां नदी की जलधारा के बीच अवैध पुल बनाकर, एनजीटी द्वारा प्रतिबंधित अर्थ-मूविंग मशीनों से खुलेआम मौरम निकासी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, एआर कंस्ट्रक्शन द्वारा संचालित इस मौरम खंड का संचालन महज दो सप्ताह पूर्व शुरू हुआ है। सूचना बोर्ड के अनुसार खदान संचालक फर्म अनीता शर्मा के नाम दर्ज है, जबकि क्षेत्र में यह खदान 'पंडित जी' के नाम से चर्चित बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर लगे सूचना बोर्ड पर पट्टे की अवधि कब से कब तक है, यह महत्वपूर्ण विवरण तक अंकित नहीं किया गया है, जो अपने आप में पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि खंड 60 संचालक के लोगों ने केन नदी के कैचमेंट क्षेत्र और जलधारा के भीतर ही भारी लोहे की प्लेटें, बोल्डर और मिट्टी डालकर एक अस्थायी कच्चा पुलनुमा रास्ता तैयार कर लिया है। इसी अवैध रास्ते से बड़े-बड़े ट्रक और डंपर लाल मौरम लादकर बेरोकटोक आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह न केवल नदी की स्वाभाविक धारा में हस्तक्षेप है, बल्कि इससे भविष्य में कटान, जलप्रवाह अवरोध और पारिस्थितिक असंतुलन की आशंका भी बढ़ गई है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि यहां एनजीटी के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए कई पोकलैंड मशीनें सीधे केन नदी की जलधारा में उतार दी गई और वहीं से बालू-मौरम का उत्खनन किया जा रहा है। यह पूरा खेल दिनदहाड़े चलने की बात सामने आई है। 30 मार्च को स्थानीय किसानों द्वारा मौके से लिए गए फोटो और वीडियो में कथित तौर पर खनन गतिविधियां कैद हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही मशीन चालकों को वीडियो बनाए जाने की भनक लगी, पोकलैंड मशीनों के ब्रेक थम गए और कुछ ही देर में दो गाड़ियों में खदान से जुड़े कर्मचारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने वीडियो बनाने से रोकने की कोशिश की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सांडी के मजरा बगीचा डेरा क्षेत्र में गर्मी के मौसम में जल संकट बेहद गंभीर हो जाता है। यहां तक कि गर्मियों में केन नदी को पैदल पार किया जा सकता है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में नदी की धारा से छेड़छाड़ और भारी खनन को ग्रामीण भविष्य के लिए खतरनाक मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह कैचमेंट क्षेत्र पर मिट्टी, बोल्डर और लोहे की प्लेटें डालकर रास्ते बनाए जाते रहे, तो इसका सीधा असर भूजल पुनर्भरण, जलधारा की दिशा, और आसपास के कृषि संसाधनों पर पड़ेगा। ग्राम सांडी के भीतर ही हाल में शुरू हुई मौरम खंड-1 भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों के अनुसार, इसका संचालन गाजियाबाद के वैशाली क्षेत्र से जुड़े अंकित सिंह के प्रभाव में बताया जा रहा है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि उक्त पक्ष पर बांदा के एक पत्रकार महेश द्विवेदी सहित अन्य लोगों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने जैसे आरोप भी लग चुके हैं।

## सीडीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को किए स्मार्ट फोन एवं नियुक्ति पत्र वितरित



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के हाथों स्मार्टफोन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, साथ ही साथ मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सेविकाऐं, स्वास्थ्य और शिक्षा की उस बुनियादी कड़ी का हिस्सा है, जो ग्रामीण स्तर पर बच्चों और महिलाओं के भविष्य की नींव रखती हैं, उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके, नियुक्ति पत्र पाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में विकासखंड मदनपुर से आरती एवं हाथवंत खैरागढ़ से कुशमा देवी प्रमुख रही, जबकि आंगनबाड़ी सहायिकाओं में सपना सिंह, प्रियंका, अनुपम, अंजलि, अंबिका, आराधना, माधुरी, आरती प्रमुख रही तथा नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं में दीप ज्योति, सुमिला, अर्चना, मोहिनी, प्रिया सिंह आदि प्रमुख रहीं, इस प्रकार जनपद में 13 मुख्य सेविकाऐं, 4 आगनबाडी कार्यकत्रियां और 70 आगनबाडी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली-मुरादाबाद में 95 करोड़ से मजबूत होगा वैज्ञानिक ढांचा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद और बरेली में साइंस पार्क स्थापना के लिए सोमवार को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 95 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी करते हुए 18 माह में निर्माण पूरा करने की समावधि तय की गई है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव की ओर से सोमवार को जारी शासनादेश के अनुसार मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए 4799.77 लाख रुपये (करीब 47.99 करोड़ रुपये) स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत प्रथम किस्त के रूप में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य तथा 1000 लाख रुपये मशीनरी और उपकरणों के लिए जारी किए जाएंगे।

■ साइंस पार्क स्थापना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति



इसी प्रकार बरेली में साइंस पार्क निर्माण के लिए 4797.57 लाख रुपये (करीब 47.97 करोड़ रुपये) की स्वीकृति दी गई है। यहां भी पहले चरण में 700 लाख रुपये निर्माण कार्य और 1000 लाख रुपये उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इन परियोजनाओं को प्रदेश में विज्ञान शिक्षा, नवाचार और तकनीकी जागरूकता को नई गति देने वाला अहम कदम माना जा रहा है, जिससे युवाओं को आधुनिक विज्ञान से जुड़ने का सशक्त मंच मिलेगा।

दोनों साइंस पार्क में डिजिटल प्लेनेटेरियम, आधुनिक साइंस गैलरी, इंटरैक्टिव प्रदर्शनी और विज्ञान आधारित शिक्षण संसाधन विकसित किए जाएंगे। 'फन विद साइंस', 'एंशिएंट इंडियन साइंस', 'स्पेस साइंस' और 'इवोल्यूशन ऑफ लाइफ' जैसी थीम आधारित गैलरी के माध्यम से छात्रों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर रहेगा।

शासन ने निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं को 18 माह की समयसीमा में पूरा किया जाए और निर्माण कार्य में सभी तकनीकी मानकों, वित्तीय नियमों व पर्यावरणीय स्वीकृतियों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट, तकनीकी समिति द्वारा डिजाइन व लागत परीक्षण और जरूरत के अनुसार उपकरणों की खरीद अनिवार्य की गई है।

# शुरू हुई गेहूं की खरीद, सवा लाख किसानों ने किया पंजीकरण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार से शुरू हो गई है। 2.24 लाख से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में अब तक 3574 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

खरीद 15 जून तक चलेगी। खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों के 6500 क्रय केंद्र स्थापित होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मौसम को देखते हुए किसानों के लिए छाया, पानी व बैठने समेत हर जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर लेने के निर्देश दिए हैं। उतराई, छनाई व सफाई के लिए किसानों को अलग से 20 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। खाद्य व रसद विभाग ने 30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

■ इस बार 48 घंटे में हो जाएगा भुगतान



रखा था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया। सीएम ने 48 घंटे में डीबीटी के माध्यम से किसानों को भुगतान के भी निर्देश दिए हैं।

बिचौलियों का हस्तक्षेप न रहे, इसलिए सारा सिस्टम ऑनलाइन कर दिया गया है। जिन किसानों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे fcs.up.gov.in या यूपी किसान मित्र एप के माध्यम से पंजीकरण या नवीनीकरण कर सकते हैं। समस्या होने पर टोल-फ्री नंबर 18001800150 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनसेवा मेरा संकल्प, जनता की मुस्कान ही मेरी असली पूँजी : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जन-समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति और पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए। भावुक हुए उप मुख्यमंत्रीः 'गरीबी को जिया है, इसलिए दर्द समझता हूँ जनता दर्शन के दौरान लोगों से संवाद करते हुए उपमुख्यमंत्री अत्यंत भावुक नजर आए।

उन्होंने कहाः मैं स्वयं एक गरीब परिवार से निकलकर यहाँ तक पहुँचा हूँ। गरीबी और अभाव का दर्द क्या होता है, इसे मैंने जिया है। इसीलिए जब प्रदेश के दूर-दराज के इलाकों से मेरे भाई-बहन अपनी परेशानियाँ लेकर मेरे पास आते हैं, तो मुझे उनमें अपना



■ योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए

परिवार नजर आता है। मैं औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि पूरे मन से जनसेवा करता हूँ।

श्री मौर्य ने आगे कहा कि उनके लिए सबसे संतोषजनक क्षण वह होता है, जब लोग अपनी समस्याओं के समाधान के बाद दोबारा आभार प्रकट करने आते हैं। उन्होंने कहा, जब किसी पीड़ित का काम हो जाता है और वह उस खुशी को साझा करने मेरे पास आता है, तो मेरा मन उत्साह से भर जाता है। जनता के चेहरे की वह मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजनीति उनके लिए केवल पद नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचः 'सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। मेरा अटूट संकल्प है कि मैं अपने जीवन के खून की आखिरी बूंद तक जनता की सेवा में समर्पित रहूँ।

# केजीएमयू ने फिर हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में पहली बार डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद मरीज स्वास्थ्य लाभ पर है। संस्थान में यह सर्जरी 50 वर्षीय महिला मरीज पर की गई, जो पिछले 25 वर्षों से पार्किंसन बीमारी से पीड़ित थीं।

लंबे समय से दवाइयों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा था और उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में उनकी जीवन गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से डीबीएस सर्जरी का निर्णय लिया गया। यह जटिल प्रक्रिया बीते 27 मार्च को सफलतापूर्वक पूरी की गई, जो केजीएमयू में फंक्शनल

■ डीबीएस सर्जरी से पार्किंसंन मरीज को मिली नई उम्मीद

न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

सर्जरी में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज़ (निमहांस), बेंगलुरु के विशेषज्ञों में डॉ. द्वारकानाथ श्रीनिवास और डॉ. विक्रम होला का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। वहीं केजीएमयू के न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभागों की संयुक्त टीम ने इस जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया। वहीं सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. बी.के. ओझा, डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. हरदीप सिंह मल्होत्रा, डॉ. अनिल चंद्रा, डॉ. सोमिल जायसवाल, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. मनीष जायसवाल, डॉ. अंकुर बजाज, डॉ. अवधेश यादव और डॉ. हनुमान प्रजापति शामिल रहे।

# हज़रत उम्मेद अली वारसी का उर्स धूमधाम से मना

**लखनऊ।** हज़रत उम्मेद अली वारसी रहमतुल्लाह अलैह का 121वाँ यौने उर्स और जश्न ए वारिस ए पाक का एहतमाय 31 मार्च बरोज मंगल बमुताबिक हिजरी बजे तक शाम रजौली 11 शत्वाल 7:00 बजे से 11:00 में स्थित वारसी पैलस के नजदीक, वारसा रोड दरगाह पर मौजूद अती वारसी पर इस साल भी हज़रत शेख उम्मेद हर साल की तरह मनाया जाएगा जो मुल्क की गंगा-जमुनी तहजीब को एक नया चिराग देगा और वतन कि तरक्ती के लिए दुआ की जाएगी। इस मुबारक मौके पर ज़ायरीन और अकीदतमंदो की एक बड़ी तादाद शिरकत फरमाएगी। हज़रत वारसी वारिस ए पाक में से है। पाक के शेख उम्मेद अली के खास मुरीदों उनका विसाल वारिस ए साथ- साथ सरकार वारिस ए पार्क साथ चलेंगे कह कर हुडआ था जिसे ने सुना-सुना कुछ इस अंदाज़ में पहले ही तय फरमा दिया था।

# यूपी में स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम अब पूरी तरह से लागू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष गोयल ने कहा कि प्रदेश में अब तक 70 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम अब पूरी तरह से लागू (गो-लाइव) हो चुका है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सही और त्रुटिरहित बिलिंग उपलब्ध कराना है। गोयल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसमें मानवीय हस्तक्षेप न के बराबर होता है, जिससे बिलिंग में गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाती है।

उन्होंने कहा कि जो पोस्ट पेड़ मीटर स्मार्ट मीटर में कन्वर्ट किये जा रहे हैं, उसमें सिक्योरिटी की धनराशि को प्रीपेड में स्थानांतरित कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर

■ बोले आशीष गोयल- वर्तमान में 70 लाख मीटर कर रहे कार्य



उपभोक्ताओं को बैलेंस कम होने पर एसएमएस अलर्ट लगातार भेजे जा रहे हैं। जब बैलेंस 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य के करीब पहुंचता है, तब उपभोक्ताओं को तुरंत सूचना मिलती है। यदि किसी उपभोक्ता का बैलेंस निगेटिव हो जाता है, तो उसकी बिजली आपूर्ति स्वतः कट सकती है। ऐसे में जैसे उपभोक्ता अपना एकाउंट रिचार्ज करते हैं तो 2 घण्टे के अंदर कनेक्शन चालू हो जाता है।

एमडी पंकज कुमार ने कहा कि उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर को मोबाइल की तरह ही घर बैठे आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं। इसके लिए यूपीपीसीएल की वेबसाइट, स्मार्ट कंज्यूमर ऐप, सीएससी केंद्र, तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे भीम, फोन पे और गूगल पे का उपयोग किया जा सकता है।

जरूरत पड़ने पर 1912 हेल्पलाइन भी उपलब्ध है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को कई फायदे मिल रहे हैं, जैसे घंटे-घंटे की बिजली खपत की जानकारी, अधिक खपत वाले उपकरणों की पहचान और बिजली बिल पर नियंत्रण। साथ ही, प्रीपेड मीटर पर उपभोक्ताओं को 2 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है।

# मंदिर पर दबंगों ने किया कब्जा पूजा करने पर भी लगाई रोक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उन्नाव के बांगरमऊ में मनबढ़ लोगों ने एक मंदिर पर कब्जा कर लिया है। स्थानीय लोगों को वहां पूजा भी करने नहीं दे रहे। सोमवार को जनता दर्शन में वहां से आई ममता तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसकी शिकायत की। सीएम ने मामले को गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्नाव एसपी को निर्देश दिए कि तत्काल मामले में जांच करें और जिन्होंने कब्जा किया है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। जो नजीर बने।

जनता दर्शन में बदायूं से आए एक किसान ने बताया कि दबंगों ने उनकी फसल नष्ट कर दी। उन्होंने इसकी शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि एक पीड़ित किसान यहां तक दौड़कर आना पड़ा ये सही नहीं है। संबंधित जिले के अधिकारी मामले का

■ योगी तक पहुंचा मामला

संज्ञान कर कार्रवाई करें। इसी तरह बलरामपुर से आए एक शख्स ने बताया कि ग्राम प्रधान सड़क का निर्माण नहीं करवा रहे हैं, इससे आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। सीएम ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर ग्रामीणों से संवाद करें। खुद हालात देखें और सड़क निर्माण करवाएं।

जनता दर्शन में फर्रुखाबाद निवासी एक खिलाड़ी पहुंचे। उन्होंने सीएम को बताया कि वह निशानेबाज हैं। कई पदक भी जीत चुके हैं। उनका लाइसेंस नहीं हो रहा है। सीएम ने कहा कि खिलाड़ी हमारी धरोहर हैं। इनको प्राथमिकता दें। किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अफसरों से कहा कि इनका लाइसेंस कराएं।

# मौलाना अनीसुल हसन की याद में चेहलुम की मजलिस 'अनीस हयात नंबर' का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो

**मुंबई।** रविवार को मुंबई की ऐतिहासिक मुग़ल मस्जिद में मौलाना सैयद अनीसुल हसन के चेहलुम (40वें) के मौके पर एक भव्य मजलिस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'अनीसे हयात नंबर' नामक विशेष पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसे लखनऊ के 'किताबखाना इल्म व दानिश' द्वारा प्रकाशित किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत नमाज़े ज़ोहरैन के तुरंत बाद हुई। इस मौके पर कई प्रमुख धार्मिक विद्वान और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कुरआन की तिलावत जनाब मोजिज़ अब्बास ने की, जिससे माहौल आध्यात्मिक हो गया। मौलाना सैयद मुशाहिद आलम रिज़वी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मौलाना अनीसु हसन ने अपनी पूरी जिंदगी दीन और मिल्लत की सेवा में समर्पित कर दी। वे 'तंज़ीमुल



मकातिब' के समर्पित कार्यकर्ता थे और हमेशा इबादत व कुरान की तिलावत में लगे रहते थे।

इसके बाद जनाब अश्ज़ा ज़ैदी ने मौलाना की याद में शेर पेश किए। कार्यक्रम का संचालन मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी ने किया और सभी लेखकों व सहयोगियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस विशेष अंक के लिए योगदान दिया। भारत में रहबर-ए-इंक़लाब के प्रतिनिधि आक़ा अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अपने संबोधन में मौलाना की सेवाओं को याद किया और उनके पुत्र मौलाना सैयद नजीबुल हसन ज़ैदी को सांत्वना दी। उन्होंने जीवन और मृत्यु के दर्शन पर भी प्रकाश डाला।

मौलाना अनीसुल हसन ज़ैदी का निधन इसी वर्ष 20 फरवरी को हुआ था। उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक खोजा मस्जिद में इमामत की जिम्मेदारी निभाई और बाद में भी समाज व धर्म की सेवा करते रहे। वे फिकही (धार्मिक) मामलों के बड़े ज्ञाता थे और कई बड़े उलमा भी उनसे मार्गदर्शन लेते थे। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद सफी हैदर ज़ैदी ने कहा कि मौलाना अनीसुल हसन बहुत स्नेही और चिंतित रहने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने भाषण का समापन कर्बला के मसाइब के जिक्र से किया, जिससे माहौल ग़मगीन हो गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलमा, छात्र, और आम लोग शामिल हुए। अंत में मौलाना सैयद नजीबुल हसन ज़ैदी ने सभी उपस्थित लोगों का दिल से धन्यवाद किया।

# पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से बदले हुए समय पर खुलेंगे स्कूल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल से स्कूल बदले हुए समय पर खुलेंगे। स्कूलों के समय में यह बदलाव माध्यमिक के साथ बेसिक स्कूलों में भी होगा। एक अप्रैल से माध्यमिक स्कूल सुबह साढ़े सात से डेढ़ बजे तक चलेंगे। वहीं बेसिक स्कूलों का समय सुबह आठ बजे से दो बजे तक रहेगा। इसमें जिलाधिकारी अपने जिलों में समय का कुछ बदलाव कर सकेंगे।

वर्तमान में प्रदेश के स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन एक अप्रैल तक होना है। हालांकि कुछ विषयों में मूल्यांकन कार्य 30 और 31 मार्च को ही खत्म होने की संभावना है। स्कूलों में 31 मार्च को अवकाश होने की वजह से गृह परीक्षाओं के रिजल्ट कार्ड 30

■ 31 मार्च के अवकाश से खत्म हुआ सस्पेंस




मार्च को ही वितरित हो गए। 1 अप्रैल से 'स्कूल चलो अभियान' का आगाज होगा, जिसका लक्ष्य ड्रॉप-आउट दर को शून्य करना और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इसी के साथ ही सत्र 2026-27 के लिए नया कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसके तहत जुलाई के दूसरे सप्ताह में मासिक टेस्ट अनिवार्य कर दिए गए हैं। प्रदेश के माध्यमिक और बेसिक स्कूलों में 31 मार्च को महावीर जयंती के मौके पर अवकाश रहेगा। यह अवकाश इस सत्र की अवकाश तालिका में भी शामिल था।

# भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि अवसरों का है द्वार : अनिल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा, कौशल विकास तथा भाषा आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना है।

इस साझेदारी के अंतर्गत विश्वविद्यालय और विभाग मिलकर भाषा दक्षता को व्यावसायिक कौशल से जोड़ते हुए युवाओं की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करेंगे। कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की ओर से वित्त



■ भाषा विश्वविद्यालय एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के बीच एमओयू

अधिकारी संजीव गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार, डीन एकेडमिक्स प्रो. सौबान सईद तथा डॉ. सुमन कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहे। एमओयू के अंतर्गत उद्योगोन्मुख भाषा एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। साथ ही इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के अवसरों का विस्तार किया जाएगा तथा संयुक्त कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं करियर परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रोजगार प्रवृत्तियों एवं कार्यबल विकास से संबंधित शोध को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि यह पहल प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि अवसरों का द्वार है, और जब इसे व्यावहारिक कौशल के साथ जोड़ा जाता है, तो युवाओं की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। वहीं, कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि यह समझौता शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने की जनसुनवाई

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान उन्होंने नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सीवर व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल सुधार सहित अन्य स्थानीय समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री श्री शर्मा ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान अमौसी क्षेत्र से आए एक शिकायतकर्ता ने अवगत कराया कि उनके यहां प्रीपेड मीटर स्थापित होने के बावजूद पिछले चार वर्षों से नियमित रूप से विद्युत बिल का भुगतान किया जा रहा था।

# इस्लाम नहीं सिखाता खामोशी से जुल्म सहा जाए: मौ. जहांगीर आलम क़ासमी

## शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की याद में 'मजलिस-ए-अज़ा' का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लाम अमन पसंदी और भाईचारे का मज़हब है। लेकिन इस्लाम इस बात की जरा भी इजाजत नहीं देता कि आप किसी ज़ालिम के जुल्म को खामोशी से बर्दाश्त करते रहें। जालिम के जुल्म को मुंहतोड़ जवाब देना लाजमी है। यह बातें अंजुमन फलाह ए दारैन के अध्यक्ष मौलाना जहाँगीर आलम कासमी ने रविवार को कही। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई और स्कूल में शहीद हुई बच्चियों सहित अन्य शहीदों के ईसाले-सवाब के लिए लखनऊ के अमीनाबाद इलाके में एक भव्य मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन किया गया।

**लखनऊ।** ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई और स्कूल में शहीद हुई बच्चियों सहित अन्य शहीदों के ईसाले-







सवाब के लिए लखनऊ के अमीनाबाद इलाके में एक भव्य मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन किया गया। मजलिस को देश के ख्याति प्राप्त विद्वान और धर्मगुरु हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन आली जनाब मौलाना अली अब्बास खान ने संबोधित किया। मजलिस से पहले मौजूद लोगों को मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने अपने जोशीले अंदाज में नसीहतें दी। उन्होंने कहा कि रहबर ए मोअज्जम की शहादत हम सबके लिए एक पैगाम है। हमें मिलजुल कर आलम ए इस्लाम की हिफाजत करनी है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि सभी मुसलमानो को एक होकर जालिम अमेरिका और इसराइल के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। मौलाना क़ासमी ने कुरान और हदीस की रोशनी में अपनी बात को पेश किया। उन्होंने कुरान की मुख्तलिफ आयात और हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की हदीस को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सोचा था की मौलवी टाइप का आदमी हमारा क्या बिगाड़ पाएगा, लेकिन आज दुनिया देख रही है कि उस मौलवी ने ऐसे मजबूत मुल्क और उस मुल्क के ऐसे मजबूत शहरियों की तबीयत की है जो सुपर पावर अमेरिका और इजरायल से टक्कर ले रहा है।

उन्होंने कहा कि इस्लाम इस बात की बिल्कुल इजाजत नहीं देता की जालिम के जुल्म को खामोशी से सहा जाए। मौलाना जहांगीर ने कहा कि इस्लाम अमन का पैगाम देने वाला मजहब है हमें अमन और भाईचारे के साथ सबको साथ लेकर चलना है। लेकिन ज़ालिम के खात्मे के बगैर अमन को पैदा नहीं किया जा सकता।

उन्होंने सऊदी अरब सहित विभिन्न अरब देश की निंदा की। उन्होंने कहा की खाड़ी के जो भी मुल्क अमेरिका की मदद कर रहे हैं उनके ऊपर अल्लाह का ग़ज़ब और क़हर नाज़िल होगा। मौलाना ने हजरत मूसा और फिरौन की मिसाल देते हुए कहा कि जब-जब फिरौनियत अपना सर उठाएगी तब तब अुल्लाह इस दुनिया में किसी न किसी को मूसा बना कर भेज देगा।

ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वह नबूवत और इमामत के पैरोंकार थे। वह अपने पीछे लाखों लोगों को इस्लाम की सुरक्षा के लिए खड़ा करके गए हैं। उन्होंने कहा कि हम सब को शिया, सुन्नी, बरेलवी और देवबंदी जैसे इख़्तेलाफ़ात को भुलाकर एकता और भाईचारे के साथ ईरान की हिमायत के लिए खड़ा होना है। इसके बाद मजलिस को हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन आली जनाब मौलाना अली अब्बास खान ने खिताब किया। उन्होंने भी डर हजरा पर रोशनी डाली और कुरान और इस्लाम के असल पैगाम को बताया। उन्होंने कहा कि कर्बला हमें यह दर्स देती है कि इस्लाम और दिन की हिफाजत किस तरह करनी है। इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद रहे जिन्होंने शोहदा को खिराज ए अक़ीदत पेश की। कार्यक्रम का संचालन जनाब गुलरेज नकी ने किया

# संकल्प से सिद्धि
# उत्तर प्रदेश का नया अध्याय




पिछले 9 वर्षों में भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य, उत्तर प्रदेश ने एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। साल 2017 में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यभार संभाला था, तब राज्य के सामने कानून-व्यवस्था, कमजोर अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे की कमी जैसी बड़ी चुनौतियाँ थीं। आज 2026 में, उत्तर प्रदेश न केवल अपनी पुरानी 'बीमारू' छवि को पीछे छोड़ चुका है, बल्कि देश के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में उभर कर सामने आया है। "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" के मंत्र पर चलते हुए, योगी सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास के एक नए मॉडल को स्थापित किया है। एक्सप्रेसवे के जाल से लेकर अयोध्या के सांस्कृतिक पुनरुद्धार तक और $1 ट्रिलियन इकोनॉमी के संकल्प से लेकर 'जीरो टॉलरेंस' वाली कानून-व्यवस्था तक, यूपी ने हर क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।

**एमएसएमई हब**
96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों के साथ देश में प्रथम स्थान

**टॉप अचीवर स्टेट**
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग में उल्लेखनीय उपलब्धि

**प्रति व्यक्ति आय**
वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹1,20,000 (अनुमानित)

**जीएसडीपी**
वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹36 लाख करोड़ (अनुमानित)

**निर्यात**
वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग ₹1.86 लाख करोड़ तक पहुँचा

**पर्यटन**
वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटकों की संख्या 156 करोड़+

## नवनिर्माण के 9 वर्ष

### एक्सप्रेसवे प्रदेश की पहचान



उत्तर प्रदेश अब भारत का अग्रणी एक्सप्रेसवे राज्य बन गया है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे विशाल प्रोजेक्ट्स के साथ, राज्य के पास देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क है। इससे कनेक्टिविटी के साथ-साथ औद्योगिक गलियारों का भी विस्तार हुआ है।

### $1 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के माध्यम से लाखों करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर राज्य अब $1 ट्रिलियन (एक लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

### कानून-व्यवस्था




अपराध और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति सरकार की सबसे बड़ी पहचान रही है। संगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए 7 शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई और अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई कर प्रदेश में निवेश के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया गया।

### वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट



स्थानीय कारीगरों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई ओडीओपी योजना ने यूपी के पारंपरिक उत्पादों (जैसे मुरादाबाद का पीतल, कन्नौज का इत्र) को वैश्विक पहचान दिलाई। इससे राज्य के निर्यात में भारी वृद्धि हुई है।

### गरीब कल्याण और अंत्योदय

सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से वर्ष 2024-25 में ₹ 56,160 करोड़ से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 62 लाख से अधिक घरों का निर्माण।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2.43 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल (नल कनेक्शन) उपलब्ध कराया गया।

जनपद मुख्यालयों में 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों में 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति

### सांस्कृतिक पर्यटन



श्री राम मंदिर, अयोध्या के उद्घाटन और काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी के भव्य निर्माण की ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ ही महाकुम्भ 2025, प्रयागराज में 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड आगमन ने उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बना दिया।

### एक जनपद, एक मेडिकल कॉलेज



स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए सरकार ने 'एक जनपद, एक मेडिकल कॉलेज' का लक्ष्य रखा। राज्य में अब 83 से अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

### महिला सशक्तिकरण



महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए 'मिशन शक्ति' अभियान चलाया गया। हर ग्राम पंचायत में 'बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी' जैसी योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया गया। राज्य में महिला कार्यबल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें राज्य के श्रम बल में महिलाओं की लगभग 35% भागीदारी शामिल है। इसके साथ ही, महिलाओं के लिए समर्पित महिला पीएसी बटालियन और "पिंक बूथ" की स्थापना भी की गई है, जो महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को और मजबूत बनाती है।

### नागरिक उड्डयन में क्रांति



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के उद्घाटन के बाद, उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का एकमात्र राज्य बना। 9 साल पहले जहां केवल 2 एयरपोर्ट थे, आज 16 से अधिक एयरपोर्ट संचलित एवं 8 एयरपोर्ट प्रक्रियाधीन है।

**काम दमदार - डबल इंजन सरकार**

ADVERTORIAL